आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज * राष्ट्रीय विज्ञान दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 44 | उज्जैन, शनिवार 28 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई, फैसला सुरक्षित

### कोर्ट ने कहा- फैसला आने तक गिरफ्तारी नहीं होगी, शंकराचार्य जांच में सहयोग करें, सरकारी वकील ने कहा- वो बहुत पावरफुल, केस प्रभावित करेंगे

एजेंसी ▸▸ वाराणसी/प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न केस में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

कोर्ट ने 2 बड़ी बातें कही- फैसला आने तक गिरफ्तारी नहीं होगी। शंकराचार्य जांच में सहयोग करें। अदालत में शंकराचार्य का पक्ष वकील पीएन मिश्रा ने रखा, जबकि राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल पेश हुए। शिकायतकर्ता आशुतोष महाराज की वकील रीना सिंह ने भी दलीलें रखीं। अब मार्च के तीसरे हफ्ते में केस की सुनवाई होगी।

हाईकोर्ट के फैसले पर शंकराचार्य ने कहा, हिंदू समुदाय बहुत आहत था कि ये क्या हो रहा है? लोगों में तरह-तरह की आशंकाएं थीं। लोगों को लगने लगा था कि हमारे गुरुजी ने कुछ गड़बड़ी किया है। आज कम से कम प्रथम दृष्टया ही सही, लेकिन सबको पता तो चल गया कि मामला झूठा है। सुनवाई होती है और न्याय भी होता है। शंकराचार्य ने बटुकों के यौन उत्पीड़न मामले में 24 फरवरी को अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी। गिरफ्तारी पर रोक लगने से शंकराचार्य के मठ में जश्न का माहौल है। दरअसल, तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने 173 (4) के तहत जिला कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जज (रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट) विनोद कुमार चौरसिया के आदेश के बाद झूंसी थाने की पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बटुकों से कुकर्म की एफआईआर दर्ज की थी।



सुनवाई से पहले शंकराचार्य ने काशी में कहा- सच को सामने लाने के लिए नार्को टेस्ट सहित जो भी हो, वो होना चाहिए। झूठ की उम्र लंबी नहीं होती। सभी प्रमाण पेश किए जाएंगे। फैसला पक्ष में न आने पर उच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) का रुख करेंगे। इससे पहले, शंकराचार्य के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अजीत कुमार सरोज को पुलिस ने करीब 20 घंटे बाद पकड़ा। आरोपी लॉ का छात्र है। वाराणसी कचहरी में ही प्रैक्टिस करता है। आरोपी ने पूछताछ में बताया- पड़ोसी को फंसाने के लिए यह मैसेज भेजा था। बता दें कि श्रीनाथ त्रिपाठी को बुधवार देर रात जान से मारने की धमकी मिली थी। उनके मोबाइल पर आए मैसेज में लिखा था- वाराणसी की कचहरी को बम से उड़ा देंगे, तुम्हें भी।

**झूठ की उम्र लंबी नहीं होती**

### जानिए पूरा मामला

- प्रयागराज माघ मेले में 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य और प्रशासन के बीच विवाद हुआ था। इसके 8 दिन बाद 24 जनवरी को जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इसमें माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों से यौन शोषण के आरोप लगाए थे।
- पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए 8 फरवरी को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। 13 फरवरी को 2 बच्चों को कोर्ट में पेश किया। 21 फरवरी को उनके बयान दर्ज हुए। कोर्ट के आदेश पर उसी दिन झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज की गई।
- एफआईआर में शंकराचार्य, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात आरोपी बनाए गए। 24 फरवरी को शंकराचार्य ने प्रयागराज एडिशनल कमिश्नर अजय पाल शर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की।
- 26 फरवरी को शंकराचार्य के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। इधर, एक पीड़ित बटुक पहली बार मीडिया के सामने आया। 'आज तक' को दिए इंटरव्यू में दावा किया- मैं अध्ययन के लिए गया था, तभी मेरा शोषण किया गया।

दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में बरी होने के बाद पूर्व सीएम अरविंद ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## मोदी, शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा

### कोर्ट ने सीबीआई को भी कड़ी फटकार लगाई, केजरीवाल को बिना ठोस सबूत के फंसाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में बरी होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पूर्व सीएम ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे आप को हरा नहीं पाए तो खत्म करने में जुट गए।

केजरीवाल ने कहा- आज मेरे दिल से बड़ा बोझ उतर गया है। मोदी-शाह ने हमारे खिलाफ इतने केस बनाए। हमारे पीछे ईडी, सीबीआई, पुलिस छोड़ी। एक समय आप के टॉप 5 नेता जेलमें थे, लेकिन आप कुछ नहीं बिगाड़ सके। अब तो केवल कत्ल कराकर ही केजरीवाल को कंट्रोल कर सकते हैं।

पूर्व सीएम ने कहा- भाजपा ने पिछले 4 साल शराब घोटाला शब्द का खूब इस्तेमाल किया। आज के समय में जब सारी संस्थाओं, अथॉरिटीज को धमकाया जा रहा है तब कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। इतना बड़ा न्याय करने के लिए जज साहब ने वाकई बहुत हिम्मत दिखाई है। ज्यूडिशियरी और जज का बहुत धन्यवाद।

### केजरीवाल-सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपी बरी



दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में शुक्रवार सुबह केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने सीबीआई को भी कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी की चार्जशीट में कई ऐसी खामियां हैं जिनका किसी गवाह या बयान से कोई लेना-देना नहीं है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने कहा कि केजरीवाल को बिना किसी ठोस सबूत के फंसाया गया है। कोर्ट ने सिसोदिया और अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त करते हुए कहा कि सीबीआई आरोप साबित करने में विफल रही है। हजारों पन्नों की चार्जशीट में ऐसी चीजें हैं जो किसी भी गवाह के बयान का समर्थन नहीं करती। जज ने कहा कि चार्जशीट में भ्रामक बयान हैं।

### केजरीवाल ने कहा- मुझे झूठे केस में फंसाया

केजरीवाल ने कहा- आप जान रहे हैं कि बीते 4 साल से ईडी, सीबीआई और अन्य संस्थाओं की मदद से हमारे ऊपर शराब घोटाला का केस चला। आज कोर्ट को फैसला लेना था कि मुकदमा चलाया जाए कि नहीं। क्या पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने लगभग 600 पेज के आदेश में कहा कि इतने भी सबूत, बयान नहीं है कि इस केस में मुकदमा चलाया जा सके। अगर केस चलता तो सबूत रखे जाते लेकिन कोर्ट ने कहा कि इतना फर्जी, बेकार केस है कि इसमें एक भी सबूत और गवाह नहीं है। ये पूरा षड्यंत्र किसने रचा आपको पता है। ये नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने रचा।

- **केजरीवाल बोले- ट्रम्प के सामने मोदी जी भीगी बिल्ली बन गए हैं-** केजरीवाल ने कहा- आज देश का व्यापारी, उद्योगपति, किसान, युवा दुखी है। ट्रम्प रोज मोदी जी को गाली देते हैं। पीएम मोदी उनसे कुछ नहीं कह सकते हैं। मोदी जी भीगी बिल्ली बन गए हैं। केजरीवाल ने कहा- जब कोई सबूत नहीं है तो ऊपर की कोर्ट में भी सीबीआई कहां से सबूत लाएगी। कोर्ट ने हमें डिस्चार्ज किया, क्योंकि कोई केस बनता ही नहीं है। ईडी का मामला भी खत्म हो गया है। हम अगले हफ्ते एप्लीकेशन डालेंगे। केजरीवाल ने कांग्रेस की भी आलोचना की। उन्होंने कहा- कांग्रेसियों को शर्म नहीं आती, उनका कोई भी जेल में नहीं गया।
- **केजरीवाल बोले- चुनाव कराओ, बीजेपी को 10 से ज्यादा सीटें नहीं आएंगी-** केजरीवाल ने कहा- आप सरकार ने दिल्ली में 500 स्कूल बनाए, 200 सड़के बनाईं। आप (भाजपा) 5 हजार स्कूल बनाओ, 2 हजार सड़कें बनाओ। इसके बाद आप को कोई नहीं पूछेगा। यमुना का बुरा हाल है, स्कूलों की हालत खराब हैं, सड़के खराब हैं, मोहल्ला क्लिनिक खराब हैं। पूर्व सीएम ने कहा- इस षडयंत्र के कारण मेरे परिवार को बहुत परेशानी हुई। मेरी मां अस्पताल गईं, वो बहुत रोईं। सिसोदिया की पत्नी को गंभीर बीमारी है। मोदी और शाह के षड्यंत्र के कारण दिल्ली के 3 करोड़ लोग खामियाजा भुगत रहे हैं। मेरा चैलेंज है दिल्ली में आज चुनाव करा दो अगर 10 से ज्यादा तुम्हारी सीटें आ जाएं तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। केजरीवाल ने कहा- मैंने जिंदगी में इज्जत और ईमानदारी कमाई है। एक पैसा नहीं कमाया, ये लोग उसी पर चोट करना चाहते थे। इसलिए षड्यंत्र रचा। कोर्ट में आज साफ हुआ केजरीवाल, सिसोदिया, संजय सिंह और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदारी है।

भगोरिया राजकीय पर्व : मोहन यादव

## नर्मदा जल से संबंधित 28 गांवों का सर्वे कराने की घोषणा



### 18 किमी लंबी नई सड़कों की सौगात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उदयगढ़
नारायण माहेश्वरी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगोरिया पर्व की प्रदेशवासियों, खासकर जनजातीय समाज को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने भगोरिया उत्सव को राजकीय पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह फैसला जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और सम्मान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली से पहले आने वाला भगोरिया उत्सव अपने आप में खास महत्व रखता है। यह पर्व प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और जनजातीय परंपराओं की जीवंत पहचान है। इस वर्ष प्रदेश भर में भगोरिया उत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

### किसानों के लिए घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आलीराजपुर को मां नर्मदा और हथनी नदी का आशीर्वाद प्राप्त है। किसान कल्याण वर्ष के तहत सरकार जिले के हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों और जनजातीय भाई-बहनों के जीवन में सुख-समृद्धि लाने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से काम कर रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने नर्मदा जल से संबंधित 28 गांवों का सर्वे कराने की घोषणा की। इसके साथ ही उदयगढ़ क्षेत्र को 18 किलोमीटर लंबी नई सड़कों की सौगात भी दी गई, जिससे क्षेत्र में आवागमन और विकास को गति मिलेगी।

सीएम मोहन यादव का स्पष्ट निर्देश

## 10 से 6 ऑफिस में रहना होगा, मनमानी नहीं चलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकारी दफ्तरों में समय से न आने वाले अफसर-कर्मचारियों को लेकर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं। राजधानी भोपाल में वल्लभ भवन, सतपुड़ा भवन और विंध्याचल भवन में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने सुबह 10 बजे से सभी प्रमुख विभागों की कार्यालय में जाकर उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। इन तीनों कार्यालयों में कौन-सा अधिकारी-कर्मचारी कब पहुंचा और कब वापस गया। इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसमें सीएम के निर्देश पर कर्मचारियों की आवाजाही पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष निगरानी रखी जा रही है। बता दें कि, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मॉनिटर की जाएगी।

कनाडाई पीएम 4 दिन के दौरे पर भारत पहुंचे

## निवेश-ट्रेड डील पर फोकस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी आज 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नई साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है।

प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी। कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। पहले कनाडा ने आरोप लगाया था कि भारत उसकी जमीन पर हस्तक्षेप कर रहा है और सीमापार दबाव जैसी गतिविधियों में शामिल है।

## एआई के कारण एंट्री लेवल जॉब खतरे में

### 30-50 की उम्र वालों को नए मौके मिलेंगे, अमीर देशों को सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अब सिर्फ तकनीक नहीं, यह दुनिया के कारोबार, नौकरियों और समाज को बुनियादी रूप से बदल रहा है। बीसीजी-मोलोको की रिपोर्ट बताती है कि न्यूज, ट्रेवल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए एआई सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि चैटजीपीटी जैसे टूल्स अब सीधे ग्राहक और ब्रांड के बीच आ गए हैं।

ये टूल जो कंपनियां अपना डेटा और ग्राहक संबंध मजबूत नहीं करेंगी, वे पिछड़ जाएंगी। मूडीज की रिपोर्ट कहती है




कि एआई से दुनिया की उत्पादकता यानी काम करने की क्षमता सालाना औसतन 1.5% बढ़ेगी।

**अमीर देश ज्यादा फायदे में रहेंगे-** हालांकि, इसमें चेतावनी भी है कि यह फायदा सबको बराबर नहीं मिलेगा। अमीर देश ज्यादा फायदे में रहेंगे। एआई की वजह से महिलाएं, युवा और कम पढ़े-लिखे लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। अमीर देशों में एआई से 30% जॉब बेहतर होंगी। 30% की जगह एआई ले लेगा। 40% पर अभी कम खतरा है। वहीं, विकासशील देशों में 16% जॉब बेहतर होंगी। 24% रिप्लेस होंगी। 60% पर कम खतरा। हर साल 5% से ज्यादा ऑटोमेशन न हो, वरना सालाना 10-20% जॉब जाएंगी, बेरोजगारी बढ़ेगी, सरकार पर बोझ बढ़ेगा, अशांति होगी।

## देश विदेश

### पाकिस्तान और अफगानिस्तान में जंग के हालात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है। वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। संघर्ष की शुरूआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने गजब लिल हक नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर पटना हाईकोर्ट को मिलेंगे 9 नए जज

**नई दिल्ली।** पटना हाईकोर्ट को जल्द ही 9 नए जज मिलने वाले हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पटना हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए 9 अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की है। इसको लेकर गुरुवार को कॉलेजियम की बैठक हुई थी, जिसमें अधिवक्ताओं को न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में मो। नदीम सेराज, रंजन कुमार झा, कुमार मनीष, संजीव कुमार, गिरिजीश कुमार, आलोक कुमार, राज कुमार, राणा विक्रम सिंह, विकाश कुमार के नामों पर मंथन हुआ। अब इन नामों को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। मौजूदा समय में पटना हाईकोर्ट 38 न्यायाधीशों की कार्यरत संख्या के साथ काम कर रहा है। इस वर्ष तीन न्यायाधीश, जिनमें मुख्य न्यायाधीश एसके साहू भी शामिल हैं जो सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

### एक्टर विजय की पत्नी ने तलाक याचिका दायर की



**पति पर एक्ट्रेस से अफेयर का आरोप शादी के 27 साल हुए, दो बच्चे भी**

**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार और तमिलगा वेट्री कजगम प्रमुख विजय की पत्नी संगीता ने 24 फरवरी 2026 को चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए याचिका दाखिल की है। याचिका में विजय पर एक एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर केस फैमिली वेलफेयर कमिटी को भेज दिया। दंपति पिछले दो साल से अलग रह रहे थे। दोनों की शादी 1999 में हुई थी। शादी को 27 साल हो चुके हैं। कोर्ट में इस मामले पर अगली सुनवाई 20 अप्रैल को करेगा। विजय की टीम और संगीता ने मामले पर अबतक कोई बयान नहीं दिया है। विजय और संगीता की शादी को करीब 27 साल हो चुके हैं। 25 अगस्त 1999 को कपल शादी के बंधन में बंधे थे। जल्द ही दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया और दोनों ने शादी का फैसला कर लिया। दोनों ने उस दौर में हिंदू और ईसाई दोनों धर्मों से शादी की थी। 2000 में कपल ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया जिसका नाम जेसन संजय है, वहीं 2005 में उनके घर बेटी का जन्म हुआ। 27 सितंबर तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी टीवीके की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया गया है कि 9 साल की एक बच्ची गुम हो गई थी। विजय ने मंच से उसे तलाशने की अपील पुलिस और अपने लोगों से की, जिसके बाद वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए। इसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी।

### भीषण भूकंप के झटके से थर्राया कोलकाता, तीव्रता 5.5 रही

**कोलकाता।** कोलकाता में भीषण भूकंप आया, शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे पूरे शहर में झटके महसूस किए गए। भूकंपीय आंकड़ों ने भूकंप की पुष्टि की है, स्वतंत्र एजेंसी ईएमएससी के अनुसार प्रारंभिक रिपोर्ट में इसकी तीव्रता 5.5 बताई गई। ईएमएससी की जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के खुलना से 26 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। भूकंप का झटका भारतीय मानक समय के अनुसार दोपहर 1.22 बजे आया। भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट होने के कारण कोलकाता और आसपास के इलाकों में भी झटके महसूस किए गए, हालांकि नुकसान या हताहतों की जानकारी अभी तक नहीं मिली है।

### देशहित के लिए तीन बच्चे जरूरी पैरेंट्स बच्चों को समय दें : भागवत

**जालंधर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत इन दिनों पंजाब दौरे पर हैं। तीन दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। देश की बदलती जनसंख्या संरचना पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि कई अध्ययनों में यह सामने आया है कि संतुलित डेमोग्राफी के लिए परिवार में तीन बच्चों का होना बेहतर माना गया है। उन्होंने चिंता जताई कि कुछ समुदायों में जन्मदर घट रही है, जबकि अन्य में वृद्धि हो रही है, जो दीर्घकालिक दृष्टि से संतुलन का प्रश्न खड़ा कर सकती है। पंजाब में बढ़ती नशे की समस्या पर संघ प्रमुख ने गहरी चिंता व्यक्त की।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## धीरे-धीरे ही सही तनाव बढेगा...




महाआयोजन की तैयारी को लेकर काउंटडाउन हो चुका है। उल्टी गिनती की शुरूआत हो चुकी है। अब धरातल के कार्यों को लेकर धीरे-धीरे ही सही तनाव बढने की स्थिति बनने लगेगी। उसकी प्रारंभिक स्थिति की शुरूआत हो चुकी है। यह स्थिति बहुत कुछ बयान कर रही है। यहां तक की इससे काफी मुद्दों की कलाई खुलने जैसी स्थिति भी सामने आ रही है। निर्माण कार्यों को लेकर धीमी गति और प्रगति को लेकर कई बार स्वतंत्र चौथा स्तंभ ने सवाल उठाए लेकिन हर बार मात्र उसे गलत ठहराने के लिए ही कार्यों के समयानुकुल प्रगति के दावे ही नहीं किए गए कागजी घोडे भी दौडा दिए गए। हुबहु 1992 की तर्ज पर। या यूं कहें कि 1992 बनाम 2028 है। सिर्फ निर्माण कार्य ही पूरे नहीं करने हैं उन्हें व्यवस्थित भी करना है। पूल बना देने से काम पूरा नहीं होगा उसकी एप्रोच रोड भी व्यवस्थित देना होगी। इसके साथ ही इन तैयारियों से परे भी बहुत कुछ किया जाना है। इन निर्माण कार्यों की टेस्टिंग रिपोर्ट भी ली जाना होगी। मान कर चले अभी आप शुरूआती दौर से कुछ ही आगे बढे हैं। निर्माण स्थलों पर सिरे बोर्ड लगाते तो आधा काम तो जनसामान्य ही पूरा कर देते हैं। आए दिन सवाल होता है अभी इतना ही काम हुआ 'अभी तो इतना ही हुआ' जनता का दबाव सीधा बनता है। इसके अलावा भी बहुतेरे तरीके हैं जैसे 2016 के बडे साहब ने स्टेंडिंग का तरीका ईजाद किया था । ऐसे ही कुछ नया ढुंढने से ही काम होगा। मालवा की टेपा भाषा में खुसूर-फुसूर है कि अबे फैलावडो कम करो ने समेटवा बदले भिडी जाओ... यानिकी अब सिरे से जारी कामों को त्वरित गति से पूर्ण करवाना ही मुख्य लक्ष्य रखा जाए। निर्माण कार्यों में अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग ज्यादा लिया जाए। आने वाले दिनों में गेहुं कटाई का दौर चलने वाला है मजदूरों की कमी आने वाली है। अधिकांश निर्माण कार्यों में आदिवासी मजदूरों का उपयोग हो रहा है ऐसे में वे भी जाने वाले हैं। त्यौहारों का दौर भी कामों को प्रभावित करेगा। गर्मी के दौर में काम वैसे ही धीमी गति से चलते हैं। बरसात सामने आ जाएगी। जिम्मदारों पर ज्यादा दबाव दिया तो बीमार हो जाएंगे। नियमों के अंतर्गत अवकाश ग्रहण कर लेंगे। नो वर्क हाफ पे पर आ जाएंगे। नो वर्क नो पे पर आ जाएंगे। बहुतेरे हथकंडे और अधिकार हैं उनके पास।

## ट्रैंडिंग




## आज आयुर्वेद चिकित्सालय में 'स्वर्णप्राशन कार्यक्रम'

**उज्जैन।** शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत 28 फरवरी-शनिवार को जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

बाल रोग चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गीता जाटव ने बताया कि शिशु के बुद्धि व बलवर्धन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये एवं बार-बार होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए आयुर्वेद के ग्रन्थों में बच्चो के स्वास्थ्य संवर्धन के लिये स्वर्णप्राशन का अत्यधिक महत्व बताया गया है।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी।

दो वर्ष पूर्व होली पर ही हुआ था हादसा,गर्भगृह में रंग उडाने के दौरान लगी थी आग, पंडे,पुजारी,सेवक सहित 13 से अधिक लोग झुलसे थे,बाद में एक सेवक की मौत हुई थी

# इस बार भी श्री महाकालेश्वर मंदिर में रंग-गुलाल पर प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दो साल बाद भी श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में होली पर हुए अग्निकांड का डर बरकरार है। मंदिर प्रबंध समिति ने इस वर्ष भी मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में होलिका पर्व पर रंग-गुलाल पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। भगवान श्री महाकालेश्वर की त्रिकाल आरती के दौरान प्रत्येक आरती में 01-01 किलोग्राम हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया जाएगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में इस वर्ष भी होली पर्व पर रंग गुलाल पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। होलिका पर्व (02 एवं 03 मार्च 2026) के उपलक्ष्य में मंदिर की परंपराओं के सम्यक निर्वहन हेतु मंदिर प्रशासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। भगवान श्री महाकालेश्वर की त्रिकाल आरती के दौरान प्रत्येक आरती में 01-01 किलोग्राम हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया जाएगा। यह हर्बल गुलाल मंदिर की कोठार शाखा द्वारा भस्म आरती पुजारी, शयन आरती पुजारी एवं शासकीय पुजारी को उपलब्ध कराया जाएगा। होलिका पर्व मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक की गरिमा के अनुरूप हर्षोल्लास, आनंद एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। आदेशों का अक्षरशः पालन अनिवार्य होगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी संबंधित की होगी।



### दो वर्ष पूर्व हुआ था हादसा

श्री महाकालेश्वर मंदिर में 25 मार्च 2024 को होली पर्व पर भस्मार्ती के बाद रंग-गुलाल खेलने के दौरान गर्भ गृह में आग लग गई थी। इसमें पंडित,पुरोहित एवं सेवकों सहित 13 लोग झुलस गए थे। बाद में सेवक श्री सोनी की मुंबई में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

### कुछ ऐसा रहेगा प्रतिबंध

मंदिर प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि गर्भगृह, नंदी मंडपम्, गणेश मंडपम्, कार्तिकेय मंडपम् सहित संपूर्ण मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल ले जाना, रंग उड़ाना, आपस में रंग लगाना अथवा किसी विशेष उपकरण से रंग उड़ाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर प्रबंध समिति की और से इसे लेकर अधिकृत रूप से निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें बताया गया है कि मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में कार्यरत पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाई कर्मचारी, सेवक, परिसर स्थित अन्य छोटे-बड़े मंदिरों के पुजारी एवं समस्त आउटसोर्स कर्मचारी किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे तथा आपस में रंग लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। समस्त श्रद्धालु मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे एवं आपस में रंग नहीं लगा सकेंगे। जांच उपरांत ही श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा। सभी प्रवेश द्वारों पर तैनात निरीक्षक एवं सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सौजन्यपूर्ण व्यवहार रखते हुए सतत जांच सुनिश्चित करेंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति रंग-गुलाल लेकर प्रवेश न कर सके। मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में कार्यरत सभी संबंधित कर्मचारी एवं सेवक अपने साथ लाए गए सामान की स्वयं जांच कराकर ही प्रवेश करेंगे। मंदिर कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से समस्त द्वारों एवं संपूर्ण परिसर की सतत निगरानी रखेंगे, जिससे किसी भी प्रकार के रंग-गुलाल अथवा विशेष उपकरण के प्रवेश एवं उपयोग को रोका जा सके।

### कलेक्टर ने देखी निर्माण की प्रगति

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने समिति द्वारा संचालित निःशुल्क अन्नक्षैत्र, श्री महाकाल मंदिर, श्री महाकाल महालोक के आंतरिक बाहरी परिसर का निरीक्षण किया एवं मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशासन का आगामी मुख्य लक्ष्य ग्रीष्म कालीन अवकाश एवं सावन मास को सफलतापूर्वक संपन्न कराना है, क्योंकि इस पवित्र माह में देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन हेतु उज्जैन पहुँचते हैं। इसी के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही और बेहतर सुविधाओं के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने हरसिद्धि मंदिर से बड़ा गणेश मार्ग और महाराजवाड़ा होटल के सामने चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन मार्गों का काम प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए ताकि भक्तों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाने के लिए शेड्स की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति और स्वच्छ शौचालयों जैसी बुनियादी सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान

प्रबंध समिति प्रशासक प्रथम कौशिक, स्मार्ट सिटी सी ई ओ संदीप शिवा, अधिकारी एवं संबंधी निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार उपस्थित रहे।

अतिक्रमण की वजह ना सफाई हो पा रही थी ना कचरा उठ रहा था, अतिक्रमण हटने के बाद गली का असली स्वरूप सामने आया

# ढाबा रोड स्थित अंडा गली को नगर निगम ने अतिक्रमण से करवाया मुक्त





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। ढाबा रोड स्थित अंडा गली में पसरे अतिक्रमण की वजह से लोग बड़ी मुश्किल से निकल पाते थे अतिक्रमण की वजह से गली की ठीक से सफाई भी नहीं हो पा रही थी तथा कचरा भी नहीं उठ पा रहा था। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने पहुंचकर अंडा गली में पसरे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। अतिक्रमण हटने के बाद अंडा गली का असली स्वरूप देखने को मिला। वही इस गली से रोज आने-जाने वाले लोगों को भी राहत मिली है।

### दुकान के बाहर सामान पड़ा दिखाई दिया तो होगी कार्रवाई

गली से अतिक्रमण हटाने के बाद दुकानदारों को समझाइए दी गई कि वह अपना सामान दुकान के अंदर ही रखें अगर आगे से समान दुकान के बाहर पाया गया तो सामान जप्त कर जुमार्ने की कार्रवाई भी की जाएगी।

ढाबा रोड स्थित अंडा गली में अधिकतर खाने पीने की दुकानें हैं तथा अंडा गली काफी संकरी है। लेकिन उसके बावजूद भी यहां के दुकानदारों ने अपनी दुकान के बाहर सामान रखकर गली को और संकरी कर रखा था इस कारण गली में लोगों को आने-जाने के लिए जगह भी पर्याप्त नहीं थी। ऐसे में इस गली में दो पहिया वाहन चालक भी बड़ी मुश्किल से निकल पा रहे थे और काफी वर्षों से यह अंडा गली अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई थी। लेकिन शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर काफी समय से हो रहे अतिक्रमण को हटाकर इस गली को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# दिव्यांग बच्चों नें 'तरंग 2026' के माध्यम से दिया समावेशन का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश विकलांग सहायता समिति द्वारा संचालित मनोविकास विशेष विद्यालय का 27वां वार्षिक उत्सव तरंग 2026 का भव्य आयोजन जवाहर नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन महाधर्मप्रांत के आर्च बिशप डॉ. सेबेस्टियन वडक्केल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक सतीश कुमार सोलंकी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया जोनल कार्यालय उज्जैन के उप आंचलिक महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार कमल एवं सहायक महाप्रबंधक श्री अरविंद कुजूर उपस्थित थे।

अपने स्वागत भाषण में मध्य प्रदेश विकलांग सहायता समिति के संचालक फादर जीजो जॉर्ज ने बताया कि तरंग -2026 केवल वार्षिक उत्सव ही नहीं बल्कि दिव्याङ्ग बच्चों के साहस और मुस्कान का भी उत्सव है। जैसे समुद्र में लहर उमड़ती है, वैसे ही सभी लोगों के हृदय में विशेष बच्चों के प्रति प्रेम और स्नेह की तरंगे भी प्रत्येक व्यक्ति के दिल में उमड़नी चाहिए। यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सतीश कुमार सोलंकी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षित प्रशिक्षित एवं पुनर्वासित करना चुनौती पूर्ण कार्य है। इस पुनीत कार्य को अपनाना और अपना कर सफल होना बहुत बड़ी बात है। यही कार्य मनोविकास विशेष विद्यालय में पूरा किया गया। अपने उद्बोधन में आर्चबिशप सेबेस्टियन वडक्केल ने मनोविकास द्वारा दिव्यांग बच्चों को सफल बनाने की दिशा में किए गए कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर विशेष बच्चों महाविद्यालय के छात्रों ने भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। साथ साथ उनके पालकों एवं मनोविकास विशेष हृदय स्पर्शी प्रस्तुतियां करते हुए समावेशन कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री गोविंद छापरवाल एवं श्रीमती मंजूषा डे राफेल ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक गण एवं अन्य आमंत्रित गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार मनोविकास विशेष विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर मेरीन ने माना।

# दर्शन उपरांत दी जाने वाली चिरोंजी प्रसाद भी देना हुई बंद

मंदिर में श्रद्धालु हित की व्यवस्था कब बंद हो गई किसी को जानकारी नहीं, श्रद्धालु हितों की बात करने वाले किसी ने भी डेढ साल में भी आवाज नहीं उठाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के हितों में जारी व्यवस्था कब बंद हो रही है इसकी जानकारी किसी को नहीं लगती है। धीरे से व्यवस्था को बंद कर दिया जाता है और उसके बाद उस पर कोई ध्यान देना वाला भी नहीं रहता है। दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं को निर्गम के समय दी जाने वाली चिरोंजी प्रसाद देना बंद कर दिया गया। आम श्रद्धालु हितों की बात करने वाले किसी ने भी इसे लेकर महीनों बाद भी आवाज उठाना वाजिब नहीं समझा है। प्रशासक प्रथम कौशिक का कहना है कि जल्द ही इस पर विचार कर क्रियान्वयन किया जाएगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने कुछ वर्ष पूर्व भगवान के दर्शन कर निकलने वाले श्रद्धालुओं के लिए निर्गम रेंप पर इसकी व्यवस्था जुटाई थी। इसके पास ही एक्रेलिक दान पात्र भी रखे गए थे एवं दिवार पर भगवान की बडी तस्वीर भी लगाई गई थी। निर्गम के समय श्रद्धालुओं को यहां पर तिलक करने के साथ ही चिरोंजी के दाने दिए जाते थे और मुंह मीठा करवाया जाता था। खास बात यह थी की यह चिरोंजी भी मंदिर प्रबंध समिति को दान में मिल रही थी।

### प्रस्ताव के साथ लागू किया था

करीब 5 वर्ष पूर्व मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की इस व्यवस्था को लेकर तत्कालीन अध्यक्ष शशांक मिश्रा के समय शुरूआत हुई थी। इसके लिए बकायदा मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में निर्णय लिया गया। इसके बाद इसे निर्गम रेंप के वहां शुरू किया गया। कुछ समय बाद श्रद्धालुओं के तिलक की व्यवस्था ओंकारेश्वर महादेव के सामने स्थित बड के पेड के नीचे की गई और यहां से भी श्रद्धालुओं को प्रसाद दिया जाने लगा था।

### अब सिरे से ही बंद

मंदिर प्रबंध समिति की और से चल रही यह व्यवस्था कब बंद हो गई किसी की जानकारी में नहीं है। व्यवस्थाओं के परिवर्तन एवं निर्माण कार्यों के दौरान ही इसे धीरे से बंद कर दिया और आम श्रद्धालुओं को मिलने वाली चिरोंजी भी बंद हो गई। यह कब बंद हुई इसे लेकर किसी को भी जानकारी नहीं है। मंदिर समिति से जुडे अधिकांश इसे लेकर अंजान ही हैं।

### जानकारी लेकर क्रियान्वयन करेंगे

मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक के संज्ञान में इसकी जानकारी आने पर वे कहते हैं कि चिरौंजी प्रसादी की इस व्यवस्था की जानकारी लेकर इस पर जल्द ही क्रियान्वयन किया जाएगा। बकौल श्री कौशिक मंदिर में भगवान के दर्शन कर निकलने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी को लेकर अन्य योजना पर भी विचार जारी है। जल्द ही इस पर निर्णयात्मक स्थिति संभव है।

पिछले सिंहस्थ में निर्माण स्थलों पर बोर्ड लगाकर जानकारी अंकित करने का था नियम, स्थल निरीक्षण में अधिकारी भी नजरअंदाज कर रहे

# समय बदला तो निर्माण स्थलों पर से संबंधित नियम ही बदल गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ -2016 में निर्माण स्थलों पर बोर्ड लगाकर निर्माण से संबंधित जानकारी अंकित करना आवश्यक किया गया था। इसके साथ ही कार्य को लेकर पर्ण चार्ट भी लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का दबाव रहता था। तत्कालीन संभागायुक्त रविन्द्र पस्तौर ने ऐसे मामलों में अधिकारियों पर कार्रवाई भी की थी। सिंहस्थ -2028 के लिए समय बदलने के साथ निर्माण के नियम ही स्थल पर बदल गए हैं। निरीक्षण में अधिकारी मात्र निर्माण पूर्ण करने पर ध्यान दे रहे हैं। शेष नियमों एवं बातों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

हर बार सिहंस्थ के निर्माण कार्यों में निर्माण स्थलों पर स्थिति बदली झबदली नजर आती है। हाल यह हैं कि करोडों के निर्माण कार्य स्थलों पर आम आदमी की जानकारी के लिए नियमानुसार एक बोर्ड तक संबंधित एजेंसी से नहीं लगवाया जा रहा है। पूर्व के सिंहस्थ निमार्णों में जिसे प्रमुखता से पालन करवाया गया इस बार इसे सिरे से ही दरकिनार किया जा रहा है। न तो निर्माण की एजेंसी,न निर्माण कार्य की लागत, ठेका एजेंसी , जिम्मेदार विभाग एवं उसके जिम्मेदार अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नंबर तो दूर निर्माण स्थल पर बोर्ड तक नहीं लगे हैं।



### पीडब्ल्यूडी ईई का वेतन कटेगा

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में सिंहस्थ 2028 महापर्व के लिए निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इसदौरान पीडब्ल्यूडी के प्रचलित कार्यों की प्रगति में आशानुरुप गति न पाई जाने पर नाराजगी जताते हुए कार्यपालन यंत्री गौतम अहिरवार का 15 दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भी उपस्थित रहें।

बैठक में बताया गया कि लालपुर-मक्सी रोड एलसी-7 मार्ग का डिजाईन तैयार हो चुका है। रेल्वे स्टेशन से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक रोप-वे परियोजना को लेकर जानकारी दी गई कि रोप-वे के लिए 03 स्टेशनों पर कार्य हो रहे हैं लेकिन प्रचलित कार्यों में आशानुरुप प्रगति नहीं होने पर मेला अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए यह निर्देश दिए।

### पूर्व सिंहस्थ में ऐसे पालन हुआ

प्रत्येक 12 वर्ष में लगने वाले सिंहस्थ -2004 के निमार्णों में तत्कालीन संभागायुक्त स्वर्णमाला रावला ने निर्माण स्थलों पर पूरी जानकारी का बोर्ड प्रत्येक स्थान पर लगवाया और संबंधित विभागीय जिम्मेदारों के नाम एवं मोबाईल नंबर भी उसमे अंकित करवाए गए। सिंहस्थ -2016 के लिए तत्कालीन संभागायुक्त रविन्द्र पस्तौर ने निर्माण कार्य की जानकारी का बोर्ड स्थल पर लगवाने के साथ ही स्थल पर कार्य पर्ण चार्ट तक लगवाए और स्टेंडिंग मिटिंग के दौरान उसी अनुसार कामों की प्रगति को भी देखा और उसी अनुसार आगे की प्रगति को लेकर निर्देश दिए गए।

### औचक निरीक्षण काउंटडाउन बोर्ड के निर्देश

बुधवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने नानाखेड़ा से शांति पैलेस ,दो तालाब से टैगोर चौराहा मार्ग निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की डिजाईन, ड्राईंग अनुसार प्रगतिरत कार्यों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर जायजा लिया। इसके उपरांत साइट पर काउंटडाउन बोर्ड पर प्रतिदिन कार्य की प्रगति दर्ज कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए प्रगतिरत कार्यों में लेबर संख्या बढ़ाकर कार्य की प्रगति में तेजी लाने , गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की हिदायत भी दी गई। खास तो यह रहा कि निर्माण स्थल पर निर्माण का मूल प्रारूप बोर्ड ही यहां गायब था । यह स्थिति एक निर्माण स्थल की नहीं है ,तकरीबन सभी निर्माण स्थलों पर यही हालात बने हुए हैं।

### संभावित अत्यावश्यकता में कैसे जानें आमजन

सिंहस्थ -2028 के लिए किए जा रहे निमार्णों में अलग झअलग स्थल पर अन्यानेक विभाग काम कर रहे हैं और सभी निर्माण स्थलों पर ठेकेदार एवं संबंधित निर्माण के जिम्मेदार अधिकारी अलग-अलग हैं। संभावित अत्यावश्यक स्थिति में आवश्यकता होने पर किससे संपर्क किया जाए यही अपने आप में सबसे बडा प्रश्न खडा हो रहा है। यहां तक की निर्माण के बोर्ड के अभाव में क्षेत्रीय पुलिस को भी संबंधित मामलों में जानकारी लेना पड रही है कि निर्माण के लिए जिम्मेदार कौन सा विभाग और अधिकारी जिम्मेदारी निर्वहन कर रहे हैं।

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 28 फरवरी, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### तेज डीजे बजाना भारी पड़ा नाचो पब को, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** देर रात तेज ध्वनि में डीजे बजाना पब संचालक को महंगा पड़ गया। जिसमें अपोलो हाईस्ट्रीट स्थित नाचो पब में निर्धारित समयावधि के बाद उच्च ध्वनि स्तर पर म्यूजिक और डीजे संचालित किए जाने की सूचना पर लसुड़िया पुलिस ने कार्रवाई की और म्यूजिक सिस्टम जप्त कर प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी लसुड़िया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पाया कि तय समय सीमा के बाद भी तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलाया जा रहा था। इसे कोलाहल अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए पब संचालक के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की गई ।जिसमें पुलिस ने पब संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए मौके से साउंड सिस्टम भी जब्त कर लिया।

### छात्रों ने नारे लगाए लोकतंत्र की आवाज दबाना बंद करो

**इंदौर ।** शहर में शुक्रवार को विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने एकजुट होकर छात्र अधिकार पद यात्रा निकाली। यह पद यात्रा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। छात्रों का कहना है कि प्रदेश में लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं हो रहे हैं, जिससे छात्रों का नेतृत्व और प्रतिनिधित्व प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि छात्र संघ चुनाव लोकतंत्र की पहली सीढ़ी होते हैं, लेकिन इन्हें बंद कर छात्रों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। पद यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर छात्रों ने छात्र संघ चुनाव बहाल करो, लोकतंत्र की आवाज दबाना बंद करोह्व जैसे नारे लगाए। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए गए, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

### डीएवीवी की सेंट्रल लाइब्रेरी वीकेंड बंद

**इंदौर।** तक्षशिला परिसर स्थित ऊअश्श की सेंट्रल एवं लाइब्रेरी शनिवार और कारविवार को पूरी तरह बंद रहती है। इंदौर जैसे एजुकेशन हब में, जब छात्रों के पास पढ़ने का सबसे न ज्यादा समय होता है, तब त लाइब्रेरी पर ताला लगा रहता है। हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने पर लाइब्रेरी प्रभारी डॉ. तुषार बनर्जी द्वारा बताया गया कि स्टाफ नहीं है, इसलिए लाइब्रेरी वीकेंड पर नहीं खोली जा सकती। कुलपति का रवैया-जब छात्रों ने इस समस्या सामने रखा, तो समाधान देने के बजाय उन्होंने कहा अपने कमरे को सीधे कुलपति महोदय के में जाकर पढ़ाई करो। छात्रों पर असर-UPSC, MPPSC, UGC-NET और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले हजारों छात्र, जिनके पास घर या हॉस्टल में न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही शांत माहौल, उनके हर हफ्ते के दो कीमती दिन बर्बाद हो रहे हैं।

### ग्रामीण हाट बाजार में दो दिवसीय होली मेला आज से होगा शुरु

**इंदौर।** होली महोत्सव के अवसर पर ग्रामीण स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय हेतू 28 फरवरी एवं 1 मार्च 2026 को ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआं में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत एवं महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित इस होली मेले में प्राकृतिक तत्वों से बना हर्बल गुलाल, होली पूजन सामग्री, स्वादिष्ट नमकीन व्यंजन, घरेलू सजावटी सामान, बाग प्रिंट (धार) के वस्त्र, झाबुआ के पारम्परिक सजावटी सामान, निमाड़ के विशेष व्यंजन आदि की उपलब्धता रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि स्व सहायता समूहों की मेहनत और हुनर को प्रोत्साहित करने और शुद्ध और पारम्परिक उत्पादों का लाभ लेने के लिए मेले में अवश्य आयें।

### होली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन का जाँच अभियान जारी

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निदेर्शों के अनुक्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सघन जांच अभियान निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के अधिकाधिक नमूने लिए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है।

### प्रतिनिधि मंडल ने औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर का किया दौरा

**इंदौर।** जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जायका) के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने इंदौर में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की जायका-2 वित्त पोषित परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। जायका जापान का द्वि-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि श्री कुनाल गुप्ता शामिल है। उन्होंने निर्माण कार्यों, उनकी गुणवत्ता, उपयोगिता तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की बारीकी से जांच-पड़ताल की।

---

मेट्रो अधिकारियों ने कहा कि इंजीनियरों की टीम से पूरे रूट का सर्वे कराया जाएगा

# एमआर-10 से रोबोट चौराहे तक सड़कें खराब, मेट्रो को चुकानी होगी कीमत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में इन दिनों एमआर-10 से रेडिसन होते हुए रोबोट चौराहे तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम चल रहा है। 3 से 4 किमी में मेन रोड के साथ सर्विस रोड पर गड्ढे हो गए हैं। सड़क सुधार के लिए निगम ने मेट्रो कॉर्पोरेशन से खर्च मांगा है। निगम का कहना है, मेट्रो के काम के चलते सड़कें खराब हो रही हैं तो इन्हें सुधारने का खर्च भी मेट्रो को ही चुकाना होगा। खराब सड़क पर हादसों का डर तो है ही, ट्रैफिक जाम भी होता है। रोज हजारों लोग परेशान हो रहे हैं।



सुखलिया से बापट और रेडिसन से रोबोट चौराहे के बीच स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। मालूम हो, पिछले साल भी निगम ने 2 करोड़ 65 लाख रुपए की मांग रखी थी। तब मेट्रो कॉर्पोरेशन ने 56 लाख रुपए दिए थे। बाकी राशि नहीं मिलने से पैचवर्क के सहारे ही काम चलता रहा।

### जहां मेट्रो के स्टेशन बन रहे, वहां स्थिति ज्यादा खराब

गुरुवार को निगम और मेट्रो की टीम ने निरीक्षण किया। सुखलिया से बापट चौराहा तक सड़कें सबसे ज्यादा खराब मिलीं। यहां दो मेट्रो स्टेशन बन रहे हैं। भारी वाहन और डायवर्ट ट्रैफिक लगातार गुजर रहा है। वार्ड 33 और 22 में मुख्य सड़क के साथ सर्विस रोड भी टूट चुकी है। मेट्रो अधिकारियों ने कहा कि इंजीनियरों की टीम से पूरे रूट का सर्वे कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर जितना खर्च बनेगा, उतना बजट निगम को दिया जाएगा। एमआईसी सदस्य (जनकार्य) राजेंद्र राठौर का कहना है सर्विस रोड पूरी तरह डैमेज हो रही है। बापट चौराहे पर एक हिस्सा निगम एजेंसी को सौंप दिया है और काम शुरू कर दिया है। डामर और कांक्रीट के लिए बजट मिलते ही बाकी सड़कें भी बना दी जाएंगी।

**03 से 4 किलोमीटर में मेंटेनेंस जरूरी**

**2.65 करोड़ रुपए पिछले साल भी मांगे थे निगम ने**

**56 लाख रुपए ही दिए थे मेट्रो ने**

### एमआर 10 पर बिजली पोल भी हटेगा

एमआर-10 पर रोज लगने वाले जाम को लेकर पता चला कि यहां सड़क किनारे बिजली पोल ट्रैफिक में बाधा बन रहा है। इस पोल को हटाया जाएगा। एलिवेटेड कॉरिडोर के मीडियन निर्माण के लिए पहले जो राशि दी गई थी, उसमें से बची रकम से लाइटें लगाई जाएंगी।

### इधर, निगम के ठेकेदार पैसा नहीं मिलने से परेशान, 7 से 8 करोड़ रुपए बकाया

निगम ने चार एजेंसियों को 12 करोड़ की लागत से पैचवर्क का काम दिया है लेकिन इनका कहना है कि निगम पर पहले का ही 7 से 8 करोड़ बकाया है। पुराना भुगतान हो तो पैचवर्क का काम करें। इस पर जनकार्य विभाग ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पुराना भुगतान करवाया जाएगा। पहले यह यह काम पूर करें।

---

# दिनदहाड़े मंगल रेसीडेंसी में चोरी की वारदात

## सीसीटीवी कैमरे में दिखे बाइक सवार 3 बदमाश, एक बदमाश ने तोड़ा मकान का ताला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिन-रात चोरो की शहर में गश्त जारी है। अब मंगल रेसीडेंसी में वारदात सामने आई है। कैमरे में बाइक पर आये 3 बदमाश दिखे है। जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

नागझरी थाना क्षेत्र के देवासरोड पर मंगल सिटी में रहने वाली गरिमा जोशी घरेलू महिला है। उनके पति बेंगलुरु में जॉब करते हैं। रिश्तेदारी में विवाह समारोह का कार्यक्रम होने पर गरिमा जोशी बच्चों के साथ बड़नगर स्थित ग्रामीण क्षेत्र गई हुई थी। जहां से शाम को वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा मिला। घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखें नगद रुपए गायब थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के दौरान मकान में लगे सीसीटीवी कैमरो के फोटोस देख तो दिनदहाड़े चोरी होना सामने आया। बाइक से तीन बदमाश आए थे पहले उन्होंने रेकी की, कुछ देर बाद एक बदमाश मकान का में गेट खुद कर अंदर पहुंचा और ताला तोड़ने के बाद चोरी को अंजाम देकर बाहर खड़े साथियों के साथ बाइक से भाग निकला। चोरी करने वाले बदमाश में नकाब ओढ़ रखा था। उसके साथियों के चेहरे पर बेनकाब थे। पुलिस आसपास कॉलोनी में लगे कैमरो के फुटेज देख बाइक नंबर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। वही बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास भी शुरू किए गए हैं।





### चंदेसरी में भी चोरों का धावा

नागझिरी थाना क्षेत्र के ही ग्राम चंदेसरी में गुरुवार शुक्रवार रात चोरों ने धावा बोला और माली परिवार के बाडे में बंधी 3 बकरियां चोरी कर भाग निकले। चोरों ने आसपास भी कुछ बंद मकानों में घुसकर सामान की तलाशी ली। बदमाशों के आने की खबर ग्रामीणों से मिलने पर पुलिस पहुंची, आशंका जताई गई की वारदात करने पारदी-कंजर गिरोह के बदमाश आये थे। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### फरवरी में 8 वारदात

फरवरी माह के दूसरे सप्ताह से शहर में चोरी की वारदातें हो रही है, अब तक 8 से 10 चोरी हो चुकी है। जिसमे नानाखेड़ा, चिममगंज, कोतवली, नागझिरी थाना क्षेत्र में चोर पहुचे है। नानाखेड़ा के महानन्दा नगर और बसंत विहार में बदमाशों के साथ युवती दिखाई दी। कोतवली थाना क्षेत्र के कंठाल चौराहा बदमाशो के साथ महिला थी। अब तक किसी का भी सुराग नही मिला है।

---

### विपिन के दिल्ली में रिश्ते मजबूत, राजनीतिक कद बढ़ने की संभावना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े का कद लगातार बढ़ता हुआ दिख रहा है। जिस तरीके से राहुल गांधी के साथ उनकी चर्चा आम हुई है उससे तो यही लग रहा है कि आने वाले दिनों में उनकी सियासत और मजबूत हो सकती है। एनएसयूआई से सियासत करने वाले विपिन वानखेड़े क कद विधायक बनने के बाद ऊंचा हो गया था, लेकिन चुनाव हारने के बाद उन्होंने अपने नेटवर्क को कमजोर नहीं किया और सवलत को अन्जाम देने के लिए वे लगातार मैदान में डटे रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से रिश्ते अच्छे होने का फायदा भी उनको मिल गया और हकीकत यह सामने आई कि उन्हें जिलाध्यक्ष बना दिया गया। जिलाध्यक्ष बनाने के बाद उन्होंने सांवेर विधानसभा पर नजर गढ़ाना शुरू कर दी और कार्यकताओं को संभालने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके लिए वह हर तरह की कोशिश करने में लगे है कि कोई भी कार्यकर्ता उनसे नाराज न हो और इसके लिए जो स्थिति बनी है उस पर विचार शुरू किया था और आखिरकार इस मामले में उनको कामयाबी भी मिलने लगी। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए जिस लहजे में काम करना शुरू किया था वह अब आगे बढ़ता जा रहा है।

---

होली-रमजान को लेकर फ्लैग मार्च

## संवेदनशील इलाकों में 250 पुलिसकर्मियों ने संभाली कमान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होली और रमजान के मद्देनजर शहर में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नागीझिरी और फव्वारा चौक क्षेत्र में आयोजित किया गया। फव्वारा चौक पर एएसपी आलोक शर्मा, डीएसपी क्राइम योगेश तोमर और डीएसपी भारत सिंह यादव ने पुलिस बल का नेतृत्व किया। वहीं नागीझिरी क्षेत्र में सीएसपी श्वेता गुप्ता और सीएसपी दीपिका शिंदे ने मोर्चा संभाला। करीब 250 पुलिसकर्मियों ने प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से शांति बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। कानून-व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ाना और त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

---

कोरोना का क्लेम ठुकराना पड़ा भारी, बीमा कंपनी को 4 लाख का देने का आदेश

# पूर्व विधायक की लड़ाई रंग लाई, मिला इंसाफ

## कंपनी का तर्क था वास्तविक बीमारी छिपाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

5 पांच साल पहले महू कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए और हॉस्पिटल में एडमिट करना पड़ा। इलाज के दौरान स्टार हेल्थ कंपनी ने पौने तीन लाख का मेडिक्लेम रिजेक्ट कर दिया। कंपनी का तर्क था कि दरबार को पहले से हार्ट की तकलीफ थी और पॉलिसी में यह तथ्य छिपाया गया है। कंपनी के इस रवैये के खिलाफ दरबार ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली।

करीब तीन साल तक फोरम में केस चला जिसमें फोरम ने दरबार के तथ्यों को मजबूत आधार मानते हुए स्टार हेल्थ को आदेश दिया है कि वह उन्हें 45 दिनों में इलाज की राशि 2.78 लाख ब्याज सहित चुकाएं। यह राशि 6% के ब्याज सहित करीब 4 लाख है जो कंपनी को देनी होगी। खास बात यह कि तब कंपनी ने कोरोना मरीजों के लिए स्पेशल एक पॉलिसी लॉन्च की थी जिसे दरबार ने सुरक्षा बतौर ली थी लेकिन फिर कंपनी ने मेडिक्लेम देने से इसलिए मना कर दिया था कि उन्हें पहले से हार्ट की बीमारी थी जो पॉलिसी में कवर नहीं है।




दरअसल स्टार हेल्थ ने कोरोना महामारी के दौरान कोरोना कवच पॉलिसी लॉन्च की थी। इसमें 5 लाख रु. तक के इलाज कराने का नियम था। मामले में दरबार ने 20 अगस्त 2020 को यह पॉलिसी ली थी जो 1 जून 2021 तक प्रभावशाली थी। दरबार ने इसके लिए 2691 रु. की प्रीमियम अदा की थी। इस बीच दरबार को कोरोना हो गया और वे 28 अप्रैल 2021 से 6 मई 2021 तक डीएनएस हॉस्पिटल में एडमिट रहे। इस दौरान इलाज का बिल 2,78,583 रु. बना। इस राशि को प्राप्त करने के लिए दरबार ने क्लेम फॉर्म भरने के साथ इलाज के दस्तावेज, जांच रिपोर्ट, बिल आदि कंपनी में पेश किए।

### जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली

स्टार हेल्थ कंपनी ने 20 अगस्त 2021 को उनका क्लेम खारिज कर दिया। कंपनी का कहना था कि इसमें दरबार ने वास्तविक बीमारी छिपाई है। दूसरा तर्क यह दिया कि दरबार इलाज के लिए एयर कंडीशन्ड रूम में एडमिट हुए थे। कंपनी द्वारा क्लेम खारिज करने पर दरबार ने अपने एडवोकेट मनीष वर्मा के माध्यम से जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली। 19 जनवरी 2023 को फोरम में कंपनी के खिलाफ केस लगाया। बताया कि सेवा में कमी की है और वादे से मुकर गई। आर्थिक और मानसिक हानि का सामना करना पड़ रहा है।

### सुनवाई में ये तर्क भी दिए कंपनी ने

सुनवाई में स्टार हेल्थ की ओर से बताया गया कि दरबार ने कोरोना पॉलिसी के दौरान प्रपोजल फॉर्म में अपनी हार्ट की बीमारी को छिपाया था। कंपनी ने यह भी तर्क दिया कि दरबार ने इलाज के दस्तावेजों में फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली संबंधी भी पेश किए हैं। इन दस्तावेजों से स्पष्ट हुआ है कि उन्हें हार्ट की तकलीफ पहले से थी। उनका कोरोना के दौरान जो इलाज हुआ है वह लोअर रेस्पीरेटरी टेक्ट में संक्रमण (कोविड 19) का है। कंपनी ने यह भी तर्क दिया कि बीमा धारक (दरबार) को Triple vessel Diese थी जिसका इलाज 16 नवंबर 2019 से 18 नवंबर 2019 तक फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली में किया गया था। दरबार ने जो पॉलिसी ली थी वह सिर्फ कोरोना बीमारी के इलाज के लिए ही थी। इस पॉलिसी में पहले की बीमारियों के इलाज का कोई प्रावधान नहीं है।

अगर वे तब प्रपोजल फॉर्म में अपनी हार्ट की बीमारी का जिक्र करते तो तब ही उन्हें बीमा कवर प्रदान नहीं किया जाता। कंपनी ने अपनी सेवा में कोई कमी नहीं की है बल्कि असत्य तथ्य पेश करने पर क्लेम खारिज किया है।

---

# कलात्मक कठपुतलियों से एतिहासिक तथ्यों की रोचक प्रस्तुति

## विक्रमोत्सव 2026

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

**(डॉ. जफर महमूद)**

सम्राट विक्रमादित्य उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र 139 दिवसीय विक्रमोत्सव 2026 मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की परिकल्पना को साकार कर रहा है। 12 फरवरी से 30 जून 2026 तक आयोजित होने वाले सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के अनूठे और निरंतर आयोजनो ने भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जयिनी को उत्सवमयी नगर के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

इसी श्रृंखला में उज्जैन की कालिदास अकादमी में तीन दिवसीय पुतुल समारोह में आकर्षक कटपुतलियों की विविध शैलियों की प्रस्तुतियां आरंभ हो गईं। प्रथम दिवस महाराष्ट्र के गणपत सखाराम मासगे के निर्देशन में दयाती लोककला संवर्धन अकादमी, पिंगली द्वारा सम्राट विक्रमादित्य की रोचक और आकर्षक प्रस्तुति ने बच्चों के साथ बड़ों तक को प्रभावित किया। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और उनके शासन-काल की कहानी के पात्र बनी कठपुतलियां सफलतापूर्वक व्यक्त कर गईं।





प्रथम दिवस की द्वितीय प्रस्तुति 'भीम और बकासुर'का आकर्षक मंचन हुआ। स्फूर्ति थिएटर फॉर एजुकेशनल पपेट्री आर्ट एंड क्राफ्ट हैदराबाद के बैनर तले सुश्री पद्मिनी रंगराजन के निर्देशन में महाभारत में वर्णित भीम और राक्षस बकासुर के युद्ध को कठपुतलियों ने साकार कर दिखाया। एकचक्र नगरी में पांडवों के अज्ञातवास के दौरान एक ब्राह्मण के घर छुपने ,बकासुर के आतंक, मुक्ति के लिए भीम द्वारा राक्षस कि वध तथा नगर को मुक्ति की कहानी के पात्र बनी कठपुतलियां सफलतापूर्वक व्यक्त करतीं रहीं ।दोनों प्रस्तुतियों में पारंपरिक कठपुतली कला, संवाद और संगीत के समन्वय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुतुल समारोह का शुभारंभ सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के वरिष्ठ कार्य परिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। ज्ञान सागर स्कूल एवं क्षीर सागर स्कूल की छात्राओं ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया।

## न्यूज-कॉलम



### ओटला परिवार द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया फाग उत्सव

**अलीराजपुर।** प्रताप गंज मार्ग निवास रत ओटला परिवार द्वारा बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ फाग उत्सव मनाया गया ओटला परिवार के सदस्यों ने बताया कि ओटला परिवार द्वारा एक दिन पहले पूरी हाट गली में हर घर स परिवार फाग उत्सव में आने का न्योता दिया गया फाग उत्सव में श्री पंचेश्वर रामायण मंडल द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई भजनों की प्रस्तुति देर रात तक चलती रही जिस पर पूरा ओटला परिवार झूम उठा फाग उत्सव में महिला मंडल ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं फुल गुलाल की होली खेली ओटला परिवार द्वारा हर त्यौहार इसी तरह मिलजुल कर मनाया जाता है फाग उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में शीतल सोनी कमलेश जेथलीया राजेश सोनी सतीश सोमानी दीपक शर्मा गोपाल सूर्यवंशी कमलेश शर्मा गोल्डी जैन अल्पेश जैन डॉ आशीष पाटीदार रितेश थेपड़िया शैलेश थेपड़िया अनुज जैन आजाद जैन सहित पूरी महिला मंडल एवं बच्चों का सराहनीय सहयोग रहा फाग उत्सव पश्चात स्वल्पाहार भी रखा गया था।

### लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट की झोन सोश्यो का आयोजन महेश्वर में हुआ



**सनावद।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 रीजन-11 झोन-1 की झोन सोश्यो का आयोजन महेश्वर में किया गया। झोन सोश्यो की आयोजक झोन चेयर पर्सन ला.सीमा जैन ने उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह को 7 अवार्डों से नवाजा। लायंस क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को लायन ऑफ द रीजन अवार्ड के गौरवपूर्ण अवार्ड से सम्मानित किया गया। सेवा गतिविधियों के सराहनीय संचालन के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह को सर्वश्रेष्ठ क्लब के अध्यक्ष भागचंद जैन को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं सचिव विपिन गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ सचिव के अवार्ड कोषाध्यक्ष डॉ श्वेता पंचोलिया को सर्वश्रेष्ठ अवार्ड से सम्मानित किया गया। क्लब की सदस्य ला.शिवानी मौर्य एवं ला.हेमंत दातार को क्लब की सेवा गतिविधियों में निरंतर सराहनीय सहयोग के लिए अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।अतिथियों ने क्लब के अध्यक्ष ला. भागचंद जैन की सेवा गतिविधियों की सराहना की।

### आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों का स्वास्थ परीक्षण

**बाग।** महिला बाल विकास परियोजना बाग जिला धार में कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन एवं परियोजना अधिकारी कमलसिंह निंगवाल के मार्ग दर्शन में सभी सेम बच्चों का स्वास्थ शिविर अखाड़ा में 25 फरवरी को रखा गया था जहां सभी सेम बच्चों का स्वास्थ परीक्षण डॉ दिलीप जमरा एवं डॉ अलावा के द्वारा किया गया। वही स्वास्थ्य शिविर बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 26 फरवरी को आयोजित किया गया था । जिस शिविर में डॉ सैफाली जायसवाल के द्वारा 50 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कर उन्हें दवाई भी वितरण की गई। साथ ही गंभीर बच्चों को एन,आर,सी, में भर्ती के लिए माता पिता को समझाइश देते हुए बताया गया की ज्यादा गंभीर बच्चों को एन आर सी में भर्ती किया करे।

### संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह ने निरीक्षण के दौरान दिए सख्त निर्देश



**उज्जैन।** संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह ने गुरुवार को मालनवासा में निरीक्षण के दौरान सीवरेज पाइप लाइन के काम लक्ष्य से पीछे चलने पर नाराजगी जाहिर की और संबंधितों को सख्त निर्देश दिए कि काम में देरी और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। संभागायुक?त श्री सिंह ने २ इंजीनियरों को एक एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए है।ज्ञात हो कि संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह व कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह गुरुवार को वार्ड क्रं. 54 शिप्रा विहार क्षेत्र मालनवासा में अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत निर्माणरत सीवरेज पाइपलाइन और हाउसहोल्ड कनेक्शन कार्यों के निरीक्षण पर गए थे। निरीक्षण के दौरान कंपनी के अधिकारी ने बताया कि अभी वर्तमान में काम बंद है और मजदूर होली मनाने गए हैं। इस पर संभाग आयुक्त श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त की और उन?हें इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### विक्रम व्यापार-मेले में 11 दिन में ६,662 वाहन बिके : कारों की सबसे ज्यादा बिक्री

**उज्जैन।** इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान पर शुरू हुए विक्रम व्यापार मेले में 11 दिनों में अब तक 6,662 वाहन बिक चुके हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या में कारें शामिल हैं। साथ ही मोटर साइकिल और ओमनी बस भी लोग खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप शुरू हुए विक्रम व्यापार मेले का तृतीय आयोजन इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान पर किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, विक्रमोत्सव 2026 अंतर्गत आयोजित उज्जैनी विक्रमोत्सव व्यापार मेले के दौरान 15 फरवरी से 19 मार्च तक मेले में गैर-परिवहन वाहनों जैसे मोटरसाइकिल, मोटर कार, ओमनी बस और हल्के वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर 50 प्रतिशत की छूट मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही है।

# चंद्रशेखर आजाद नगर में बनेगा आजाद पार्क, जन्मभूमि को संस्कृति विभाग बनाएगा दर्शनीय-मुख्यमंत्री

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



चंद्रशेखर आजाद नगर की पावन धरा जहाँ आजाद ने अपना बचपन व्यतीत किया और जिसके कण-कण से उनकी आत्मीयता जुड़ी रही। इस ऐतिहासिक स्थल पर "आजाद पार्कञ्ज की स्थापना करने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि चंद्र शेखर आजाद नगर को देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा एवं गौरव का केंद्र बनाया जाएगा।

संस्कृति विभाग के माध्यम से इस स्थान को विकसित कर आकर्षक एवं दर्शनीय स्वरूप प्रदान किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ियाँ आजाद के जीवन, संघर्ष और बलिदान से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद की जन्मभूमि केवल एक स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मसम्मान की जीवंत प्रतीक है, जिसे सहेजना और संवारना हम सभी का दायित्व है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के 95वें बलिदान दिवस के अवसर चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित कार्यकम की कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज आलीराजपुर जिले के भाबरा (चंद्रशेखर आजाद नगर) पहुंचकर महान क्रांतिकारी, शिरोमणि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह भूमि वीरों की तपोभूमि है, जिसने अंग्रेजों के दमनकाल में चंद्रशेखर आजाद और छीतु किराड़ जैसे योद्धाओं को जन्म देकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा भिलट देव, डूंगर देव, पाटला देव, काजल माता, मालवई माता और डोंगरी माता के आशीर्वाद से यह जनजातीय अंचल अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। हमारी सरकार इसी श्रद्धा और सम्मान के भाव के साथ जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं और वीर विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आजाद कुटिया में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा चंद्रशेखर आजाद के जीवनकाल की वीरगाथाओं और दुर्लभ तस्वीरों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, आत्मविश्वास और अदम्य साहस के बलबूते बुलंदियों को छूने वाले आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। मात्र 15 वर्ष की आयु में वे वर्ष 1921 के असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए थे। गिरफ्तारी के बाद जब मजिस्ट्रेट के सामने उनका नाम पूछा गया तो उन्होंने गर्व से उत्तर दिया– च्नामः आजाद, पिता का नामः स्वतंत्र और घरः जेल।ञ्ज मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा अद्वितीय साहस केवल अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ही दिखा सकते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन में आजाद भील बालकों के साथ रहते हुए निशानेबाजी की कला में दक्ष हुए, जिसने आगे चलकर उन्हें एक अद्वितीय क्रांतिकारी बनाया। उनके जीवन से यह शिक्षा मिलती है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो अपने साथ-साथ अपने साथियों के लिए भी सदैव तत्पर रहे। अंग्रेजों के विरुद्ध हमारे जनजातीय नायकों ने अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी और उनकी वीरता का इतिहास स्वर्णाक्षरों में अंकित है। राज्य सरकार ने सदैव इन नायकों का सम्मान किया है। इसी क्रम में क्रांति सूर्य टंट्या मामा के नाम पर खरगोन में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जो आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान की प्रेरणा देता रहेगा।

# विधायक के प्रयासों से न.पा. कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा वेतन भुगतान की मांग को लेकर पिछले आठ दिनों से जारी काम बंद हड़ताल विधायक सचिन बिरला के वेतन भुगतान के आश्वासन के बाद शुक्रवार को समाप्त हो गई।हड़ताल समाप्त होने पर नागरिकों ने राहत की सांस ली है।विधायक के आश्वासन के तत्काल बाद सफाई कर्मचारी काम पर लौट गए।

विधायक ने भोपाल से वीडियो कॉलिंग कर हड़तालरत नपा कर्मचारियों से बात की और कहा कि भोपाल में नगरीय प्रशासन संचालनालय के सचिव से चर्चा कर संचित निधि की राशि स्वीकृत कराई जाएगी और नपा कर्मचारियों को शुक्रवार की शाम तक वेतन की प्रथम किश्त का भुगतान हो जाएगा।विधायक ने कहा कि नगरपालिका के सुचारु संचालन के लिए नगरपालिका अधिकारियों,

कर्मचारियों और जनप्रतिधियों की शीघ्र ही बैठक बुलाई जाएगी और नगरपालिका की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए योजना बनाई जाएगी। विधायक के ठोस आश्वासन के बाद नपाकर्मियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी और काम पर लौट गए। विधायक ने नपा के सफाई कर्मियों से नगर की नियमित साफसफाई व्यवस्था पुनः बहाल करने का आव्हान किया। नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला ने कहा कि नगरपालिका की आय बढ़ाने के लिए संपत्ति कर और जल कर की वसूली का कार्य तेज किया जाएगा। ताकि नपा कर्मचारियों को समय पर उनके वेतन का भुगतान किया जा सके।पार्षद जय शिंदे ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारियों को वेतन मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। नगरपालिका परिषद द्वारा अन्य स्त्रोतों से आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

सीएमओ राजेंद्र मिश्रा ने भी नपा कर्मियों को आश्वस्त किया कि विधायक जी के अनुसार शुक्रवार को नपा कर्मचारियों को वेतन के पहली किश्त जारी कर दी जाएगी और वेतन का अगला भुगतान आगामी २२ मार्च को गणगौर पर्व के पूर्व कर दिया जाएगा।सीएमओ ने सभी कर्मचारियों से काम पर लौटने की अपील की और सफाई कर्मियों को नगर की साफ सफाई के कार्य में जुट जाने का आव्हान किया।

सीएमओ ने कहा कि नगरपालिका की आय बढ़ाने के लिए नगर में संपत्ति कर और जल कर की वसूली का काम तेज किया जाएगा। कर वसूली के लिए नगरपालिका की तीन टीमों का गठन किया जाएगा। नगरपालिका द्वारा अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जाएगा।सीएमओ ने कहा कि नगरपालिका की दुकानों की किराया वसूली का कार्य तेज किया जाएगा और नगरपालिका भवन के पीछे कॉम्लेक्स निर्माण की योजना को गति दी जाएगी। सीएमओ ने पार्षदगण से सहयोग की अपील की। नगरपालिका सफाई संगठन के आकाश शिंदे ने वेतन भुगतान के लिए विधायक का आभार माना और कहा कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा सफाई कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण पटेल,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर,नपा नेता प्रतिपक्ष राजेश अंजने,दिनेश शर्मा, पार्षद गजेंद्र उपाध्याय,पवन इंगला, अनिल बारे,पवन अरझरे, शेरान शेख,सुदीश वर्मा,शहजाद खान,रवि यादव,भूपेंद्र पटेल,नपा स्वच्छता प्रभारी हारून बेग सहित बड़ी संख्या में न.पा. के सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### रंगभरी ग्यारस पर्व पर फाग उत्सव का आयोजन

**सनावद।** रंगभरी ग्यारस पर्व के उपलक्ष्य में सखी सहेली ग्रुप ने शुक्रवार को सत्यनारायण मंदिर में फाग उत्सव का आयोजन किया। ग्रुप की सदस्यों ने सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण का पुष्पवर्षा कर पूजन,अर्चन किया। तत्पश्चात सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली तथा फाग उत्सव की बधाई दी। सदस्यों ने फाग गीतों की धुन पर नृत्य किया। सोनाली राठौर ने क्षेत्रवासियों को फाग उत्सव की बधाई दी।



### मूकबधिर अंध विद्यालय में शिक्षण सामग्री का वितरण किया

**बुरहानपुर।** पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लोनी ने मूकबधिर अंध विद्यालय में शिक्षण सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य देवेन्द्र जैन ने कहा कि इस स्कूल में आकर मुझे अच्छा और गर्व महसूस हुआ है।

**कार्यक्रम की विशेषताएं** - शिक्षण सामग्री का वितरण संस्कृतिक कार्यक्रम अंध मूकबधिर छात्रों को शिक्षण का अवलोकन नवोदय स्कूल की छात्राओं ने मूकबधिर अंध विद्यालय के छात्रों के साथ संयुक्त रूप से चित्र बनाए संस्था की ओर से- जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट सचिव महेंद्र जैन ने कहा कि यह शिक्षण सामग्री बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए एक अच्छा मार्ग प्रशस्त करेगी। ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### माता-पिता के निधन पर नेत्रदान के बाद अब पिता की तेरहवीं पर रक्तदान

**मंडलेश्वर** । समीपस्थ ग्राम बबलाई में मृत्यु के पश्चात भी संसार को देखने की चाह और मानवता की सेवा का जज्बा क्या होता है, यह महेश्वर तहसील के ग्राम बबलाई के लूणावत जैन परिवार ने सिद्ध कर दिखाया है। समाजसेवी श्री मांगीलाल जी जैन 89 वर्ष के देहावसान के बाद परिवार ने न केवल उनके नेत्रदान कर दो जिंदगियों को रोशन किया, बल्कि पिता की तेरहवीं के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज को सेवा का एक नया मार्ग दिखाया है। बता दे कि पुत्र नगीनचंद लुणावत , संजय लुणावत और मुकेश लूणावत ने संस्कारों की परंपरा को कायम रखते हुए पूर्व में अपनी माताजी स्व. लाड़की बाई लुणावत के निधन पर भी नेत्रदान करवाया था। ग्राम बबलाई में प्रथम बार तेरहवीं के अवसर पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में मानवता की नई मिसाल देखने को मिली। शिविर में 3 महिलाओं नीता जैन, दिव्या डोसी और रेशमा ओरा सहित 44 पुरुषों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और कुल 47 यूनिट रक्तदान किया। यह पूरा संग्रह थैलेसीमिया और सिकलसेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए जिला ब्लड बैंक खरगोन को समर्पित किया गया।

### पुण्य सम्राट की हृदयस्थली साधना कुटीया में रसोई कक्ष का शुभारंभ

**बाग।** आचार्य श्री राजेंद्र सुरिश्वरजी के पटधर गच्छाधिपति आचार्य श्री विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज ने वर्ष 2004 चातुर्मास में बघिनी नदी के पास कुटिया में एक माह की मौन साधना की थी। उनकी साधना केवल एक तपस्या नहीं थी, बल्कि उस समय से इस भूमि की पहचान बन गई। कहा जाता है कि 2004 से लेकर आज तक इस कुटिया में प्रवेश करते ही मन को एक अलग ही आनंद का अनुभव होता है। यहाँ पर देश विदेश से सभी लोग शांति महसूस करने आते है। जयंतसेनसूरी जी ने अपनी साधना से इस भूमि को इतना पवित्र बना दिया कि आज भी यहाँ आध्यात्मिक ऊर्जा महसूस की जा सकती है।पुण्य सम्राट की साधना भूमि श्री जयंतसेन साधना कुटीया में रसोई कक्ष का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम श्री संघ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शुभ मुहूर्त में लब्धीदाता गौतम स्वामी जी एवं पुण्य सम्राट को विराजमान किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत नवकार मंत्र के साथ हुई।नया रसोई कक्ष साधु-साध्वी भगवंतों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिससे आने वाले समय में धार्मिक आयोजनों की व्यवस्था अच्छे से की जा सके। सायंकाल सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया उसके बाद परमात्मा एवं गुरुदेव की आरती भक्ति-भाव से संपन्न हुई।क्रिया सेक्रेट्री ने जानकरी देते हुए बताया की यह आयोजन केवल एक रसोई कक्ष के उद्घाटन तक सीमित नहीं था, बल्कि यह साधना, सेवा और भक्ति की भावना का प्रतीक था।

### गेहूॅ एवं चना उपार्जन हेतु होगा किसानों का पंजीयन

**बड़वानी।** गेहूं एवं चना उपार्जन हेतु किसान स्वयं के मोबाईल अथवा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र से निःशुल्क पंजीयन की व्यंवस्था है। साथ ही पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था तलवाड़ा बुजर्ग, बड़वानी, बोरलाय, सिलावद, पाटी, अंजड, तलवाड़ा डेब, रणगांव डेब, ठीकरी, दवाना, ब्राम्हणगांव, ओझर, राजपुर, बलवाड़ी में पंजीयन होगा।

### नि :शुल्क आयुर्वेद शिविर में आयुर्वेद पद्धति द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण

उज्जैन। आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ जनों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर हॉलिस्टिक वेल बीइंग कैंप का आयोजन 27 फरवरी को कोठी रोड़ स्थित "बालोद्यान" में किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के प्रभावित वरिष्ठ नागरिकों का आयुर्वेद पद्धति द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां प्रदान की गई। इस संबंध में उज्जैन जिला प्रमुख पेन्शनर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अशोक दुबे ने जिले के समस्त पेंशन भोगी एवं वरिष्ठ जनों को इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में भाग लिया।

# जिले में सभी प्रसव संस्थागत सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति और जिला पोषण समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन सम्राट प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में बुधवार को हुआ। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने आगामी 30 सितंबर तक 6 वर्ष के होने वाले बच्चों के शाला प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज समग्र आईडी, आधार आदि समय पर तैयार कर बच्चों का आगामी 1 अप्रैल को शाला प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने पोषण ट्रैकर पर 6 वर्ष तक के सभी बच्चों के पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।आभा, आपार आईडी और बाल आधार कार्ड बनाने का कार्य पोस्ट ऑफिस से समन्वय कर शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में सभी प्रसव संस्थागत हो यह सुनिश्चित किया जाए, बाहर प्रसव होने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। संस्थागत प्रसव के लिए जनपद पंचायत के अधिकारी,ब्लॉक मेडिकल अधिकारी, ग्राम पंचायत के अधिकारी ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता आपसी समन्वय कर कार्य करें।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि आयुष्मान निरामयम योजना के अंतर्गत 70+ से अधिक वर्ष वालों के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बना कर प्रगति रिपोर्ट भेजे।

उक्त कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएमओ तराना और खाचरौद को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 5 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण को शत प्रतिशत कर यू विन पोर्टल पर समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

# ग्लोबस सिटी कॉलोनी में एक मकान में बड़ी मात्रा में नकली घी बरामद किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

ग्लोबस सिटी कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर एक मकान में बड़ी मात्रा में नकली घी बरामद किया है। यूपी के मुजफ्फरपुर की दो कंपनियों से नकली घी लाकर रतलाम में देशी घी के नाम पर बाजार में ३१० रुपए लीटर में बेचा जा रहा था। प्रशासन व खाद्य विभाग की टीम ने 1610 लीटर घी को जब्ती में लेकर मकान को सील कर दिया है।

शिकायत पर नायब तहसीलदार रामचंद्र पांडेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेष गुप्ता व अन्य नयागांव टैंकर रोड के पास स्थित ग्लोबस सिटी के एक मकान में दोपहर करीब ३ बजे दबिश दी। मकान में बड़ी मात्रा में यूपी फ्रेश, मदर बेस्ट के नाम से घी के अलग-अलग पैकेट मिले। पैकिंग भी ऐसी थी हर कोई देख कर देशी घी समझे।

मकान से महाकाल ट्रेडर्स के नाम से घी का विक्रय शहर की दुकानों पर किया जा रहा था। महाकाल ट्रेडर्स के विक्रांत त्यागी से अधिकारियों ने पूछताछ की।

अधिकारियों ने व्यापारी विक्रांत त्यागी से पूछताछ की। तो बताया कि वह यूपी के मुजफ्फपुर घी मंगवाता है। ट्रांसपोर्ट से वहां से भेजा जाता है। 310 रुपए लीटर में वह खरीददता है। जबकि बाजार में सवा तीन सौ रुपए लीटर में बेचने की बात बताई। अधिकारियों के अनुसार कम रेट में देशी घी के नाम से बेचना शंकास्पद है।

सभी पैकेट पर देशी घी होने के जानकारी अंकित थी। रेट भी कम लिखे थे। इस कारण अधिकारियों को शंका है कि यह पूरी तरह से नकली घी है। अधिकारियों को मौके से घी के बड़े डिब्बो के अलावा 200, 400 ग्राम समेत अलग वजन के पैकेट मिले है। कुल 1610 लीटर घी को खाद्य विभाग ने बरामद कर उसी स्थान पर रख कमरे को सील कर दिया है। अलग-अलग १० सैंपल लिए है। जो कि जांच के लिए लैब पर भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सरसों के समर्थन मूल्य पर किसान पंजीयन के लिए जिले में 146 पंजीयन केंद्र बनाए

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

उज्जैन जिले में सरसों के समर्थन मूल्य पर किसान पंजीयन के लिए 146 पंजीयन केंद्र बनाएं गए है। जिले में उज्जैन तहसील में 19, खाचरौद तहसील में 19, घट्टिया तहसील में 17, झारडा में 8, तराना में 10, नागदा में 13, बडनगर में 35, महिदपुर में 12 तथा माकडौन तहसील में 13 सरसों के समर्थन मूल्य पर पंजीयन कार्य के लिए किसानों की सुविधा के मद्देनजर किसान पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के आदेश अनुसार जिले में रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर रबी गेहूं,चना, मसूर के लिए निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर ही सरसों का समर्थन मूल्य पर पंजीयन कार्य के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया का निर्धारण करने के लिए किसानों की सुविधा को देखते हुए पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। यह पंजीयन 20 फरवरी से प्रारंभ हो गए है पंजीयन संबंधी कार्यवाही 20 मार्च तक चलेगा।

उज्जैन तहसील में सेवा सहकारी संस्था नरवर, ताजपुर, तालौद, नौगांवा, पंथपिपलाई, भेंसौदा, करोहन,नलवा, दताना,ढाबलारहवारी, उंडासा, आकासौदा, गोन्दिया, सुरजनवासा, चिंतामनजवासिया, हमीरखेडी, चंदेसरा, चिमनगंज मंडी उज्जैन, सेवा सहकारी संस्था उज्जैन, खाचरौद तहसील में सेवा सहकारी संस्था नरसिंहगढ, घिनोदा, चिरोला, नरेडीपाता, खाचरौद, मडावदा, बडागांव, भेहलोला, आक्याजागीर, बंजारी, संदला, सुरेल, भीकमपुर, बैडावन्या, कनवास, कमठाना, नंदियासी, उमरना, बरखेडा, घट्टिया तहसील में सेवा सहकारी संस्था घट्टिया, जैथल, निपानिया गोयल, बोरखेडा भल्ला, रूई, पानबिहार, सोडंग ,रातडिया, बिछडोद, गुराडिया गुर्जर, पिपल्याहामा, कालूहेडा, रलायता हेवत, नजरपुर, गोयलाबुजुर्ग, झितरखेडी, कालियादेह, झारडा तहसील में सेवा सहकारी संस्था झारडा, गोगाखेडा, कासोन, रनायरापीर, लोटियाजुनारदा, इंदोख, बोलखेडानाउ, खेडामदा, तराना तहसील में विपणन सहकारी समिति तराना, सेवा सहकारी संस्था सालाखेडी, दिलोद्री कनासिया, कायथा, बघेरा, सुमरोखेडा, जवासिया कुमार, काठबड़ोद, छडावद, सामगी, नागदा तहसील में सेवा सहकारी संस्था बैरछा, पासलौद, झिरन्याशेख, हिडी, बरखेडामॉडन, आलोट जागीर, उन्हेल मंडी उन्हेल, बेडावन, पिपलौदा सागोतीमाता, टूटियाखेडी, आक्यानजिक, बनबना, रूपेटा, बडनगर तहसील में सेवा सहकारी संस्था लोहाना विपणन सहकारी समिति बडनगर, आमला, जाफला रुणिजा, भाटपचलाना, खरसौद कला, इंगोरिया, जलोदिया, फतेहपुर, खरसोदखुर्द, पलसोडा, पलसोडा जहांगीरपुर, चिकली, खंडोदा, सलवा, लखेसरा सोहड, टोकरा, बंगरेड, दुनालजा, असलावदा, अजडावदा, बादरबेला, भोमलवास, दंगवाडा, खेडावदा, पिपलू, बालोदालक्खा, चिरोला, बलेडी, भिडावद, घडसिंगा, पीरझलार, भेरूपचलाना, बमनापाती, महिदपुर तहसील में सेवा सहकारी संस्था भीमाखेडा, बैजनाथ, गोगापुर, घोंसला, खेडा खजुरिया, चितावद, जगोटी, झुटावद, आक्याधागा, सगवाली, सेमल्या, बरखेडा बुजुर्ग, माकडौन तहसील में सेवा सहकारी संस्था रुपाखेडी, माकडौन, कडोदिया, पाट, ढाबलाहर्दू(टुकराल), डाबला राजपूत पचोला, डेलची, नांदेड, परसोली, गोराडिया गुर्जर, गोदडी, कचनारिया तिलावद, तथा सेवा सहकारी संस्था खाजूखेडी में सरसोंके समर्थन मूल्य पर पंजीयन किया जाएगा।

खास न्यूज

## शर्तों का उल्लघंन करने पर निरस्त कराई जमानत

**उज्जैन।** महिदपुररोड थाना क्षेत्र के ग्राम झूटावद में रहने वाला सुरेश पिता मोहनसिंह सौंधिया 32 साल अवैध शराब मामलों में लगातार शामिल होना सामने आ रहा है। पूर्व में अवैध शराब के साथ गिरफ्त में आने पर उसे न्यायालय द्वारा सशर्त जमानत पर रिहा किया गया था कि अब वह अपराध में शामिल नहीं होगा, लेकिन एक बार फिर 52 लीटर शराब के साथ पुलिस की गिरफ्त में आ गया। थाना प्रभारी रामसिंह भाबोर ने बताया कि दोबारा से अवैध शराब के मामलों में गिरफ्तार होने पर पूर्व में मिली जमानत को निरस्त कराने के लिये सहायक लोक अभियोजक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर सुनवाई होने के बाद द्वितीय अपर एवं सत्र न्यायालय महिदपुर की ओर से आरोपी की जमानत निरस्त करने के आदेश जारी किये गये। जमानत निरस्त होने और अवैध शराब के साथ पकडाने पर आरोपी को जेल भेजा गया है।

## बालिका से छेडछाड और धमकी देने वाला पकडाया

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम ओरंगपुर में रहने वाला परिवार किराना दुकान संचालित करता है। गुरूवार दोपहर को परिवार की बालिका दुकान पर बैठी थी। दोपहर 12.30 बजे के लगभग गांव का रहने वाला अशोक पिता गोवर्धन मालवीय सामान लेने के बहाने आया और दुकान में घुसकर बालिका का हाथ बुरी नियत से पकडकर छेडछाड करने लगा। बालिका ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। बालिका के परिजनों को घटना बताई और माकडोन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने नाबालिग के साथ छेडछाड करने और धमकी देने वाले को गिरफ्तार करने के लिये टीम गठित की और उसके ठिकानों पर दबिश दी। 24 घंटे में शुक्रवार दोपहर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

## पान मसाला के झोले में छुपाकर लगाया था अवैध शराब



**उज्जैन।** पान मसाला के 2 झोले में अवैध शराब लेकर आये युवक की खबर मिलते ही महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने टीम को अलर्ट किया और युवक को घेराबंदी कर पकडने के लिये रवाना किया। पुलिस टीम द्वारा भूखी माता मंदिर मार्ग पहुंची, जहां भैरू महाराज ओटले के पास युवक दिखाई दिया। उसने पुलिस को देखा तो भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे हिरासत में लिया और उसके झोलों की तलाशी ली। जिसमें देशी शराब के 300 क्वार्टर भरे होना सामने आये। युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम केशव पिता गजेन्द्रसिंह निवासी ग्राम पथरा तहसील चकरनगर इटावा हाल मुकाम चारधाम मंदिर के पास होना बताया। थाना प्रभारी के अनुसार 30 हजार रूपये कीमत की अवैध शराब बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। विदित हो कि धार्मिक नगरी होने पर शहरी सीमा में शराब प्रतिबंधित कर दी गई। जिसके बाद से अवैध रूप से शराब लाने के मामले लगातार सामने आ रहे है। जिसको लेकर पुलिस अभियान चलाकर धरपकड कर रही है।

## बोलेरो पिकअप में क्रूरतापूर्वक भरे थे मवेशी, 4 गिरफ्तार

**उज्जैन।** तराना तहसील के रोजवास टोल के पास एबीरोड पर हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 08 झेडबी 2909 को पकडा। जिसमें पांच मवेशियों को क्रूरतापूर्वक वध के लिये चार व्यक्ति लेकर जा रहे थे। मवेशियों से भरी पिकअप पकडाने की खबर मिलते ही तराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को हिरासत में लेकर पिकअप जप्त की। पुलिस के अनुसार पिकअप थाने लाने के बाद 5 मवेशियों को मुक्त कराया गया। वहीं पिकअप में सवार रतन नंदला निवासी नैनागिरी शिवपुरी, सेलसिंह पिता राजमल निवासी बडवानी, राकेश पिता मांगीलाल निवासी छिंदवाडा और दिलीप निवासी बडवानी को गिरफ्तार कर म. प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6, 9 का प्रकरण दर्ज किया गया। चारों का कहना था कि पालने के लिये लेकर जा रहे थे, लेकिन उनकी मंशा ठीक नहीं थी। चारों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 250-7 | 489-1 |
| मेन बाजार | 779-3 | 246-2 |
| कल्याण नाइट | 229-3 | 113-5 |
| मिलन डे | 578-0 | 888-4 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 199-9 |
| मधुर डे | 199-9 | 156-2 |
| मधुर नाइट | 112-4 | 780-5 |
| शुभांक | 2 6 | 9 |

# अंधेरे में खड़ी आयशर से भिड़ी पूर्व सरपंच की कार

## क्षतिग्रस्त कार से निकाला शव, बच्चों से मिलने आया था उज्जैन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





गरोठ हाइवे पर गुरूवार-शुक्रवार रात अंधेरे में खडी आयशर से कार टकरा गई। कार में पूर्व सरपंच सवार था। जिसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार से शव निकालकर पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया।

घट्टिया तहसील के ग्राम जयरामपुरा में रहने वाला राकेश पिता जयराम परमार 45 साल गांव का पूर्व सरपंच था। रात में उज्जैन से कार में जयरामपुरा के लिये लौटते समय गरोठ हाइवे पर अंधेरे में खडी आयशर से टकरा गया। हादसा भयावह हुआ, कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राकेश परमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और कार से शव निकालकर चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। दस्तावेज और मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। शुक्रवार सुबह पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि राकेश का एक मकान खंडेलवाल नगर उज्जैन में है। तीन बच्चे उज्जैन में रहकर पढाई कर रहे है। राकेश गांव में रहकर खेती किसानी का काम करता था और मकान का निर्माण कार्य भी करा रह है।

गुरूवार को बच्चों से मिलने और खेती की सामग्री लेने आया था। जहां से वापस लौटते समय दुर्घटना हुई है। राकेश की बडी बेटी का अगले दिपावली के बाद विवाह भी होना है। बताया जा रहा है कि गरोठ हाइवे पर आयशर पंचर हो गई थी। चालक सडक किनारे ही आयशर खडी कर चला गया था। पुलिस के अनुसार आयशर को जप्त किया जायेगा और चालक के खिलाफ बिना संकेतक सडक पर आयशर खडी करने का मामला दर्ज किया जायेगा।

### यंत्रमहल मार्ग पर 3 बच्चों पर चडी आयशर

शुक्रवार शाम नीलगंगा थाना क्षेत्र के यंत्रमहल मार्ग पर आयशर ने तीन बच्चों को कुचल दिया। तीनों घायल हुए है, एक की हालत गंभीर बनी हुई थी। बताया जा रहा है गंभीर घायल शिवपाल पिता राजेन्द्र ठाकुर 14 साल है। वहीं 2 अन्य घायलों में मोहित पिता चुन्नीलाल गुर्जर 15 साल और सुजल पिता अशोक ठाकुर 15 साल है। तीनों चिंतामण जवासिया के रहने वाले है। परिजनों ने बताया कि दुर्घटना के बाद आटो चालक उन्हे अस्पताल लेकर पहुंचा था, तीनों कक्षा 8 वीं के छात्र है और कोचिंग संबंधित काम से उज्जैन आये थे। नीलगंगा पुलिस के अनुसार आयशर जप्त कर ली गई है, चालक दुर्घटना के बाद भाग निकला था।

### इधर अज्ञात वाहन ने कुचला

दुर्घटना का एक मामला तराना में गुरूवार रात हुआ। भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम नानाखेडी रलायता में रहने वाला भंवरसिंह पिता सिद्धूलाल जाटवा मोपेड पर सवार होकर ससुराल मक्सी के पास गडौली जा रहा था। तराना में उसे अज्ञात चार पहिया वाहन ने कुचल दिया। भंवरसिंह की मौके पर मौत हो गई। तराना पुलिस ने उसके पास मिले आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

# नागदा से गांजा लेकर आया युवक पकडाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मादक पदार्थ लेकर आ रहे युवक की खबर मिलने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकडा। युवक के पास से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर नागदा से लाना कबूल किया। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाले की तलाश जारी है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि गुरूवार-शुक्रवार रात खबर मिली थी कि ग्राम लोहारी में एक युवक मादक पदार्थ लेकर आया है। पुलिस टीम ने युवक को पकडने के लिये घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। उसके पास से 754 ग्राम गांजा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नारायण पिता हरेसिंह पंवार 34 साल निवासी लोहारी होना बताया। उसका कहना था कि मादक पदार्थ नागदा के रहने वाले दीपकसिंह से लाया था। नारायण के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। गांजा उपलब्ध कराने वाले दीपक की तलाश में एक टीम नागदा भेजी गई थी, लेकिन वह फरार होना सामने आया है। जिसकी तलाश जारी है।

**एक युवक ने खाया जहरीला पदार्थ-** इंगोरिया के रहने वाले सुनील पिता गब्बूलाल केवट 40 साल ने गुरूवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे ग्राम नलवा और चिकली के बीच से उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। शुक्रवार तडके सुनील की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि सुनील अपने साले की शादी में नलवा के पास ग्राम फालपुरा आया था। शादी में शामिल होने के बाद वापस इंगोरिया जाने के लिये निकला था। उसके बेसुध हालत में पडे होने की सूचना लोगों से मिली थी।

## एमपी नगर के युवक ने गले में डाला मौत का फंदा

**उज्जैन।** एमपी नगर में रहने वाले युवक ने शुक्रवार शाम गले में मौत का फंदा डाल लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भाट ने बताया कि चरक अस्पताल से युवक को मृत अवस्था में लाने की सूचना ड्युटी कंपाउंडर से मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मृतक का नाम आयुष पिता यशवंत दावरे 24 साल निवासी एमपी नगर सामने आया। उसे अस्पताल लेकर आने वालों से पूछताछ करने पर सामने आया कि घर में फांसी लगाई है। आयुष सिजिंग का काम करता था। उसने ऐसे कदम क्यों उठाया स्पष्ट नहीं है। एसआई के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया यह भी जा रहा था कि मृतक के खिलाफ कुछ दिनों पहले माधवनगर थाना पुलिस ने भार्गवनगर में घर के बाहर खडी कार में आगजनी करने का प्रकरण भी दर्ज किया था।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार अंजलि यादव पिता विरेन्द्र जी पति राहुल बारोड निवासी शहीद नगर आगर रोड उज्जैन, ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी चन्दू उर्फ रामचन्द्र पिता दौला जाति बागरी निवासी ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 170 रकबा 0.60 हैक्टर किता 01 कुल विकित रकबा 0.60 हैक्टर लगानी स्थित घटिया हल्का नंबर घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । दिनांक 27-02-2026

**मोहित पाटीदार ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 7999640229**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती प्रभावती मीणा पुत्री रामचन्द्र देशवाली पति श्री उदयलालजी निवासी 67, पाटिल कॉलोनी, गली नंबर 1, मंदसौर कृषक ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 338/1/2/2 रकबा 0.1780 हेक्टर लगानी रूपये बरुऐ रेट स्थित ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज चली आ रही है, उक्त भूमि का सौदा अनुबंध पत्र के आधार क्रय कर, आंशिक धनराशि भी मेरे पक्षकार ने उपरोक्त विक्रेता को अदा कर दिया है। यह कि, उपरोक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, सहकारी संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भूमि विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग या ट्रस्ट आदि का कोई ऋण भार, कर्ज नही है, न्यायालय, बैंक में जमानत दी हो अथवा उक्त भूमि किसी व्यक्ति संस्था या ट्रस्ट के पक्ष में रहन, बय, दान, आदि की हुई हो अथवा उक्त भूमिस्वामी के किसी भी वैध उत्तराधिकारी का उक्त भूमि में किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित अधिकार आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि में मय असल दस्तावेज, मय प्रमाण के, मेरे अग्रलिखित पते पर आकर मुझसे मिले ओर लिखित में अपनी आपत्ति पेश करें, अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के अनुबंध पत्र / विक्रय पत्र का सम्पादन / निष्पादन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा व बाद म्याद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी ।

इति दिनांक 27.02.2026

**वैभव अग्रवाल एडवोकेट**
**रंगलाल राधाकृष्ण अग्रवाल 99, तिलक पथ उज्जैन**
**मो. 89899-00877**


## मवेशियों के लिये बनाई होद में डूबी 3 साल की मासूम

**बांसखेडी में हुई घटना, परिजनों ने पीएम से किया इंकार**

**उज्जैन।** मवेशियों के पानी पीने के लिये बनाई गई होद में शुक्रवार शाम खेलते समय 3 साल की मासूम गिर गई। डूबने से मासूम की मौत हो गई। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन परिजन मासूम को लेकर घर लौट चुके थे।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेडी से 3 साल की मासूम निव्या पिता लखन आंजना को शाम के समय नानाखेडा स्थित निजी अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन मासूम का शव लेकर वापस गांव लौट गये। एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि निजी अस्पताल में मासूम की मौत होने की खबर मिलने पर निजी अस्पताल पहुंचे थे, जहां से पता चला कि मासूम बांसखेडी की रहने वाली थी। बांसखेडी पहुंचने पर सामने आया कि मासूम खेलते समय घर के पास बनी मवेशियों की होद में गिर गई थी। 3 से 4 फीट की होद में पानी भरा होने पर डूबने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मासूम का शव पोस्टमार्टम के लिये ले जाने की बात कहीं, लेकिन परिजनों पोस्टमार्टम से कराने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि परिवार के कुछ समय मासूम के दादा का निधन हो गया था। पहली होली होने पर रिश्तेदार आये थे। परिवार मेहमानी में लगा हुआ था, उसी दौरान मासूम खेलते समय होद में गिरी है। एएसआई सौराष्ठी के अनुसार परिजनों के मना करने पर रात 11 बजे तक शव पोस्टमार्टम के लिये नहीं लाया गया था। परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आगे की विवेचना की जायेगी।


### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती ज्योति दायमा पति श्री विजय सिंह निवासी 132 / 133, सांई विहार कॉलोनी , देवास रोड़ , शक्करवासा , उज्जैन ( म . प्र . ) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भवन म्यु. क्रमांक 132 का उत्तरी एवं 133 का दक्षिणी भाग श्री सांई विहार कॉलोनी शक्करवासा, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसकी पैमाईश लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 15 . 24 मीटर। चौडाई- उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान 3 . 35 मीटर भवन का कुल क्षेत्रफल 51 . 05 वर्गमीटर होकर भवन की चर्तु:सीमा-पूर्व दिशा की ओर मकान क्रमांक 112, पश्चिम दिशा की ओर-रोड़ कॉलोनी का, उत्तर दिशा की ओर भूखण्ड क्रमांक 133 का भाग व दक्षिण दिशा की ओर-भूखण्ड़ क्रमांक 132 का भाग मिला है के मध्य स्थित भवन को एक मंजिला निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्सर्स एवं मय तला व हवाई हक व नल व बिजली कनेक्शन मय मीटर डिपाजिट सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 27 - 02 - 2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट ) एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 98264-44002**




## सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक

**उज्जैन।** आगामी होली-रंगपंचमी पर सुरक्षा-व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल को बनाये रखने के लिये शुक्रवार को पुलिस कंट्रोलरूम पर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीजी ने जिले के सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये।

होली दहन 2 मार्च की रात्रि और 3 मार्च को रंगों की मस्ती का पर्व होली के साथ पांच दिनों बाद मनाये जाने वाले रंगपंचमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था और कानून व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण माहौल को बनाये रखने के लिये एडीजी राकेश गुप्ता द्वारा उच्च स्तरीय बैठक का आयोजित की। बैठक के दौरान डीआईजी, नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा के साथ सभी सीएसपी और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक ऑनलाइन और ऑफ लाइन रही, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के एसडीओपी, थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। इस दौरान एडीजी ने सभी को निर्देश देते हुए अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ रखने की बात कहीं। पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने के लिये कहा गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग, अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के साथ अपने क्षेत्र में आमजन से समन्वय स्थापित कर त्यौहारों को सौहार्द्र वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश जारी किये।

## देवास-बड़नगर बायपास पर पलटी बारातियों की बस

**उज्जैन।** सिहोर के बरातियों से भरी बस गुरूवार-शुक्रवार रात देवास-बडनगर बायपास पर पलटी खा गई। बस में सवार 13 लोग घायल हुए, जिसमें तीन को उपचार के लिये भर्ती किया गया।

नानाखेडा थाना पुलिस ने बताया कि रात में देवास-बडनगर बायपास पर बस क्रमांक एमपी 20 आर 1000 पलटने की खबर मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। इस दौरान बस में सवार 13 लोगों को चोंट लगना सामने आया। बस सडक मार्ग से खेत में पलटी थी। घायलों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया और जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि बस में सिहोर के ग्राम लसुडिया के बाराती सवार थे। बारात बडनगर गई थी, जहां से वापास सिहोर लौट रही थी। घायलों में सचिन कुशवाहा, रामस्वरूप प्रजापत और अजबसिंह को चोंट ज्यादा होने पर उपचार के लिये भर्ती किया गया। वहीं मनोहर, राजमल, रामचंद्र, शिवनारायण, प्रहलाद, नरेश, भंवर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। मामले में बस चालक फरार हो गया था, जिसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और लोगों की जान मुसीबत में डालने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## हत्या के 2 आरोपियों को आजीवन कारावास

**उज्जैन।** वर्ष 2020 कोरोना काल के दौरान हुई हत्या के मामले में पांच साल बाद न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए 2 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त हत्याकांड को पुलिस द्वारा चिन्हित और जघन्य हत्या कांड में शामिल किया था। चिमनगंज थाना क्षेत्र के उंडासा क्षेत्र में 7 सितंबर 2020 को बजरंग नगर में रहने वाले सचिन पिता हीरालाल सेंगर 35 साल की चाकू से हमला कर जघन्य हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद पुलिस ने धारा 302, 34 और एससी/एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर हत्या में शामिल समीर उर्फ अय्या पिता शरीफ शाह निवासी अहमदनगर और मुख्तियार उर्फ इमरान पिता आजाद मौलाना अंसारी निवासी यादव नगर को गिरफ्तार किया था। तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र भास्कर के नेतृत्व में तत्कालीन एसआई रविन्द्र कटारे द्वारा विवेचना पूर्ण का अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। आरोपियों ने सचिन सेंगर के चाकू से कई प्राणघातक वार किये थे। जिसके चलते हत्याकांड को जघन्य और सनसनीखेज श्रेणी में शामिल किया गया था। पांच सालों तक चली सुनवाई के बाद शुक्रवार को अरविंद प्रतापसिंह चौहान विशेष न्यायाधीश द्वारा फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। वर्तमान थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजन अधिकारी ईश्वरसिंह केलकर द्वारा पैरवी की गई।

## नीलामी बंद होने पर किसानों का फूटा गुस्सा

**बड़नगर।** आज स्थानीय कृषि उपज मंडी में उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया जब नीलामी कार्य बंद होने से आक्रोशित किसानों ने मंडी के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। घटना की जड़ में तुलावटी संघ की वे मांगें थीं जो उन्होंने 2 माह पूर्व मंडी सचिव को लिखित में दी थीं, लेकिन उन पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में आज व्यापारियों ने नीलामी का कार्य बंद कर दिया, जिससे अपनी उपज लेकर आए किसान आक्रोशित हो उठे और मंडी गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगभग 3 घंटे तक मंडी में नीलामी का कार्य पूरी तरह ठप रहा, जिससे दूर-दराज से आए सैकड़ों किसानों को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सबको जोड़ते चलिए



सही प्यार का क्या स्वरूप है? वैष्णव दर्शन में बताया गया है, जब प्रेम बढ़ता है, समाज में, जाति, परिवार में, तो उसमें लेने का भाव घटता है। मन-हृदय में देने-देने का ही भाव रह जाता है। इसे वैष्णव दर्शन में तत्सुख सुखोत्तम कहते हैं। प्रिया को सुख मिले, यह प्रियतम की भावना होती है। यदि वह सुखी है, तो हम सुखी हैं और प्रिया सोचती है कि हमें अपने सुख की कोई परवाह नहीं, जो होगा देखा जाएगा, बस हमारा प्रेमी या प्रियतम खुश रहे।

श्याम मनोहर कृष्ण तो एक ही थे, उनकी हजारों गोपियां और पत्नियां थीं, किंतु किसी का हार्ट फेल नहीं हुआ। किसी ने कृष्ण के विरुद्ध याचिका दायर नहीं की। गोपियां यदि मिलकर हंगामा करतीं, तो भागवत की कथा ही नहीं हो पाती। गोपियों ने अपना रोम-रोम श्यामसुन्दर को दे दिया। भक्ति के आचार्य के रूप में गोपियों को देखा जाता है। उनसे ज्यादा प्रयोग और ज्ञान किसी को भक्ति का नहीं है। आचार्य कौन है? जिसने सर्वस्व को समझा और जिसने सम्पूर्ण जीवन का सार समझा और जीवन में उतारा, उसी को आचार्य कहते हैं।

आज तो आचार्य बनाने वालों को ही आचार्य शब्द के अर्थ का ज्ञान नहीं है। भ्रष्टाचार और आतंकवाद के विरुद्ध आंदोलन करने वाले को भ्रष्टाचार का ज्ञान नहीं है। आज ऐसी स्थिति हो गई है कि कोई घर आता है, तो कोई पानी भी नहीं पूछता। आचार्य भी आते हैं, तो कोई बैठने को नहीं कहता है। यदि आचार्य ही भ्रष्ट होंगे, तो उनका कोई महत्व नहीं रह जाएगा। मैं कह देता हूं कि वरिष्ठता का हनन करके लोकतंत्र में यदि किसी जूनियर को आगे ले आया जा रहा है, तो यह भ्रष्टाचार है या नहीं? ऐसे धार्मिक-सामाजिक-मानसिक भ्रष्टाचार के सामने धन का भ्रष्टाचार भी छोटा लगता है। सास आए और बहू बैठने को भी न कहे, तो कैसे चलेगा?

आज लोगों को भ्रष्टाचार का वास्तविक स्वरूप ही समझ में नहीं आ रहा है। ऐसे में, रामजी का जो जीवन अभियान है, हमें उसे जरूर देखना चाहिए। रामजी ने साधन का संग्रह नहीं किया, किसी पार्टी या किसी जाति या किसी अमुक की कभी उपेक्षा नहीं की, जो मिलता गया, उसे जोड़ लिया। सुग्रीव मिले, तो उन्हें जोड़ा, जामवंत मिले, तो उन्हें जोड़ा। निषादराज मिले, तो उन्हें और अनेक लोगों को जोड़ा। अपने समय के महान चिंतकों, मनिषियों, ऋषियों के पास आश्रमों में जा-जाकर रामजी दंडवत करते हैं। रामराज्य की स्थापना के कुछ सूत्र हैं, उनको अपनाना पड़ेगा। जो सात्विक जीवन के लोग हैं, उनसे आप सहयोग लें, प्रेरणा प्राप्?त करें, उनसे आपका आधार बन जाएगा। यही आपके लिए औषधि बन जाएगी। हर व्यक्ति श्रेष्ठ जन के प्रति प्रेम और आदर का भाव रखे, तभी वह अपने जीवन का श्रेष्ठतम उपयोग कर पाएगा।



**सम्पादकीय**

## गलत पाठ न पढ़ाएं

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) से सर्वोच्च न्यायालय की नाराजगी बिल्कुल जायज है और इस नाराजगी का यथोचित पटाक्षेप होना चाहिए। एनसीईआरटी द्वारा जारी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तक के एक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की ओर संकेत किया गया था और यह पुस्तक उपयोग में थी। अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर न केवल इस पुस्तक पर पूरी तरह से रोक लग गई है, इसकी तमाम वितरित प्रतियों को भी वापस लेने का आदेश हुआ है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने बिल्कुल सही सवाल किया है- क्या आप सिखाना चाहते हैं कि न्यायपालिका भ्रष्ट है? वाकई स्कूली बच्चों को यह बताना या पढ़ाना किसी भी दृष्टि से अनुचित है। एनसीईआरटी की इस पुस्तक ने न्यायालय को बहुत निराश किया है। न्यायाधीशों की भाषा में कहें, तो न्यायपालिका का खून बहाया गया है। अतः यह न्यायपालिका के साथ खड़े होने का समय है। सोचकर देखिए, स्कूली बच्चों को अगर यह पढ़ाया जाए कि हमारी कार्यपालिका, न्यायपालिका या विधायिका बुरी है, तो इससे क्या संदेश जाएगा? यह पढ़कर बच्चे देश के बारे में क्या धारणा बनाएंगे?

यह बहुत अफसोस की बात है कि एनसीईआरटी को देश की एक जिम्मेदार संस्था माना जाता है और अनेक चरणों से गुजरकर वहां किताबें तैयार होती हैं। इस बड़ी गलती को एनसीईआरटी अनजाने में हुई गलती मान रहा है। हालांकि, उसकी यह दलील पर्याप्त नहीं है और दोषियों पर गाज गिरना तय है। इस मामले में अब केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का रुख भी कड़ा है। जैसा कि पूछा जा रहा है, क्या वाकई केवल दो लोग इस गलती के लिए जिम्मेदार हैं? क्या केवल दो लोगों को कठघरे में खड़ा कर देने से एनसीईआरटी की जिम्मेदारी पूरी हो जाएगी? एनसीईआरटी को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाठ्य-पुस्तक लेखन में बहुत सुलझे हुए विचारवान लोगों के लिए जगह बने। साथ ही, लेखन से भी ज्यादा जरूरी है, लिखे हुए पाठ को व्यापक दृष्टिकोण से परखना। समाज में नाना प्रकार के सत्य हैं, किंतु हर सत्य स्कूलों में पढ़ाया या सिखाया जाए, तो इसके नुकसान ज्यादा और फायदे कम हैं। सही पाठ्य-पुस्तकें बच्चों में उत्साह और आशा बढ़ाने का काम करती हैं। देश के प्रति प्रेम-भाव पैदा करती हैं, व्यवस्था के प्रति सम्मान भाव लाती हैं, ताकि बच्चे जब बड़े हों, तब जागरूक नागरिक साबित हों। यदि उन्हें कोई यह पढ़ाना चाहता है कि हमारी व्यवस्था का फलां अंग खराब हो चुका है, तो वास्तव में यह देश की शिक्षा और मानसिकता को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। इसे अपराध की श्रेणी में रखकर आगे बढ़ा जाए, तो बेहतर है।

### असुरक्षा के भय में जीते ये लोग

## सफलता की दहलीज पर सिसकती संवेदनाएँ

आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने जिस 'प्रगति' का महल खड़ा किया है, उसकी नींव में अपनों की ही उपेक्षा और सन्नाटों का गारा लगा है। संवेदनाओं के मरुस्थल में तब्दील होते जा रहे समाज की सबसे वीभत्स त्रासदी 'सामाजिक अलगाव' है। वह मनुष्य, जो स्वभाव से ही एक सामाजिक इकाई था, आज अपने ही बनाए ऊंचे कंक्रीट के जंगलों और आभासी दुनिया के मायाजाल में इस कदर कैद हो गया है कि उसके बगल के द्वार पर दस्तक देने वाला अकेलापन भी उसे सुनाई नहीं देता है। प्रगति की जिन ऊंचाइयों को हमने छुआ है, वहां ऑक्सीजन की तरह आत्मीयता भी कम होती जा रही है।



स्नेहलता श्रीवास्तव (दैनिक अवन्तिका)





हाल के वर्षों में समाज के बंद कमरों से जो खबरें छनकर आ रही हैं, वे किसी डरावनी फिल्म की पटकथा से कम नहीं हैं। कहीं एक प्रबुद्ध व्यक्ति अपनी बीमार पत्नी का गला इसलिए घोंट देता है क्योंकि उसे डर है कि उसकी मृत्यु के बाद उसकी लाचार जीवनसंगिनी का ख्याल रखने वाला कोई नहीं होगा, तो कभी बुजुर्ग दम्पति साथ में आत्महत्या कर लेते हैं, तो कहीं महीनों तक एक बंद फ्लैट में किसी बुजुर्ग का कंकाल मिलता है, जिसकी संतान सात समंदर पार डॉलर कमा रही है। ये घटनाएं केवल 'क्राइम रिपोर्ट' का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि उस मानसिक विक्षिप्ति और गहरे अवसाद की गूँज हैं, जो अकेलेपन की कोख से जन्म लेती हैं। जब एक विकसित मस्तिष्क 'एंटीसिपेटरी एंग्जायटी' (भविष्य की असुरक्षा का डर) की भेंट चढ़ जाता है, तो उसे जीवन से अधिक गरिमामय 'मृत्यु' लगने लगती है।

मनोवैज्ञानिक धरातल पर देखें तो यह अलगाव एक 'धीमे जहर' की तरह कार्य करता है। एक समय था जब सामुदायिक जीवन एक सुरक्षा कवच हुआ करता था, जहाँ सुख-दुख की साझा विरासत भय को पनपने नहीं देती थी। परंतु आज, स्वायत्तता और निजता के नाम पर हमने जो दीवारें खड़ी की हैं, उन्होंने हमें सुरक्षित नहीं बल्कि असुरक्षित और संशयवादी बना दिया है। जब व्यक्ति अपने उत्सवों और विषादों में अकेला रह जाता है, तो उसके भीतर का सामाजिक प्राणी धीरे-धीरे मरने लगता है। इसी अकेलेपन की बेबसी एक सुसंस्कृत व्यक्तित्व को कातिल या आत्महंता बना देती है। हमें सोचना चाहिए कि यह 'मर्सी किलिंग' का विकृत रूप है या हमारे आधुनिक मूल्यों की सामूहिक विफलता?

यह कैसी विडंबना है कि जिस पीढ़ी ने समाज और राष्ट्र को अपने ज्ञान और अनुभव से सींचा, आज वही पीढ़ी उसी समाज के हाशिए पर खड़ी होकर अपनों की ही राह जोह रही है। संस्कारों का क्षरण और सामाजिक ताने-बाने का छिन्न-भिन्न होना इस बात का प्रमाण है कि हमने विकास की परिभाषा गलत चुन ली है। यदि हमारी तरक्की हमें अपने ही माता-पिता और समाज के प्रति असंवेदनशील बना सकती, तो यह प्रगति नहीं, बल्कि एक सुसज्जित पतन है। सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना का विलुप्त होना और व्यक्तिवाद का चरम पर पहुँचना ही वह मनोवैज्ञानिक बिंदु है जहाँ पहुँचकर इंसान का मानसिक संतुलन डगमगाने लगता है।

अतः इस गहराते सामाजिक अलगाव और टूटते रिश्तों के भंवर से निकलने का मार्ग केवल 'आर्थिक सुरक्षा' में नहीं, बल्कि 'भावनात्मक पुनर्वास' में निहित है। समय की मांग है कि हम विकास की अंधी दौड़ को थोड़ा विराम दें और अपनी जड़ों की ओर लौटें। आने वाली पीढ़ियों को केवल 'सफल' होने की होड़ में शामिल करना पर्याप्त नहीं है, उन्हें 'संवेदनशील' बनाना अनिवार्य है। यदि शिक्षा मनुष्य को अपनों के प्रति उत्तरदायी नहीं बनाती, तो वह मात्र एक तकनीकी प्रशिक्षण है, ज्ञान नहीं। हमें ऐसे समाज की पुनर्रचना करनी होगी जहाँ बुजुर्गों का अनुभव बोझ नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक प्रकाश बने और जहाँ पड़ोस की दीवारें इतनी ऊँची न हों कि भीतर का सन्नाटा बाहर न सुनाई दे।

अंततः, जीवन की सार्थकता सात समंदर पार अर्जित की गई उपलब्धियों में उतनी नहीं है, जितनी कि अपनों की आँखों में दिखने वाले संतोष और सुरक्षा के भाव में है। रिश्तों को डिजिटल स्क्रीन के मोह से मुक्त कर पुनः स्पर्श, प्रेम और भौतिक उपस्थिति की ऊष्मा देनी होगी। याद रहे, जिस समाज में संतानों की 'योग्यता' ही माता-पिता के 'अकेलेपन' का कारण बन जाए, वहाँ प्रगति का हर मार्ग अंततः पतन की ओर ही जाता है। मानवता का सच्चा उत्थान वही है, जहाँ कोई भी व्यक्ति स्वयं को इतना असहाय न पाए कि उसे जीवन के अंतिम अध्याय को खौफनाक अंत में बदलना पड़े। यह समय केवल विलाप का नहीं, बल्कि गहन आत्म-चिंतन का है।

## हे मॉडर्न महारानी!

नमस्कार है हे मॉडर्न महारानी! आप इस डिजिटल संसार के उस डेटा पैक की तरह हैं जिसके खत्म होते ही पुरुष का सारा 'सिस्टम' हैंग हो जाता है। लोग कहते हैं कि विवाह एक बंधन है, पर हम तो कहते हैं कि यह वह परमानेंट 'जेल' है जिसमें कैदी खुद ही मिठाई के डिब्बे लेकर दाखिला लेने पहुंचता है। पुराने जमाने में पाणिनि ने आपके यज्ञ-संयोग की महिमा गाई थी, पर आज का शास्त्र तो कहता है कि बिना 'वाइफ' के वाई-फाई का पासवर्ड तक नसीब नहीं होता। यज्ञ-दान तो छोड़िए, बिना आपकी अनुमति के तो पुरुष अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर 'फीलिंग हैप्पी' तक लिखने का साहस नहीं जुटा पाता।

शास्त्रीय विधान था कि बिना गृहस्थ हुए मोक्ष नहीं मिलता। आज का विधान यह है कि बिना गृहस्थ हुए आदमी को बैंक से 'होम लोन' नहीं मिलता। जो लोग देश सुधारने का बीड़ा उठाए टीवी डिबेट्स में दहाड़ते हैं, वे भी घर की दहलीज पार करते ही ऐसे 'म्यूट' हो जाते हैं जैसे किसी ने रिमोट का बटन दबा दिया हो। उनकी वीरता का सारा तेल आपकी एक तिरछी चितवन में निकल जाता है। धन्य है वह पत्नी-भक्ति, जो एक शेर को भी 'सर्कस का शेर' बना देती है जो केवल रिंग मास्टर की सीटी (यानी बेलन की खनक) पर ही करतब दिखाता है।

हे आदि रस की स्वामिनी! आज के शूरवीर साहबान, जो ऑफिस में फाइलों के ढेर पर बैठकर मुल्क का इंतजाम करने की चतुराई दिखाते हैं, वे आपके सामने आते ही ऐसे 'सरेंडर' होते हैं जैसे कोई आउटडेटेड सॉफ्टवेयर। जो साहब बड़े-बड़े घोटालों को पी जाते हैं, वे एक 'साधारण-सी' सेल या शॉपिंग की लिस्ट देखकर कर्ज में ऐसे डूबते हैं जैसे टाइटैनिक। औसत दर्जे की तनख्वाह पाने वाला बाबू महीने की दस तारीख तक आपके चरणों में अपनी सारी 'अर्थव्यवस्था' समर्पित कर खुद 'फकीर' बना घूमता है, पर मजाल है कि आपके चेहरे की चमक में एक प्रतिशत की भी गिरावट आए! जिस घर में आप मुस्कुराती हैं, वहां क्रेडिट कार्ड की लिमिट भले ही खत्म हो जाए, पर खुशियां 'कैशबैक' की तरह बरसती रहती हैं। और जहां आपने अपना 'रौद्र रूप' धारण किया, वहां साक्षात यमराज भी बिना अपॉइंटमेंट के आने से डरते हैं। पुराने कवियों ने आपको दासी, मित्र और गुरु कहा था; आज के कवि आपको 'होम मिनिस्ट्री', 'सुप्रीम कोर्ट' और 'फाइनेंस डिपार्टमेंट' का कॉम्बो पैक मानते हैं।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 फरवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:54 सूर्यास्त 18:26
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - द्वादशी 20:44 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - पुर्नवशु 09:35 उपरांत पुष्य
योग - सौभाग्य 17:02 उपरांत शोभन
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 10 तारिख

**मेष-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन-** संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है।

**कर्क-** कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। धनार्जन होगा।

**सिंह-** कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें।

**कन्या-** पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा।

**तुला-** व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।

**वृश्चिक-** कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें।

**धनु-** काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर-** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**कुंभ-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा।

**मीन-** नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

**व्यंग्य**

## साठा सो पाठा और जेन जी



कमलेश कंवल (दैनिक अवन्तिका)

बूढ़े पत्नी पीड़ित संघ में नई जवानी आई थी। हालांकि हमने तो था लाख समझाया कि भाई लोगों अभी तो आप सभी अविवाहित हो। अपना कोई प्रेमिका पीड़ित संघ बना लो। यार काहे हम गरीबों की छाती पे मूंग दलने के लिए घुसे चले आ रहे हो। वैसे भी तो हमारी बढ़ती तोंद और घटते बालों के कारण, हमारी बीबिओं का हम से मोहभंग हुए जा रहा है । और ऐसे में तुम्हारा हमारे साथ उठना बैठना तो बघार के बाद तड़के का ही काम करेगा कि नहीं। इस अमृत काल में जो न हो सो कम है। ऐसे में तुमको और हमारी मेहरारूओं को...! न बाबा हम शेरनी और बकरे को साथ साथ नहीं छोड़ सकते। तुम्हारा ये खिला खिला सा चेहरा, टेक्नो फ्रेंडली और इनोवेटिव होना, फॉरहेड पे लहराती हुई जुल्फें हमारी ड़ोकरियों के लिए तो मायाजाल ही बुन डालेंगे। भाई ये तो तै है कि तुम लोग तो हम गरीबों के संकट में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने वाले हो। पर वो लोग थे कि माने ही नहीं। कहने लगे ₹हे वॉट्सअप यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों! आप सभी साठा सो पाठा हो गए हो। लगता है बालों के साथ साथ अकल भी उड़ गई है। हमको क्या षोडशी बालाओं की कमी है जो तुम्हारी अध बूढ़ी घोड़ियों की लाल लगाम देखकर उनसे लिपट जाएंगे। जेन जी के इतने बुरे दिन अभी आए नहीं हैं। ओ ! झंडू केसरी जीवन के विज्ञापनों! अस्सी में लस्सी न हुए जाओ। हम तो ये सोच रहे है कि आज नहीं तो कल शादी तो होनी ही है। फिर क्यों नहीं अभी से कोई संघ ज्वाइन कर लिया जावे ताकि सनद रहे और वक्त बेवक्त जरूरत पड़ने पर मित्र गण दाना पानी ले कर चढ़ाई के लिए तत्काल टपक पड़े।₹

अब हम क्या समझाते उन युवा आलू बुखारों को कि हम पके हुए आम है। हमे तो खुद पता नहीं कि हम कब खुद टपक जाए और वैसे भी हम इतनी बार टपकाए जा चुके है कि टपकाते टपकाते हमारी पत्नियों की टपकाने के लिए टपकने वाली लार भी अब तो टपकना बंद हो गई है। और ये भी तो समझने की बात है कि इतेक बहादुर होते हम लोग तो,हमारी जोरू लोग संघ बनाती, हम नहीं। मगर अपने मुंह से अपनी तारीफ क्या करते भला। जब आ ही गए है चिलगोंजे तो जान भी जायेंगे सब। सो ये तय हुआ कि देश हित और समाज के हितों के मद्दे नजर संघ की माली हालत सुदृढ़ करने और शारीरिक शक्ति वर्धन के लिए इन थ्री नॉट थ्री कैप्सूलों को संघ में भर्ती किया जाना सर्वथा उचित रहेगा।

इतिहास गवाह है कि बूढों ने कभी क्रांति या प्रति क्रांति नहीं की है। यदि गलती से जय प्रकाश बाबू से हो भी गई तो उनके हाथ पैर तो युवा ही थे। सो ये तो तय था कि हमारे संघ में कुछ न कुछ तो होने वाला है। अब क्या होने वाला है ये त्रिया चरित्र सा था अबूझ। संघ में बूढ़े एक दूसरे को अपनी अपनी राम कहानी सुनाकर दिल के छाले फोड़ते रहते है ।अब ये ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। ये जेन जी कुछ न कुछ बवाल तो जरूर खड़ा करेंगे। अरे जब मुल्कों की सत्ता पलट दी तो जगह जगह से चरमरा गए इस पी पी एस अर्थात पत्नी पीड़ित संघ की क्या औकात कि चू भी कर सके । आखिर बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाती। एक दिन जब जेन जी ने हाइड्रोजन बम फोड़ दिया तो वो कयामत का दिन भी सुरसा की तरह मुंह फाड़े सामने आ कर खड़ा हो ही गया। नए फुकरों ने हम पुराने फुकरों को दस बिंदु दिए थे। जिन पर विचार कर हमको उन पर अमल करना था ।साथ ही अमल न करने की स्थिति में तख्ता पलट की चेतावनी भी नत्थी कर दी थी जैसे बंगाली मिठाई वाले मिठाई के साथ हमको एक ठो चेतावनी भी चिपका देते है कि इतने इतने घंटे में सुलटा देना ये सारी। नहीं तो फिर न कहना मुझसे कुछ भी। हम बूढों में जो संघ पे सालों से कब्जा किए बैठे थे अफरा तफरी मच गई थी। अस्सी अस्सी साल के पत्नी पीड़ित सिंहासन पे कुंडली मार के बैठे थे ।

## दुर्लभ बीमारियां सामान्य लगती है, उपचार में देरी ना करें

भारत में करीब 7 से 9.6 करोड़ लोग किसी न किसी दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे हैं। जिनमें लगभग 80% बीमारियां अनुवांशिक हैं। इनके लक्षण सामान्य बीमारियों जैसे लगते हैं जिससे सही निदान में देरी होने से उपचार में भी देरी से शुरू होता है।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

दुर्लभ बीमारियों पर विश्व दुर्लभ रोग दिवस फरवरी के अन्तिम दिन 28 या तो 29 फरवरी को हर साल मनाया जाता है। विगत वर्षों में कोरोना काल के बाद लगभग 13 तरह की संक्रामक की बीमारियाँ बढ़ी है। इसमें टीबी- कैंसर, बीपी, डायबिटी, हार्ट अटैक प्रमुख है। देखा गया कि 44 देशों में एक या उससे अधिक संक्रामक बीमारियां लगभग 10 गुना तेजी से फैल रही है। इसमें कोरोना के कारण घटी इम्यूनिटी एक बड़ा कारण है। इसके अलावा लोगों में फेफड़ों की क्षमता घटी है। तीव्र तापमान की बढ़ोतरी से तनाव भी एक बड़ा कारण रहा है। देश में करीब 8 करोड़ लोग कई तरह की दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित हैं। इनमें से 80 प्रतिशत बच्चे हैं। देश में विभिन्न शोध से अब तक 7000 किस्म की दुर्लभ बीमारियां हमारे सामने पेश हो चुकी है यह बीमारियां मरीज व उनके परिजनों के लिए अनगिनत चुनौतियां पेश करती हैं । यह बीमारियां मरीज वह उनके परिजनों के लिए अनगिनत चुनौतियां पेश करती हैं। दुर्लभ बीमारियों ज्यादातर आनुवांशिक होती है। ये पीढी-दर-पीढ़ी लोगों को प्रभावित करती है। फिर भी इनका सहीं इलाज' व चिकित्सा लेने से इनके दुष्प्रभाव को दूर किया जाना संभव है। देखा गया कि मरीज को सही वक्त पर उचित उपचार न मिलना रहा है। इन बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने और दुर्लभ बीमारियों के निदान और उपचार में सुधार के लिए बहुत सी नीतियाँ, योजनाएँ, बजट आदि बढ़ावा देने की आवश्यकता है । दुर्लभ बीमारियों में मुख्य रूप से चार कारण प्रभावी माने गए है, आनुवांशिक, संक्रामक, आटोइम्यून, एवं पर्यावरणीय सम्मिलित है। स्पष्ट है कि जिसमें दुर्लभ बीमारियों में करीब 80 प्रतिशत रोग आनुवांशिक होते है, जो पीढी-दर -पीढ़ी चलती है। इसमें थैलेसीमिया , स्किल सेल एनीमिया, होमोफीलिया, ड्यूशऐन, मस्कुलर, गरी डिस्ट्राफी, लाइसोसोमल स्टोरेज शामिल है। संक्रामक बीमारी में बैक्टीरिया या वायरस प्रमुख है। इनमें अन्य डिसीज भी होती है। इस दिवस पर सन 2025 में फिनिशियन डॉ. आशा लता, से वरिष्ठ आयुर्वेद डॉ बी. एस. शर्मा, होम्योपैथी डॉ नमीता राजवंशी ने रोगी के वरिष्ठ ये लक्षण, समग्र स्थिति का आकलनों और के उनकी बीमारियों के निदान की उचित सलाह रोगियों को दी हैं । दुर्लभ बीमारियों की संख्या बहुत है। बढ़ते एक तापमान की दृष्टि से जागरूकता के लिए कुछ वर्णन प्रस्तुत , फिर भी बढ़ते एक तापमान की दृष्टि से जागरूकता के लिए बहुत प्रयास के बाद भी तापमान सही नहीं आता है-मरीज का तो, इसमें शरीर के बदलाव से की लू की स्थिति बन जाती है। लू स्थिति मरीज के अधिक समय तक रहने से बीमारी का प्रकोप बढ़ना है। लू के लक्षण में सिरदर्द, चक्कर, ऐंठने महसूस होती है। यह बीमारी पानी की कमी यानी संभव है। हृदय रोग बीमारी का प्रकोप भी बढ़ रहा है। इंडियन हाई एसोसिएशन के अनुसार भारतीय पुरुषों में 50 प्रतिशत हार्ट अटैक 50 से कम उम्र के लोगों में हो रहे है। इस रोग के बढ़ने के कई कारण है, इसमें जीवन शैली सबसे अहम है। सबसे अच्छा आहार नियमित व्यायाम और लम्बी बैठक को कम कर के बचा जा सकता है। हम बहुत प्रयास के बाद भी तापमान सही नहीं आता है-मरीज का तो, इसमें शरीर के बदलाव से की लू की स्थिति बन जाती है। लू स्थिति मरीज के अधिक समय तक रहने से बीमारी का प्रकोप बढ़ना है। लू के लक्षण में सिरदर्द, चक्कर, ऐंठने महसूस होती है।

**धर्म-आस्था**

## हनुमान चालीसा और बजरंग बाणः आस्था, साधना और उद्देश्य का अंतर

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में भगवान श्रीराम के परम भक्त महावीर हनुमान का स्थान अद्वितीय है। उनके अनेक नाम प्रचलित हैं–हनुमान, बजरंग, मारुति, पवनपुत्र–और प्रत्येक नाम उनके व्यक्तित्व के किसी विशेष गुण को व्यक्त करता है। सामान्य जनमानस में हनुमान और बजरंग शब्द प्रायः एक-दूसरे के पर्याय माने जाते हैं, जो स्वाभाविक भी है, क्योंकि दोनों ही श्रीहनुमानजी से संबंधित भक्ति के माध्यम हैं।

फिर भी साधना और प्रयोग की दृष्टि से हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के स्वरूप, भाव और उद्देश्य में महत्वपूर्ण अंतर है। धर्म और आस्था के गंभीर अध्ययन में यह भेद समझना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालु उचित परिस्थिति में उचित पाठ का चयन कर सकें। हनुमान चालीसा मूलतः स्तुति और स्मरण का ग्रंथ है। यह भक्त और भगवान के बीच प्रेम, विश्वास और समर्पण का सेतु बनाती है। इसमें दोहों और चौपाइयों के माध्यम से हनुमानजी के गुणों, पराक्रम और कृपा का गुणगान किया गया है। इसकी भाषा सरल, मधुर और सर्वसुलभ है, इसलिए बालक से लेकर वृद्ध तक कोई भी श्रद्धा से इसका पाठ कर सकता है।

हनुमान चालीसा का नियमित पाठ मन को स्थिर करता है, भय को कम करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इसे दैनिक उपासना का अंग माना गया है। यह वैसी आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे साधक के भीतर आत्मविश्वास, धैर्य और भक्ति का संचार करती है। इसके विपरीत, बजरंग बाण का स्वर अधिक तीव्र और संकल्पपूर्ण है। इसे सामान्य स्तुति के बजाय विशेष परिस्थितियों में किया जाने वाला पाठ माना गया है। परंपरागत मान्यता है कि जब साधक अत्यंत कठिन संकट, बाधा या मानसिक क्लेश से घिरा हो, तब बजरंग बाण का पाठ किया जाता है। सरल शब्दों में कहें तो हनुमान चालीसा जहाँ शांति और नियमित साधना का मार्ग है, वहीं बजरंग बाण संकट-निवारण की तीव्र प्रार्थना का रूप माना जाता है। इसलिए परंपरा में यह सलाह दी जाती रही है कि बजरंग बाण का पाठ श्रद्धा, संयम और विधि के साथ ही किया जाए, न कि सामान्य दिनचर्या की तरह।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन दोनों रचनाओं का संबंध संत गोस्वामी तुलसीदास से माना जाता है। जनश्रुति यह कहती है कि कठिन परिस्थितियों में तुलसीदासजी ने हनुमान भक्ति के इन स्त्रोतों की रचना की, जिससे भक्तों को संकट से उबरने का आध्यात्मिक सहारा मिला। यद्यपि इतिहासकार इन प्रसंगों की विभिन्न व्याख्याएँ करते हैं, पर भक्तिभाव में इनका महत्व निर्विवाद है।

साधना की दृष्टि से भी दोनों के पाठ की मयार्दा अलग मानी गई है। हनुमान चालीसा का पाठ कोई भी श्रद्धालु नियमित रूप से कर सकता है। इसके लिए विशेष जटिल विधि आवश्यक नहीं–साफ मन, श्रद्धा और नियमितता ही पर्याप्त मानी जाती है।

वहीं बजरंग बाण के पाठ के लिए पारंपरिक रूप से कुछ पूर्व-विधियाँ बताई जाती हैं–जैसे गुरु, गणेश, कुलदेवता और श्रीराम का स्मरण, मन को एकाग्र करना, तथा संयमित जीवनचर्या रखना। अनेक आचार्य यह भी कहते हैं कि जो साधक पहले से हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करता रहा हो, वही बजरंग बाण का संकल्प ले तो अधिक उपयुक्त रहता है।

यहाँ एक महत्वपूर्ण बात समझना आवश्यक है–धार्मिक ग्रंथों का प्रभाव केवल शब्दों में नहीं, भाव में निहित होता है। यदि पाठ केवल यांत्रिक रूप से किया जाए और जीवन में संयम, सत्य और सदाचार न हो, तो अपेक्षित आध्यात्मिक फल प्राप्त नहीं होता। हनुमान भक्ति का मूल तत्व है–निष्ठा, विनम्रता, सेवा और निर्भयता। आज के भागदौड़ भरे समय में लोग त्वरित समाधान की तलाश में रहते हैं। इसी मानसिकता के कारण कभी-कभी बजरंग बाण को तुरंत प्रभाव वाले पाठ के रूप में प्रस्तुत कर दिया जाता है, जो आस्था की गहराई को सतही बना देता है। धर्म कोई तात्कालिक प्रयोग नहीं, बल्कि जीवनशैली है। नियमित साधना, संयमित आचरण और सकारात्मक कर्म ही वास्तविक आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग हैं। हनुमानजी की उपासना का सार भय से मुक्ति और कर्तव्य के प्रति जागरण है। वे शक्ति के साथ सेवा, और पराक्रम के साथ विनम्रता के प्रतीक हैं। अतः चाहे हनुमान चालीसा का पाठ हो या बजरंग बाण का–मुख्य उद्देश्य आत्मबल, सद्बुद्धि और धर्ममय जीवन का निर्माण होना चाहिए। अंततः यह समझना आवश्यक है कि दोनों ही स्त्रोत भक्ति के पवित्र माध्यम हैं, प्रतिस्पर्धी नहीं।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1878-2681 चना काबली- 2401-7301, चना बड़ा- 4100-5190 रायड़ा- 4600-5400 बटला- 1845-3741, सोयाबीन- 1871-5600, मसूर- 5760-6100, तिल्ली- 8290, धनिया- 9000 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,800 चांदी-टंच- 2,63,000 पाट- 2,62,000।

### उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कॉलम

### सरबजीत केस से चर्चा में आए वकील को बड़ी जिम्मेदारी

**अमृतसर।** पाकिस्तान के लाहौर हाईकोर्ट ने पंजाबी महिला सरबजीत कौर के मामले में विरोध पक्ष के एडवोकेट अली चंगेजी संधू को साल 2026 के लिए इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स कमेटी का को-चेयरमैन नियुक्त किया है। अली चंगेजी संधू को कल यानी 26 फरवरी को नियुक्त पत्र दिया गया। जबकि यह नियुक्ति 24 सितंबर 2025 से लागू मानी गई है। यह सम्मान उन्हें सरबजीत कौर के मामले में उनके साहसी और बेहतरीन कानूनी काम के लिए दिया गया। सरबजीत कौर के पति की तरफ से भी एडवोकेट अली चंगेजी संधू ने हाईकोर्ट में सरबजीत की शादी रद्द करने की याचिका लगाई थी। यह दलील दी गई थी कि सरबजीत कौर ने पहले विवाह से तलाक नहीं लिया था, फिर इस्लाम कबूल कर पाकिस्तानी नागरिक से शादी की, जो पाकिस्तानी/इस्लामी कानून के तहत वैध नहीं है।



### वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट-2026 में 3 भारतीय महिलाए

**न्यूयॉर्क।** टाइम मैगजीन ने 2026 के वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट के लिए 16 महिलाओं को चुना है। लिस्ट में भारतीय और भारतीय मूल की तीन महिलाएं भी हैं। ये सभी लीडर्स ज्यादा बराबरी वाली दुनिया बनाने के लिए काम कर रही हैं। साथ ही महिलाओं और लड़कियों की सबसे बड़ी चुनौतियां हल करने में जुटी हैं। यह प्रोजेक्ट टाइम के सालाना वुमन ऑफ द ईयर लिस्ट से अलग है। इसे 2020 में शुरू किया गया था। कवर पर हॉलीवुड अभिनेत्री टेयाना टेलर हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनादर में उनका प्रदर्शन उम्दा रहा है। कुछ अनदेखे चेहरे जैसे- सिएरा लियोन के पहले मातृत्व केंद्र की अगुआई करने वाली इसाता डुम्बुया, अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर ह्यूमैनिटेरियन अभियान चला रही सिस्टर नॉरमा पिमेंटेल भी हैं। बचपन गरीबी, हिंसा व अधूरी पढ़ाई के दर्द से गुजरा। इसी टीस को ताकत बनाया और मुंबई में एजुकेट गर्ल्स की नींव रखी। वे कहती हैं, मैं जानती हूं पीछे छूट जाना कैसा लगता है। बीते साल संस्था ने भारत के गांवों की 20 लाख लड़कियों को स्कूल लौटाने में सफलता हासिल की। लक्ष्य 15 लाख ही था। इसके लिए संस्था को रैमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला। उनका एनजीओ यह सम्मान पाने वाला पहला संगठन बना। हाल में आई उनकी किताब एवरी लास्ट गर्ल में अंतिमबाला का किरदार हर उस लड़की का प्रतीक है, जिसकी आवाज अनसुनी कर दी गई।

### वेनेजुएला ने 19 तेल और गैस समझौतों को निलंबित किया

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला के तेल मंत्रालय ने निजी कंपनियों के साथ किए गए 19 तेल और गैस प्रोडक्शन-शेयरिंग समझौतों को निलंबित कर दिया है। ये समझौते पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के कार्यकाल में हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन अनुबंधों की वैधता और कंपनियों के बैकग्राउंड की समीक्षा की जा रही है। हालांकि, इन समझौतों को सस्पेंड करने से देश के तेल और गैस उत्पादन पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है। सरकार के कंट्रोल वाली कंपनी पीडीवीएसए संबंधित परियोजनाओं से निकले कच्चे तेल की बिक्री जारी रखे हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला और अमेरिका इन एग्रीमेंट्स की शर्तों की समीक्षा कर रहे हैं। कुछ मामलों में उन्हें रद्द करने की सिफारिश की जा सकती है। हाल ही में हाइड्रोकार्बन कानून में संशोधन के बाद सरकार को मौजूदा एग्रीमेंट्स की समीक्षा के लिए छह महीने का समय मिला है।



### क्रिकेटर रिंकू सिंह ने पिता की अर्थी को दिया कंधा

**अलीगढ़।** क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार सुबह करीब 4.36 बजे निधन हो गया। वे 60 साल के थे। उन्हें फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर था। कुछ दिन पहले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अलीगढ़ से ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। पार्थिव शरीर को अलीगढ़ ले आया गया। रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप छोड़कर चेन्नई से अलीगढ़ अपने घर पहुंचे। पिता की अर्थी को कंधा दिया। अंतिम यात्रा के बाद शंकर विहार स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे सोनू ने पिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले, पिता की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही रिंकू सिंह मंगलवार को टीम इंडिया का साथ छोड़कर नोएडा पहुंचे थे। उन्हें टी-20 विश्वकप का प्रैक्टिस सेशन छोड़ना पड़ा था। 25 फरवरी को रिंकू चेन्नई लौट गए थे और टीम के साथ जुड़ गए थे। हालांकि, 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए सुपर-8 के मैच में वे प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। वे सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर फील्डिंग कर रहे थे। क्रिकेटर विराट कोहली समेत तमाम क्रिकेटर्स और आईपीएल टीमों ने रिंकू के पिता के निधन पर दुख जताया।

### आरोप- बांग्लादेश सरकार ने डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर बनाया

**ढाका।** बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की शुरूआत जैसा है। बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमासान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि यह फैसला पीएम की शह पर लिया गया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने अहसान हबीब मंसूर का कार्यकाल अचानक खत्म कर दिया था, जिन्हें मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने नियुक्त किया था। मंसूर ने कहा कि उन्होंने न इस्तीफा दिया और न ही उन्हें हटाए जाने की कोई आधिकारिक सूचना मिली। उन्हें यह खबर मीडिया के जरिए पता चली। मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति इसलिए अलग मानी जा रही है क्योंकि अब तक बांग्लादेश में केंद्रीय बैंक का गवर्नर आमतौर पर अनुभवी बैंकर, अर्थशास्त्री या वरिष्ठ सिविल सेवक होते रहे हैं। मोस्ताकुर एक कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट और गारमेंट कारोबारी हैं। वे हेरा स्वेटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और हालिया चुनाव में तारिक रहमान की बीएनपी पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति से भी जुड़े रहे थे।

### नवनिर्मित सीसी फर्श बचाने कोर कटिंग तकनीक से लगेंगी दुकानें

# चैत्र नवरात्र मेले को लेकर राजराजेश्वरी मंदिर में तैयारियां तेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर के आस्था के प्रमुख केंद्र मां राजराजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से शुरू होने जा रहे 15 दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर उत्साह का माहौल है। इस भव्य आयोजन को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका ने अपनी कमर कस ली है और युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन का मुख्य फोकस इस बात पर है कि मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं और व्यापारियों को बेहतरीन सुविधाएं मिलें और हाल ही में किए गए विकास कार्यों को कोई नुकसान न पहुंचे।

**चूने की मार्किंग से तय हो रहा दुकानों का दायरा-** शुक्रवार दोपहर 12 बजे से नगर पालिका के अमले ने मंदिर प्रांगण में मोर्चा संभाल लिया है। मेले को व्यवस्थित रूप देने के लिए नवनिर्मित सीमेंट कंक्रीट (सीसी) मैदान पर चूने की सफेद पट्टियां (मार्किंग) डाली जा रही हैं। इसका उद्देश्य यह है कि मेले में लगने वाली दुकानें एक कतार और निश्चित आकार में हों, जिससे आवाजाही में कोई रुकावट न आए।



- **150 से 200 दुकानें सजने की उम्मीद-** नगर पालिका के सहायक यंत्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष मेले में व्यापार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अनुमान है कि मेले में लगभग 150 से 200 दुकानें लगाई जाएंगी। हर व्यापारी को समान अवसर और स्थान मिले, इसके लिए प्रत्येक दुकान का मानक आकार 7.7 फीट निर्धारित किया गया है।
- **सुविधा और सुरक्षा पर रहेगा जोर-** नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि 15 दिन तक चलने वाले मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए मेला परिसर में चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साफ-सफाई के लिए विशेष दल तैनात किए जाएंगे, साथ ही शुद्ध पेयजल और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम होंगे ताकि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु या व्यापारी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### मैदान को सुरक्षित रखने के लिए कोर कटिंग का इस्तेमाल

इस बार मेले की व्यवस्थाओं में तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। सहायक यंत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में हाल ही में जो नया सीसी मैदान बनाया गया है, उसे टूटने-फूटने से बचाने के लिए विशेष ऐहतियात बरती जा रही है। टेंट और दुकानों के लिए बल्लियां गाड़ने के लिए पारंपरिक तरीके (गड्ढे खोदना) की बजाय कोर कटिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इससे मैदान क्षतिग्रस्त नहीं होगा और बल्लियां भी मजबूती से लग सकेंगी।

### सुविधा के नाम पर आफत, राहगीरों और रहवासियों का जीना मुहाल

# आदर्श कॉलोनी की मुख्य सड़क खुदी

### नर्मदा पाइप लाइन के नाम पर ठेकेदार ने खोदी नई सड़क, जिम्मेदारों की अनदेखी से बड़े हादसे का डर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

नगर पालिका की कार्यप्रणाली और विकास कार्यों में समन्वय की कमी एक बार फिर शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ताजा मामला शहर की आदर्श कॉलोनी का है, जहां कुछ महीने पहले ही बनी मुख्य सड़क को नर्मदा पाइप लाइन डालने के नाम पर फिर से खोद दिया गया है। विकास के नाम पर हो रही इस अव्यवस्था ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और जिम्मेदारों की उदासीनता चिंता का विषय बनी हुई है।

**चंद महीनों में ही उजड़ गई नई सड़क-** उल्लेखनीय है कि नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 2 स्थित एबी रोड़ से लेकर खाटू श्याम मंदिर तक जाने वाली इस मुख्य सड़क का निर्माण लंबे इंतजार के बाद अभी कुछ महीनों पहले ही कराया गया था। रहवासियों को इसका लाभ मिलना शुरू ही हुआ था कि नर्मदा पाइप लाइन का काम कर रहे ठेकेदार ने पूरी मेन रोड को दोबारा खोद डाला। खुदाई की इस प्रक्रिया में नल और सीवरेज की लाइनें भी टूट गई हैं, जिससे सड़क पर पानी बहने लगा है और कीचड़ व गड्ढों ने राहगीरों की राह मुश्किल कर दी है।



#### स्कूली बच्चों और मरीजों की जान सांसत में

रहवासियों ने बताया कि इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव रहता है। प्रतिदिन शहर के प्रमुख स्कूलों की बसें इसी रास्ते से गुजरती हैं, जिनमें छोटे बच्चे सवार होते हैं। इसके अलावा, मुख्य मार्ग पर क्षेत्र का एक बड़ा निजी अस्पताल भी स्थित है, जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों का आवागमन लगातार बना रहता है। जर्जर सड़क के कारण आपातकालीन स्थितियों में एंबुलेंस को भी निकलने में भारी परेशानी और देरी का सामना करना पड़ रहा है।

#### आए दिन फिसल रहे वाहन

सड़क की दुर्दशा के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों और उखड़े मलबे के कारण आए दिन दोपहिया वाहन फिसल कर गिर रहे हैं। स्थिति इतनी खतरनाक है कि बड़े वाहनों के पहियों से टकराकर पत्थर बंदूक की गोली की तरह उछल रहे हैं और आसपास की दुकानों में जा रहे हैं, जिससे हर समय किसी के चोटिल होने का डर बना रहता है।

# रिश्वतखोर पटवारी को मिली 3 साल की सजा

### लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के नेतृत्व में इंदौर लोकायुक्त इकाई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। लेखाधिकारी महेंद्र सिंह चौहान को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है।

लोकायुक्त पुलिस ने महेंद्र सिंह चौहान, लेखाधिकारी, जनपद पंचायत भगवानपुरा जिला खरगोन को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आवेदक राजेश पंवार से ठेकेदारी के काम के लिए रिश्वत मांगी थी।

लोकायुक्त पुलिस ने चिंताराम पटेल, पटवारी हल्का नंबर 50 जमाली कला तहसील पंधाना जिला खंडवा को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। माननीय विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को 3 साल के कारावास और 25,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोंटा-तिगजपुर मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना सामने आई। यहां एक बाइक अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की और घायल को अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को कोंटा-तिगजपुर मार्ग से गुजर रहा एक बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठा और गाड़ी स्लिप होने से हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों या राहगीरों के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। हादसे की सूचना जैसे ही डायल 112 सुनेरा टीम को मिली, एफआरवी (112) वाहन तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गया। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए घायल युवक को अपने वाहन में बैठाया और सीधे शाजापुर जिला अस्पताल लेकर आए। समय पर अस्पताल पहुंचने से घायल युवक का तत्काल उपचार शुरू हो सका। अस्पताल में फिलहाल युवक का इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, घायल युवक की पहचान मनोज पिता भागीरथ माली के रूप में हुई है।

## पिकअप ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले के मोहन बड़ोदिया में शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। यहां एक बेलगाम और तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वे छिटककर सड़क की दूसरी ओर जा गिरे। राहत की बात यह रही कि इस खौफनाक हादसे में दोनों युवकों की जान बाल-बाल बच गई और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई।

## पार्वतीबाई की नई पहचान है, बीमा सखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

आगर-मालवा जिले की मिट्टी में आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी जा रही है। यह कहानी है बड़ौद विकासखंड के ग्राम सारसी स्थित रामदेव समूह की श्रीमती पार्वती बाई की, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से खुद की नई पहचान बनाई है बीमा सखी के रूप में। कभी सीमित आय तक सिमटी जिंदगी आज आत्मविश्वास और सम्मान से भर गई है। आज पार्वती बाई प्रतिमाह 7000 रुपए से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। यह बदलाव संभव हुआ भारतीय जीवन बीमा निगम और आजीविका मिशन की पहल से, जिसके तहत समूह से जुड़ी महिलाओं को अभिकर्ता के रूप में चयनित कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जिले की पाँच महिलाओं को अभिकर्ता नियुक्त किया गया। योजना के अंतर्गत प्रारंभिक एक वर्ष तक प्रत्येक बीमा सखी को 7000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, साथ ही पॉलिसियों पर 28 प्रतिशत तक कमीशन भी प्राप्त हो रहा है। हर माह न्यूनतम दो पॉलिसी करना अनिवार्य है, और पार्वती बाई ने तो लक्ष्य से अधिक कार्य कर अपनी प्रतिभा साबित की है। ग्राम सुठेली की अनीता नागदिया ने मात्र चार माह में 62,412 का मानदेय एवं कमीशन अर्जित किया। इसी तरह आरती परमार (जगतपुरा), चेतना गंगवाल (जस्साखेड़ी) और ममता विश्वकर्मा (खजूरी कानड़) भी अपने कार्य से नई मिसाल कायम कर रही हैं। चार महीनों में इन महिलाओं ने अपनी व्यावसायिक दक्षता, प्रभावी संवाद कौशल और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि अवसर मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं।

## वार्ड 12 में दूषित जल की शिकायत पर एसडीएम ने की जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

आगर के वार्ड क्रमांक 12 में दूषित पेयजल आपूर्ति की प्राप्त शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मिलिंद ढोके द्वारा स्थल पर पहुंचकर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जल के नमूने (सेम्पल) लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश प्रदान किए गए, ताकि पेयजल की गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए।



**जाहिर सूचना**

हर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने **एस एंड एस स्टोन कंपनी** तर्फे **अश्विन पिता सतीश मारू निवासी ग्राम उन्हेल जिला उज्जैन** से इन्होके स्वामित्व व आधिपत्य की **कृषिभूमि ग्राम महुडी आलम तहसील बडनगर जिला उज्जैन में खसरा नंबर 375, 372/1/1, 372/1/2, 372/1/3, 373/1/1/2/1, 373/1/1/2/2, 373/1/2, 373/1/3/1, 374/3, 373/1/3/2 रकबा हैक्टेयर में क्रमशः 0.790, 0.190, 0.270, 0.240, 0.010, 0.110, 0.240, 0.060, 0.120, 0.200 (कुल 11.15 बीघा) भूमि** को क्रय करने का सौदा कर इन्हें विक्रय प्रतिफल की आंशिक धनराशि का भुगतान कर दिया है। सदर संपत्ति पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय आदि का कोई स्वत्व, ऋण, भार, अधिकार इत्यादि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन से **7 दिवस** की अवधि में लिखित सप्रमाण प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मियाद पश्चात वह आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी एवं शेष राशि देकर संपत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार व्दारा करवा लिया जावेगा।

**जी.एस. भदौरिया** (एडव्होकेट)
64-ए, सुदामा नगर, नरेन्द्र तिवारी मार्ग के पास, इन्दौर म.प्र. मो. 9926302600, 99260-93303

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: M247GLRSRP 252635, दिनांक: 25.02.2026. कार्य का नाम:** 60 इलेक्ट्रिक लोको में रि-पाइपिंग के दौरान इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग कार्य। **स्थान:** मु.का.प्र./दाहोद पश्चिम रेलवे कार्यालय। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.63,58,140/-. **बयाना राशि:** रु.1,27,200/-. **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 18.03.2026 को 14.30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता: www.ireps.gov.in/** E-Tenders/Works/IR Electrical.
AK/17/1/484

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## महाविद्यालय में रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जी.सी. गुप्ता के निर्देशन में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित तथा महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 फरवरी 2026 को रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रोत्साहित करना रहा। महाविद्यालय में 27 फरवरी 2026 से 5 मार्च 2026 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सप्ताह के रूप में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिल रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आदिश कुमार जैन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने सक्रिय भूमिका निभाई। रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान, नवाचार, प्रकृति संरक्षण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विषयों को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के सृजनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भुवानसिंह पिता श्री बगदीराम जी निवासी- उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 27/1/2/1/1 रकबा 0.900 है. एवं सर्वे क्रमांक 27/2/1 रकबा 0.420है. कुल किता 02 कुल रकबा 1.320है. ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित सर्वे क्रमांको की कृषि भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 27/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र.**
**मो. नं. 8839742938**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि 1- सूरज यादव पिता श्री हरिसिंह यादव निवासी - 05 राजीव नगर मक्सी रोड उज्जैन, 2- विशाल पिता श्री रूपसिंह निवासी- पंवासा मक्सी रोड उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कृषि भुमि सर्वे क्रमांक 504/2/2/1 रकबा 0.320 है., एवं सर्वे क्रमांक 504/3/1/1/1 रकबा 0.240 है. एवं सर्वे क्रमांक 504/2/2/2 रकबा 0.560 है. कुल किता 3 कुल रकबा 1.120 है. ग्राम बेलाखेडा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित सर्वे क्रमांको की कृषि भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंधपत्र अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 27/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र.**
**मो. नं. 8839742938**

न्यूज-कॉलम

## दो सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**मंदसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र में दो सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने इन प्रकरणों में दो मोटरसाइकिल के अज्ञात चालकों के विरूद्ध मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी अनुसार 22 फरवरी को रात करीब 9 बजे शामगढ़ थाना क्षेत्र के हरिपुरा फंटे से पहले ग्राम देवरी के यहां मोटरसाइकिल नं. एमपी 14 जेडडी 8289 के अज्ञात चालक ने एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार श्यामसिंह को टक्कर मार दी। इस हादसे में श्यामसिंह को गंभीर चोंटे आने से उसकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार एक अन्य हादसा हतुनिया बोरखेड़ी आम रोड़ पर 23 फरवरी की शाम को हुआ। इस हादसे में आरोपी मोटरसाइकिल नं. एमपी 44 एमयू 2685 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक अन्य मोटरसाइकिल सवार नानालाल मीणा निवासी ग्राम बोरखेड़ी रेडका को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

## ट्रक की टक्कर से ट्रेक्टर सवार दो व्यक्ति घायल

**मंदसौर।** जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के इंडियन पेट्रोल पम्प के पास सीतामऊ मंदसौर रोड़ ग्राम बिलांत्री पर आरोपी ट्रक नं. एमपी 8 जेडई 1483 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ट्रैक्टर नं. एमपी 43 एसी 1856 को टक्कर मार दी। जिससे शंकरसिंह पिता रामसिंह सो. राजपूत निवासी पाटन व दरबारसिंह पिता अमरसिंह सो. राजपूत को चोटें आई। इस घटना की रिपोर्ट फरियादी राहुल राठौर निवासी पाटन थाना आलोट जिला रतलाम ने अफजलपुर थाने पर की। पुलिस ने आरोपी ट्रक के अज्ञात चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।

## श्री धींग भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोनीत हुए

**मंदसौर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने अपनी मन्दसौर इकाई के विस्तार हेतु नगर के व्यवसायी शरद धींग को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल और देवी अहिल्या चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल की अनुशंसा पर की गई है। श्री धींग पूर्व में मध्य प्रदेश इंडस्ट्री फेसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य और किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

## तनीशा सीएस प्रोफेशनल परीक्षा में इंदौर सेंटर पर रहीं द्वितीय

**मंदसौर।** जिले की प्रतिभा तनीशा मेड़तवाल ने आईसीएसआई द्वारा घोषित सीएस प्रोफेशनल परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है।



तनीशा ने इंदौर केंद्र पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है और विशेष बात यह रही कि उन्होंने दोनों ग्रुप पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर लिए हैं। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक राजेश मेड़तवाल की सुपुत्री तनीशा शुरू से ही मेधावी रही हैं और उन्होंने 12वीं में भी मेरिट में स्थान बनाया था। तनीशा ने अपनी इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम को दिया है।

## जनपद परिसर में आज से सजेगा दो दिवसीय मंदसौर होली महोत्सव

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से 28 फरवरी व 1 मार्च तक जनपद पंचायत परिसर में मंदसौर होली महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सजावटी वस्तुएं, घरेलू उपयोग की सामग्री और शुद्ध खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय किया जाएगा। मिशन के संचालक ने बताया कि यह मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि तक आमजन के लिए खुला रहेगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन उत्पादों की खरीदारी करें और ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन में अपना योगदान दें।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# रतलाम-बांसवाड़ा हाईवे पर खाने के तेल के डिब्बों से भरे ट्रक में आग लगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



रतलाम-बांसवाड़ा हाईवे पर रतलाम से करीब 24 किलोमीटर दूर सैलाना व सरवन के बीच कल्याण केदारेश्वर घाट पर गुरुवार व शुक्रवार की दरमियानी रात खाने के तेल से डिब्बों से भरे ट्रक में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचे।

दमकलकर्मियों ने लगातार मेहनत कर करीब दो घण्टे में आग बुझाई, लेकिन तब तक ट्रक और उसमें रखे तेल के करीब 1500 डिब्बे जल चुके थे। आग से ट्रक और तेल के डिब्बे जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। आधी रात ट्रक में लगी आग को बुझा दिया गया था, लेकिन कुछ घंटे बाद सुबह वापस ट्रक में आग लग गई, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने वापस मौके पर पहुंच कर बुझाया। जानकारी के अनुसार ट्रक गुजरात के अहमदाबाद खाने के रिफाइंड तेल के करीब 1500 डिब्बे लेकर बांसवाड़ा हाईवे से होकर रतलाम आ रहा था। तभी 26 व 27 फरवरी की दरमियानी रात 12 से 12.30 बजे के बीच सैलाना व सरवन के बीच केदारेशव घाट से गुजरते समय अचानक ट्रक में आग लग गई। इसकी सूचना किसी ने राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल पर 12.25 बजे दी। सूचना मिलते ही वहां से सैलाना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर रवाना किया गया एवं फायर टीम को सूचना दी गयी। डायल-112 पर तैनात स्टाफ एएसआई वीर सिंह देवड़ा, आरक्षक मुरली कटारिया एवं पायलट जीवन खराड़ी तथा सैलाना नगर परिषद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। दमकलकर्मियों व पुलिसकर्मियों ने करीब 2 घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक बुरी तरह जल चुका था और उसमें रखे खाने के तेल के 1500 डिब्बे जलकर राख हो चुके थे। मौके पर सैलाना नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला सहित परिषद के कुछ कर्मचारी भी पहुंचे और राहत कार्य में सहयोग किया।

**आग बुझाने के बाद यातायात हुआ**

आग लगने से सड़क पर यातायात थम गया। पुलिस ने ट्रक में लगी विकराल आग को देखते हुए मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था, ताकि अन्य वाहन आग की चपेट में न आएं। अन्य वाहनों को दोनों तरफ दूर ही रोक दिया गया था। आग बुझाने के बाद यातायात चालू किया गया। ट्रक में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन ट्रक चालक का कहना है कि शार्ट सर्किट आग लगी है। पुलिस आग लगने के कार्यो की जांच कर रही है।ट्रक चालक रशीद पिता कल्लुखा निवासी टैंकर रोड रतलाम ने मीडिया कर्मियों को बताया कि वह अहमदाबाद से खाने के तेल के डिब्बे ट्रक में भरकर रतलाम की कृष्णा ट्रेडिंग संस्थान के गोदाम पर ले जा रहा था। घाट पर अचानक ट्रक में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग डीजल टैंक तक पहुंच गई थी। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया।

मन्दसौर भाजपा की जिला कार्यशाला संपन्न

# 12 मार्च से मंडलों में शुरू होगा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



भाजपा के प. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंदसौर में किया गया, जिसमें 12 मार्च से 14 अप्रैल तक सभी मंडलों में आयोजित होने वाली प्रशिक्षण कार्यशालाओं की रूपरेखा तय की गई। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, प. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला विचार आधारित संगठन है। उन्होंने प्रशिक्षण को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाने में सक्षम होता है।

जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे मंडल स्तरीय कार्यशालाओं की योजना और व्यवस्थाओं पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण करना है, जिसमें पार्टी के इतिहास, विकास, कार्यपद्धति और शासन की योजनाओं के साथ-साथ सोशल मीडिया व नई तकनीक जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रशिक्षण सत्रों में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित कई वरिष्ठ नेता वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कार्यशाला में आगामी प्रशिक्षण सत्रों की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की और विश्वास दिलाया कि जिले में राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व की मंशा अनुरूप अभियान को सफल बनाया जाएगा। संभागीय प्रभारी नानालाल अटोलिया ने प्रशिक्षण के प्रारूप और समय सारणी की जानकारी दी, वहीं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने प्रशिक्षण में डिजिटल उपकरणों, ए.आई. और नवाचारों के उपयोग पर प्रकाश डाला।

जिला प्रशिक्षण टोली में संयोजक के रूप में शिवराज सिंह घटावदा और सह-संयोजक के रूप में प्रियंका गोस्वामी, जीवन शर्मा व रामसिंह चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम का संचालन जीवन शर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन रामसिंह चौहान द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के समस्त पदाधिकारी, मंडल प्रभारी और नगर निकाय के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## मंदसौर महिला कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का पुतला, काले कपड़ों में जताया विरोध

**मन्दसौर।** आज स्थानीय गांधी चौराहे पर मंदसौर महिला कांग्रेस द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया । प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव राखी सत्रावाला के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित च्एपस्टीन फाइल्सज् में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम सामने आने के विरोध में आयोजित किया गया था। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने विरोध स्वरूप काले कपड़े पहने थे, गले में च्द पीएम इज कम्प्रोमाईज्ड लगी तख्ती टांगकर अपना विरोध दर्ज कराया । इस प्रदर्शन के दौरान महिला शक्तियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की और उनका पुतला दहन किया ।
नेत्रियों ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऐसे गंभीर प्रकरणों में भाजपा नेताओं के नाम आना देश के लिए चिंताजनक है । जब तक नैतिकता के आधार पर संबंधित मंत्री का इस्तीफा नहीं हो जाता, महिला कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। संगठन के विशेष निर्देशानुसार इस प्रदर्शन में केवल महिला कार्यकताओं की ही भागीदारी सुनिश्चित की गई थी। इस अवसर पर मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, महिला नेत्री अनीता भदोरिया, योगिता बसर, कुमकुम, वर्षा सांखला, लक्ष्मी रैकवार, नम्रता सत्रावाला, रेखा, पूजा माहेश्वरी, ज्योति सैनी, सोनू माली, हेमलता पवार आदि उपस्थित रही।

## विद्युत मोटर चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार सात मोटर बरामद 3 आरोपी फरार

**जावरा** । खेतों में सिंचाई की बिजली मोटर की चोरी करने वाले एक गिरोह के चार आरोपियों को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे सात विद्युत मोटर एवं चोरी में उपयोग किया ऑटो रिक्शा भी बरामद किया। क्षेत्र में चोरी लूट नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं सीएसपी युवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान के नेतृत्व में एक टीम गठित कर चोरी के आरोपी सोहेल पिता सईद निवासी लक्ष्मीबाई रोड, शेर अली पिता इकबाल हुसैन निवासी आखिरी पूरा ताल ना का , उदिया पिता भगवान निवासी हुसैन टेकरी एवं फरियाद पिता कल्ले बाबू निवासी आखिरी पूरा सभी जावरा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी गई सात विद्युत मोटर बरामद की जिनकी कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपए हैं ।चोरी की घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा भी जप्त किया गया ।घटना में तीन आरोपी फरार है। जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। उक्त आरोपियों की घर पकड़ के लिए गठित की गई टीम जिसमें थाना प्रभारी चौहान उप निरीक्षक प्रताप सिंह भदोरिया, हर्षेन्द बहादुर दीक्षित ,सहायक उप निरीक्षक नरेश पांडे, राव जी डामोर, प्रधान आरक्षक हिमांशु, मारकंडे मिश्रा, संजय आंजना, आरक्षक अभिजीत सिंह, कमलेश डांगी ,पवन शर्मा, हीरालाल डांगी, अर्जुन चंदेल, कौशल्या धनगर, शिवराज सिंह की भूमिका रही।

# बालिकाओं में सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम हेतु टीकाकरण 28 फरवरी से होगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में किशोरी बालिकाओं की सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शनिवार 28 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा अजमेर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम में किया जाएगा। अभियान की तैयारियों के संबंध में सीएस श्री अनुराग जैन और एसीएस स्वास्थ्य श्री अशोक वर्णवाल द्वारा शुक्रवार को विडियो कांफ्रेंस ली गई। कांफ्रेंस में अभियान को मिशन मोड के रूप में चलाए जाने के निर्देश दिए गए। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नीमच से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश प्रसाद भी मौजूद थे ।

उल्लेखनीय कि यह टीकाकरण अभियान 90 दिवस अर्थात 3 माह तक चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत में 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य की समस्त किशोरी बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य है। जिले में टीकाकरण सत्र का आयोजन प्रथम चरण में जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सीएचसी जहां पर फोकल पाईट हो आयोजित किया जाएगा।

## पोषण ट्रैकर में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**मंदसौर।** जिला पोषण समिति की महत्वपूर्ण बैठक सुशासन भवन स्थित कलेक्टर सभागार में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पोषण ट्रैकर पर जिले का एक भी बच्चा पंजीयन से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी पात्र बच्चों को टेक होम राशन, गरम भोजन और प्री-स्कूल सेवाओं का लाभ अनिवार्य रूप से मिले। सीईओ ने प्री-स्कूल एजुकेशन के स्तर में सुधार और ६ वर्ष तक के बच्चों के पंजीयन को ७५ प्रतिशत से ऊपर ले जाने के लिए विशेष सर्वे अभियान चलाने को कहा। साथ ही किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ियों को पास के रिक्त शासकीय भवनों में स्थानांतरित करने की योजना बनाने के निर्देश दिए गए।

# इंदौर उज्जैन संभाग में अवैध हथियार नशीली वस्तुओं के विरुद्ध हजारों मामले हुए दर्ज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

इंदौर- उज्जैन सम्भाग में नशे के खिलाफ एवं अवैध हथियारों के खिलाफ 61 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए है,जिसमे कार्यवाही की जा रही है। विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उक्त जानकारी दी। इंदौर-उज्जैन सम्भाग में लगातार नशीली वस्तुओ की बिक्री एवं अवैध हथियारों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए विधायक डॉ पांडेय ने कार्यवाही की प्रगति के संबंध में प्रश्न किया था।,जिस पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि इंदौर-उज्जैन सम्भाग के जिलों में एम डी, अफीम,डोडा चुरा,अवैध शराब एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध गत दो वर्षों में 61 हजार 490 मामले दर्ज कर कार्यवाही की गई ।इनमें उज्जैन संभाग में 27 हजार 720 और इंदौर संभाग में 33 हजार 770 मामले है ।इन गतिविधियों के नियंत्रण के साथ ही इन दोनों संभाग में ढाई हजार अपराधियो के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही भी की गई ।इन दोनों संभागों में आपसी सीमावर्ती जिलों की लगभग 129 समन्वय बैठके भी की गई।

विधायक डॉ पांडेय के एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि रतलाम जिले में चार औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये गए है ।जहां आधारभूत कार्यो को कराए जाने के बाद निवेशकों को औद्योगिक कार्य किये जाने की अनुमति दी गई ।इन औद्योगिक क्षेत्रों में 75 स्थानो पर भूखंड आवंटित किए गए ।जिनमे से 13 स्थानो पर उत्पादन किया जा रहा है ।इन औद्योगिक क्षेत्र में 11 निवेशकों को नवीन आवंटन किया गया है ।वही बहु उत्पाद औद्योगिक पार्क जावरा में 12 निवेशकों के पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है ।जानकारी में आगे बताया कि बहु उत्पाद औद्योगिक क्षेत्र जावरा में सीसी रोड,स्टॉर्म वाटर ड्रेन सीवर लाईन, यूटिलिटी लाईन, इंटरनल वाटर डिस्ट्रीब्यूशन,सम्पवेल, ओवरहेड टैंक,सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया ।विद्युतीकरण कार्य व एप्रोच रोड़ निर्माण कार्य प्रगतिरत है ।जल आवंटन की व्यवस्था की जा रही है ।इसी तरह मेगा इंड्रस्ट्रीयल पार्क रतलाम में सड़क,नाली,ड्रेनेज,विद्युत,जल आपूर्ति व अधोसरंचना से सम्बंधित कार्य प्रगतिरत है ।इन औद्योगिक क्षेत्र में से 3 स्थानो के भूखण्ड निरस्ती की जा रही ।

विधायक डॉ पांडेय के एक प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कम्पनी अधिनियम के तहत पात्र कंपनियों को कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जनकल्याणकारी कार्यो की गतिविधियों पर व्यय किया जाना आवश्यक है। जिले में एक निजी कंपनी द्वारा विगत पांच वर्षों में सीएसआर मद में लगभग 21 करोड़ के कार्य कराए गए ।जिसमे शिक्षा,पर्यावरण,स्वास्थ्य, विरासत व खेल गतिविधियों पर व्यय किया गया।

विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए नए एस ओ आर से नए सिरे से ग्राम सुजापुर ,मनकामेश्वर मिंडाजी एवं ग्राम नन्दावता में कार्ययोजना बनाई गई है ।जिसे स्वीकृति की प्रक्रिया की जा रही है।

वही उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधायक डॉ पांडेय को बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम कमलाखेड़ा,धतुरिया,आक्यादेह,बड़ीनाल ा एवं बामनघाटी में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का प्रस्ताव भेजा गया है ।जो प्रक्रियाधीन है।

विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय ने बेसहारा गोवंशों की समस्या का मुद्दा विधानसभा में उठाया ।डॉ पांडेय ने इस गंभीर विषय पर सुझाव देते हुए कहा कि बेसहारा गोवंशों के सरक्षंण के लिए प्रयास किये जाने चाहिए।



## रेडक्रॉस सोसायटी में सदस्यता अभियान चलाकर चुनाव करवाए

**जावरा** । भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चुनाव लंबे समय से नहीं होने के कारण अब चुनाव करवाने की आवाज उठने लगी है। चुनाव नहीं होने से नई कार्यकारिणी का गठन भी नहीं हो पा रहा। रेड क्रॉस से कई समाजसेवी जुड़कर सेवा कार्य करना चाहते हैं। इसके लिए सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्यों को जोड़कर शीघ्र चुनाव करवाए जावे। अधिवक्ता नितेश सुराणा ने अपने अन्य साथियों के साथ एसडीएम कार्यालय में दिए ज्ञापन में उक्त बात कही आपने कहा कि विगत कई माहो से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के युवाओं द्वारा रेड क्रॉस से जुड़ने के लिए शीघ्र चुनाव करवा कर नई कार्यकारिणी गठित की जावे ।चुनाव की मांग को संज्ञान में लेकर एक सप्ताह के भीतर चुनाव संबंधी नीति की जानकारी दी जाए । इस मौके पर एडवोकेट अकबर मिर्जा व चंद्रशेखर शर्मा आदि मौजूद थे। ज्ञापन एसडीएम रीडर गोपाल प्रजापति को दिया गया।

## निनोरा में नि:शुल्क सर्जिकल शिविर आयोजित किया गया



**पिपलिया मंडी।** ग्राम पंचायत नेनोरा एवं ज्ञानोस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नीमच के संयुक्त तत्वाधामें 27 फरवरी शुक्रवार को स्थानीय आयुष्मान सेंटर परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर मनोज चंदेल, शिविर प्रभारी डॉ. चंद्रभानसिंह राणावत ,डॉ. इंदर सिंह रावत एवं उक्त अस्पताल के स्टाफ की उपस्थिति में कुल 69 मरीजों का पंजीयन होकर चयनित 4 मरीजों को भर्ती व जांचों हेतु कैंप स्थल से बस द्वारा, ज्ञानोदय अस्पताल के लिए ले जाया गया। जहां उपरोक्त मरीजों का निःशुल्क परीक्षण उपचार किया जायेगा। उक्त शिविर में स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह शक्तावात व सेंटर पर उपस्थित एच ओ मोनिका पाटीदार,ए एन एम विमला शर्मा एवं आशा कार्यकर्ता गायत्री पाटीदार की भी सराहनीय सेवा रही।

## बिल जमा करने के बाद भी अंधेरे में ग्रामीण; आक्रोश फूटा



**मन्दसौर।** ग्राम भरड़ावद में पिछले 48 घंटों से जारी ब्लैकआउट के कारण ग्रामीणों का गुस्सा बिजली विभाग के खिलाफ फूट पड़ा है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चंद्रपुरा डीसी पर एकत्रित होकर नारेबाजी की और सहायक यंत्री अनिल पाटीदार को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों का तर्क है कि गांव के ६० प्रतिशत लोगों ने बिजली बिल जमा कर दिया है, फिर भी विभाग द्वारा पूरे गांव की बिजली काटना न्यायसंगत नहीं है। अफीम की फसल के पीक सीजन और चोरी की आशंकाओं के बीच ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन को विवश होंगे। इस प्रदर्शन में फिरोज अजमेरी, फारूक सरपंच और दाऊद गोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## गुर्जर समाज की बैठक 1 मार्च रविवार को पिपलिया पंथ में होगी

**पिपलिया मंडी।** गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा गुर्जरं समाज की बैठक १मार्च को रविवार प्रातः 11 बजे को पिपलिया पंथ देवनारायण मंदिर पर रखी गई है ।बैठक में आगामी अक्षय तृतीया को होने वाले समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी एवं गत वर्ष संपन्न हुए सम्मेलन का आय व्यय पत्रक प्रस्तुत करने एवं आगामी सम्मेलन हेतु बजट आदि पर समाज जनों से चर्चा की जावेगी ।समिति अध्यक्ष भेरूलाल भडाणा ने सभी समाज जनों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित रहने की अपील की।

## सीएमओ श्रीमती बामनिया ने निजी व सरकारी मांगलिक भवनो का किया निरीक्षण

**नीमच!** शादी समारोह व अन्य आयोजनों से मांगलिक भवनों में होने वाली गंदगी को लेकर आसपास के रहवासियों की शिकायत पर नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने शुक्रवार २७ फरवरी को दोपहर नगर पालिका के वातसल्य भवन, रतन देवी मांगलिक भवन के साथ ही लायंस डेन , सीएसवी अग्रोहा भवन, रोटरी भवन आदि स्थानो का निरीक्षण किया और वहां गंदगी देख व्यवस्थापकों को पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए! निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी श्री टेकचंद बुनकर स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक , स्वच्छता निरीक्षक श्री भारत सिंह भारद्वाज,श्री अविनाश घेंघट भी सीएमओ के साथ थे! निरीक्षण के दौरान श्रीमती बामनिया ने वात्सल्य भवन व रतनदेवी मांगलिक भवन पर शादी समारोह के दौरान भोजन के वेस्टेज एवं अन्य कचरा डालने हेतु कचरा गाड़ी खड़ी करवाने व आयोजन के दौरान गंदगी फैलाने पर संबंधित के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए! इसके पश्चात वे लायंस डेन, सीएसवी अग्रोहा भवन,रोटरी भवन आदि स्थानो पर पहुंची और वहां निरीक्षण के दौरान श्रीमती बामनिया ने व्यवस्थापकों को उनके भवन में कार्यक्रमों के दौरान होने वाला कचरा सड़क व नाली मैं ना फेंकते हुए निर्धारित स्वच्छता शुल्क जमा करवाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने के निर्देश दिए! श्रीमती बामनिया ने स्वास्थ्य अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वह समय-समय पर मांगलिक भवनो का निरीक्षण करे।



## सुसनेर में दिव्यांग विद्यार्थियों को मिले नि:शुल्क सहायक उपकरण

**सुसनेर।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र के निदेर्शानुसार एवं जिला शिक्षा केंद्र आगर मालवा के मार्गदर्शन में विकासखंड सुसनेर के जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए निशुल्क उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पात्र विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक दिव्यांग छात्र-छात्रा को गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा का लाभ मिले। विकासखंड स्रोत समन्वयक राधेश्याम पाटीदार एवं आईईडी समावेशी शिक्षा प्रभारी ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि ऐसे शिविरों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और उनके शैक्षणिक विकास को गति मिलती है। शिविर में बीएसी संतोष भेनिया, विजय जैन, लेखपाल टेकचंद गहलोत, सचिन जैन सहित बीआरसी कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उपकरण वितरण में (एएलआईएमको) उज्जैन से आए ऑडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार एवं टेक्नीशियन गौरव कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## झगड़ा (नातरा) कुप्रथा से जुड़े प्रकरणों में फरार आरोपियोंको किया गिरफ्तारी



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अमित तोलानी पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन में झगड़ा (नातरा) कुप्रथा एवं बाल विवाह जैसे सामाजिक अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए, पुलिस ने अपराध क्रमांक 91/26, धारा 308(5), 324(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपी राहुल पिता विजय सिंह तंवर 24 और नारायणसिंह पिता विजय सिंह तंवर 29 निवासी एसआई कुंभकोट कालोनी सुकेत जिला कोटा राजस्थान को गिरफ्तार किया उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। थाना क्षेत्र में पंजीबद्ध झगड़ा (नातरा) कुप्रथा एवं बाल विवाह से संबंधित शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

## होली ओर ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक पुलिस थाने में आयोजित



**खाचरोद।** नगर में आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेहा साहू, पुलिस एसडीओपी आकांक्षा , थाना प्रभारी धन सिंह नलवाया की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। बैठक में आगामी त्यौहार होली धुलेंडी, रंगपंचमी ओर ईद को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाये जाने की अपील सभी आयोजकों से की गई। सभी से कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा कर संबधित नपा , विद्युत, एवं प्रशासन को शासन के दिशा निर्देश का अवलोकन करवाया गया। शांतिसमिति की बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार उपस्थित रहे।

## चांचौड़ा में भील समाज सुधार जनजागरण विकास समिति की बैठक सम्पन्न



**गुना।** नेशकला चांचौड़ा में भील समाज सुधार जनजागरण विकास समिति की गुरूवार बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समस्त समाज के सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर समाज में पहली कुर्तियां पर10 बिंदुओं डी3 मिशन पर चर्चा की गई। जिसमें राघोगढ़, चांचौड़ा सहित झालावाड़ से सभी सामाजिक संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही समाज को विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, छोटे-छोटे उद्योग व्यापार के लिए प्रेरित किया। बैठक में समाज के चिंतकों ने कहा कि समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना बड़ा सख्त कदम उठाएंगे। समाज में किसी प्रकार की समस्या होगी तो समाधान ग्राम पंचायत की समितियां करेंगी। साथ ही साथ पूरे आदिवासी समाज को एक मंच पर एक जहाज पर बिठाने का संकल्प लिया।

यूटयुबरों द्वारा सरपंच को परेशान व रुपए के लेन-देन की बात सामने आई

# इकलेरा ग्राम पंचायत के सरपंच और यूट्यूबरों के बीच लगे आरोप की निष्पक्ष जांच की मांग




दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत इकलेरा में यूट्यूबरों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा है ग्राम पंचायत इकलेरा के सरपंच श्रवण कुमार पाटीदार को युट्यूबरों से परेशान होकर क्यों अनुचित कदम उठाना पड़ा। बताया जाता है कि यूट्यूब उन्हें फोन लगाकर बार-बार परेशान कर रहा था।

सवाल यह उठता है कि शाजापुर जिले के कालापीपल निवासी युटयुबरों को राजगढ़ जिले की पंचायतो में चल रहे निर्माण कार्यो का अवलोकन करने की क्यों आवश्यकता पड़ी। यदि प्रदेश स्तर से पंचायतो के निरीक्षण करने के निर्देश मिले है तो उक्त युटयुबरों के द्वारा अभी तक कितनी पंचायतो के निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया और उनमे से कितनी पंचायतो के भ्रष्टाचार को उजागर किया गया यह एक विचारणीय प्रश्न है। यदि सरपंच द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही तो जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सीईओ से जानकारी लेकर प्रसारित की जा सकती थी। युटयुबरों और सरपंच के बीच हुई वातार्लाप का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें युटयुबरों द्वारा सरपंच से रुपए के लेन-देना की बात सामने आई। वही पेटीएम से किए गए ट्रांजैक्शन का मामला भी सामने आया है। प्रताड़ित सरपंच द्वारा कानून हाथ में लेने व युट्यूबरों से मारपीट की घटना की भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए वहीं उक्त गांव के एक समाचार पत्र के प्रतिनिधि संजय सिंह के घर में भी कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट व तोड़फोड़ करने की घटना सामना आई जिसको लेकर संजय सिंह ने थाने में आवेदन दिया राजगढ़ जिला मुख्यालय पर इस संबंध में पत्रकारों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की वही विभिन्न पंचायतो के सरपंचों ने भी यूट्यूबर द्वारा प्रताड़ित करने तथा अडीबाजी के मामले में प्रशासनिक स्तर पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। पत्रकारों की सुरक्षा व भविष्य में निष्पक्ष और सच्चे पत्रकार पर कोई हमला न हों और क्षेत्र में कवरेज के दौरान वह सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को लेकर ज्ञापन दिया

### छवि खराब करने की धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने किया अपराध दर्ज

**ब्यावरा।** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे व एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में जिले में अवैध वसूली एवं ब्लैकमेलिंग जैसे अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गत दिनों आवेदक अच्छू वेग पिता कल्लू वेग 30 वर्ष निवासी ग्राम तुकीर्पुरा सींका तलेन राजगढ़ द्वारा थाना तलेन में शिकायत की गई। आवेदन के अनुसार अनावेदक विश्वास चंद्रवंशी एवं धर्मेन्द्र बामनिया निवासी कालापीपल जिला शाजापुर द्वारा स्वयं को भोपाल का पत्रकार बताते हुए पंचायत की छवि खराब करने एवं समाचार प्रकाशित कर बदनाम करने की धमकी देकर अवैध रूप से रूपयों की मांग की गई। आवेदक के अनुसार आरोपियों द्वारा पहले 5,000/- रु की मांग की गई तथा डर के कारण आवेदक द्वारा दो किस्तों में 2,000/- 2,000/- कुल 4,000/- फोन-पे के माध्यम से अनावेदक ने मोबाइल नंबर पर ट्रांजेक्शन किए गए। आवेदक द्वारा संबंधित मोबाइल वार्ता की रिकॉर्डिंग एवं फोन-पे ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट आवेदन के साथ प्रस्तुत किए गए हैं। उक्त आवेदन के आधार पर थाना तलेन में आरोपी विश्वास चंद्रवंशी, धर्मेंद्र बामनिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 39/26 धारा 308(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में साक्ष्य संकलन की कार्यवाही जारी है एवं आरोपियों के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। राजगढ़ पुलिस आमजन से अनुरोध किया है कि यदि कोई व्यक्ति छवि खराब करने, झूठी खबर प्रकाशित करने अथवा अन्य किसी प्रकार की धमकी देकर रूपयों की मांग करता है तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे।

# सरिया से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, किसान सहित 3 की मौत

### जेसीबी की मदद से निकाले शव, घंटो लगा रहा जाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत एक हृदयविदारक सडक हादसा ओवरलोडिंग के चलते सामने आया है। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में धनिया बेचकर घर लौट रहे एक किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण दुर्घटना में ट्रैक्टर मालिक और उनके दो बटियादारों की मलबे और भारी भरकम सरियों के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धनिया बेचकर लौटते समय होना बताया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार, कुंभराज के बकोन्या गांव निवासी बाबूलाल मीणा (60) अपने बेटे लाखन मीना और बटियादारों के साथ कुंभराज मंडी में धनिया बेचने आए थे। धनिया बेचने के बाद उन्होंने घर के निर्माण कार्य के लिए करीब 10 क्विंटल से अधिक लोहे का सरिया खरीदा और उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर वापस गांव जा रहे थे। ट्रैक्टर बाबूलाल का बेटा लाखन चला रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर मृगवास मार्ग पर सिंगपुरा के गणेशपुरा मंदिर के पास घाटीनुमा रास्ते पर पहुँचा, ओवरलोड सरियों के दबाव और ढलान के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। सरियों के नीचे दबी लाशें, जेसीबी से हुई मशक्कत हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर की ट्रॉली पूरी तरह पलट गई और उसमें बैठे बाबूलाल मीणा, बटियादार जगदीश अहिरवार (45) और रमन अहिरवार (22) भारी सरियों और ट्रॉली के नीचे दब गए। घटना शाम करीब 5 बजे की है।

# सरकारी जमीन पर घूरे को लेकर विवाद

### दोनों पक्षों में मारपीट, कई घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर के प्रेमनगर कॉलोनी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर घूरे कचरा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना में दोनों पक्षों के महिला-पुरुषों को चोटें आई हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि शाम करीब 5.30 बजे आरोपित पक्ष सरकारी जमीन पर बने घूरे के पास मुरम डाल रहा था। मना करने पर गाली-गलौज शुरू हो गई और आरोप है कि लोहा पाइप, लकड़ी व डंडे से हमला किया गया, जिससे सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घायल पक्ष को शासकीय अस्पताल शुजालपुर मंडी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इस पक्ष के फरियादी जुल्फकार पिता जुम्मा खां की शिकायत पर शकील खां, अनीश खां, आमीन खां, चांदनी बी के विरूद्ध मामला दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि घूरा हटाने की बात पर विवाद हुआ और उनके साथ भी मारपीट की गई। उनके अनुसार महिलाओं के साथ धक्का.मुक्की कर चोट पहुंचाई गई।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**शाजापुर।** समीपस्थ ग्राम सुनेरा थाना क्षेत्र में रोड क्रॉस करते एक युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर बूमतलाई माता मंदिर के पास रोड क्रॉस करते समय एक अज्ञात बाइक ने उज्जैन जिले के ग्राम गोवला निवासी चिराग पिता पप्पू बैरागी को टक्कर मार दी। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चिराग भूसा गाड़ी पर काम करता था। हादसे के समय वह अपने ट्रक से बूमतलाई माता मंदिर के पास बाथरूम के लिए रुका था। रोड क्रॉसिंग के दौरान ही उसे अज्ञात मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

## होली और रंग पंचमी के पहले स्कूली बच्चे होंगे वार्षिक परीक्षा से फ्री

### कक्षा आठवीं के स्कूली बच्चों का शनिवार को सामाजिक विज्ञान विषय का आखरी पर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिद्पुर रोड

प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर के स्कूली बच्चों में कक्षा पांचवी तथा आठवीं में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं शनिवार को कक्षा आठ वीं के सामाजिक विज्ञान विषय के अंतिम प्रश्न पत्र के साथ पूरी होकर संपन्न हो जायेगी। जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत चार परीक्षा केंद्र जिनमें नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम डेलची बुजुर्ग के पी एम श्री शासकीय हाई स्कूल, ग्राम पेटलावद के शासकीय हाई स्कूल तथा ग्राम झुटावद के शासकीय उच्चतर माध्य मिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था जहां कक्षा पांचवी के 690 छात्र छात्राओं ने उपस्थित होकर पर्यावरण विषय के साथ 25 फरवरी बुधवार को अंतिम दिवस अपनी वार्षिक परीक्षा देकर परीक्षा के तनाव से फ्री हो गये वही कक्षा आठवीं के 600 स्कूल छात्र-छात्रा अपने निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को उपस्थित होकर सामाजिक विज्ञान विषय के अंतिम प्रश्न पत्र हल करने के साथ अपनी वार्षिक परीक्षा से फ्री हो जायेंगे।

होली धुलेंडी तथा रंग पंचमी के पूर्व इन स्कूली छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षाएं पूरी होने पर इन छात्र-छात्राओं में आने वाले त्यौहारों को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

# सारंगपुर में ट्रक लूट का खुलासा 11 टन लोहा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर पुलिस ने 11 टन लोहे से भरे ट्रक की लूट का मामला 48 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान एक दिलचस्प मोड आया, जब पुलिस ने जिसे शुरूआत में आरोपित समझा था, वह असल में पीडित निकला। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि फरियादी रामवीर जाट ने 20 फरवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 13 फरवरी को भारत इंजीनियरिंग से खरीदा गया 11 टन लोहे का भंगार एक ट्रक में लोड कर नासिक के लिए भेजा गया था।

### मारपीट कर ट्रक छीन ले गये थे




रास्ते में ट्रक चालक राजेश ने फोन कर बताया कि मथुरा में पारिवारिक समस्या के कारण उसने ट्रक टीनू शर्मा को सौंप दिया है। इसके बाद टीनू से संपर्क नहीं हो पाया। ट्रक की लोकेशन सारंगपुर की कृषि उपज मंडी में मिलने पर रामवीर जाट ने चालक राजेश के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शुरूआत में टीनू शर्मा के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर उसे मथुरा के पास से हिरासत में लिया। पूछताछ में टीनू ने बताया कि सारंगपुर बायपास पर दो अज्ञात युवकों ने उसके साथ मारपीट कर ट्रक छीन लिया था। डर के कारण वह घर चला गया था।

### सीसीटीवी के आधार पर गिरफ्तारी

टीनू के बयान के बाद पुलिस ने सारंगपुर से मक्सी मार्ग तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दो युवक मोटरसाइकिल से ट्रक ले जाते हुए दिखाई दिए। जांच के आधार पर पुलिस ने जितेंद्र राठौर, निवासी सुल्तानिया, थाना पचोर को पकडा। मामले में जितेंद्र ने पूछताछ में अपने साथी अभिषेक शर्मा, निवासी मूसाखेडी इंदौर के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से 11 टन लोहा तथा वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त कर ली है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा सहित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अमित त्यागी, दीपक परमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## खिलचीपुर स्मार्ट मीटर को लेकर विवाद, रहवासियों ने जताया विरोध

### बिना सूचना दिए बदलें जा रहे थे मीटर

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर नगर में गुरुवार को स्मार्ट मीटर बदलने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई जहां पर बिना पूर्व सूचना मीटर बदलने पहुंचे तीन युवकों का कॉलोनीवासियों ने विरोध किया और उन्हें वापस लौटने के लिए कहा। बिना सहमति मीटर बदलने का प्रयास , घटना गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई गई है। जहां तीन युवक गायत्री कॉलनी में पहुंचे और पुराने बिजली मीटरों की जगह स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया। जब रहवासियों ने उनसे इस संबंध में जानकारी और अधिकृत आदेश दिखाने को कहा, तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि विरोध किए जाने पर युवकों ने घरों के वीडियो बनाना शुरू कर दिया, जिस पर लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई। रहवासियों का कहना था कि बिना अनुमति घरों की वीडियो रिकॉर्डिंग करना अनुचित है और इससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ती हैं। रहवासी हुए एकजुट कॉलोनी के लोगों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें बिना पूर्व सूचना और सहमति के स्मार्ट मीटर नहीं लगवाना है। उनका कहना था कि किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले उपभोक्ताओं को विश्वास में लेना आवश्यक है। स्थिति तनावपूर्ण होती देख युवकों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार से फोन पर बात कराई। इसके बाद कॉलोनीवासियों ने उन्हें बिना मीटर बदले वापस जाने के लिए कह दिया। सहमति और सुरक्षा को बताया प्राथमिकता स्थानीय लोगों ने कहा कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन किसी भी कार्रवाई से पहले पारदर्शिता और सहमति जरूरी है। फिलहाल गायत्री कॉलोनी के रहवासियों ने एकजुट होकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध दर्ज कराया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की साफ सफाई व्यवस्था हुई

### सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान



**खिलचीपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत खिलचीपुर में सफाई व्यवस्था तेज कर दी गई है, जिसमें प्रमुख ध्यान धार्मिक स्थलों, प्रमुख सड़कों, और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर ध्यान दीया जा रहा है। इसी के तहत नगर की स्वच्छता के प्रति सजग होते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवनारायण दांगी एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न स्थानों की नियमित सफाई करने हेतु स्वच्छता पर्यवेक्षक मूलचंद जावा को निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में गायत्री मंदिर परिसर कम्युनिटी हाल तहसील चौराहे की विशेष सफाई करवाई गई। नागरिक फीडबैकः 2026 के सर्वेक्षण में नागरिकों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण होगी, जो शहर की अंतिम रैंकिंग को तय करेगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 का फोकस अब केवल कागजी कार्रवाई पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर की स्वच्छता और कचरा-मुक्त शहरों के निर्माण पर है।

## सैकड़ों किसानों ने लिया भोपाल किसान सम्मेलन में भाग



**देवास।** भोपाल में किसान महापंचायत में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के मुख्य उपस्थिती में जीतू पटवारी एवं धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक विशाल किसान महाचोपाल का आयोजन किया गया जिसमें विगत दिनों मोदी सरकार द्वारा अमेरिका के साथ स्वीकृत किसान विरोधी ट्रेड डील को लेकर राहुल गांधी खड़के ने किसानो को संबोधित किया,किसान महाचोपाल में देवास जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों किसानों ने किसान महाचोपाल में भाग लिया इस दौरान विश्वजीत सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, कुणाल चौधरी से भेंट की । इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने देवास जिला किसान कांग्रेस द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है आप सब साथी किसानों को एक जुट रखो ट्रेड डील की कमियों को उन्हें बताएं एवं जागरूक करे। इस अवसर पर चौहान के साथ बड़ी संख्या में हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों के साथ जिले के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## घर के सामने से बाइक चोरी शहर में चोरों का आंतक

**शुजालपुर।** शहर में बाइक चोरी की वारदाते लगातार हो रही है, मंडी थाना क्षेत्र के फ्रीगंज इलाके से बाइक की चोरी की घटना हुई। फरियादी रामेश्वर विश्वकर्मा पिता लक्ष्मीनारायण ने पुलिस को बताया कि मेरी बाइक क्रमांक एमपी 42 एमक्यू 6997 घर के सामने खडी थी, जिसे अज्ञात बदमाश रात्रि में चुरा कर ले गए। पुलिस ने इस मामले में बाइक चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।



# सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- किस त्यौहार को रंगों का त्यौहार कहा जाता है?
उत्तरः होली
- किस त्यौहार को प्रकाश का त्यौहार कहा जाता है?
उत्तरः दिवाली
- इन्द्रधनुष में सबसे ऊपर का रंग कौन सा है?
उत्तरः लाल
- कौन सा पक्षी सबसे बड़े अंडे देता है?
उत्तरः शुतुरमुर्ग
- किस त्यौहार को 'फूलों का त्यौहार' के नाम से जाना जाता है?
उत्तरः ओणम
- सूर्योदय किस दिशा में होता है?
उत्तरः पूर्व
- विश्व का सबसे बड़ा फूल कौन सा है?
उत्तर : रैफलेसिया
- एक लाख में कितने शून्य होते हैं?
उत्तरः पांच
- दो दिन में कितने घंटे होते हैं?
उत्तरः 48 घंटे (24+24)
- वर्ष के कितने महीने 31 दिन के होते हैं?
उत्तरः 7 (जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर)
- एक वर्ष में कितने सप्ताह होते हैं?
उत्तरः 52
- इन्द्रधनुष में कौन-कौन से रंग होते हैं?
उत्तरः बैंगनी, इंडिगो, नीला, हरा, पीला, नारंगी, लाल
- एक वयस्क मनुष्य में कितनी हड्डियाँ होती हैं?
उत्तरः 206
- चाँद पर चलने वाला पहला आदमी कौन था?
उत्तरः नील आर्मस्ट्रांग
- 1 सेमी में कितने मिलीमीटर होते हैं?
उत्तरः 10

होली में इस्तेमाल होने वाले रंगों में मौजूद केमिकल बच्चों के लिए भी काफी हानिकारक होते हैं। इतना ही नहीं होली खेलते समय बच्चों से नजर हटने पर उन्हें चोट लगने की संभावना भी बढ़ सकती है।

# होली खेलते समय करें नेचुरल कलर का इस्तेमाल

होली का त्योहार बच्चों का पसंदीदा होता है। रंगों के इस त्योहार का वे बेसब्री से इंतजार करते हैं, जिसमें हर तरफ रंग और गुलाल, रंगीन चेहरे, पानी से भरे गुब्बारे और खुशियां ही खुशियां नजर आती हैं। लेकिन होली की इन खुशियों पर पानी न फिर जाए, इसलिए बच्चों को होली खेलते समय कुछ बातों का ध्यान देना बेहद जरूरी है। होली में इस्तेमाल होने वाले रंगों में मौजूद केमिकल बच्चों के लिए भी काफी हानिकारक होते हैं। इतना ही नहीं होली खेलते समय बच्चों से नजर हटने पर उन्हें चोट लगने की संभावना भी बढ़ सकती हैं।

## त्वचा पर मॉइस्चराइजर और बालों में तेल लगाएं

नहाने के बाद, बच्चे स्किन को हाइड्रेट करने और रंगों के कारण होने वाले ड्राईनेस या जलन को कम करने के लिए स्किन पर मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके साथ, बालों को हेल्दी रखने के लिए भी स्कैल्प पर ऑयल मसाज करें।

## त्वचा और बालों पर तेल लगाएं

होली खेलने के लिए बाहर जाने से पहले, बच्चे स्किन और बालों पर तेल लगाएं। ऐसा करने से होली खेलने के बाद रंगों को धोना आसान हो जाता है।

## शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें

बच्चे पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़ें पहनें, जो आपके शरीर को पूरी तरह से ढक सकें और रंगों से आपकी स्किन को बचाने में मदद करें।

## बड़ों की निगरानी में खेलें

होली खेलने के दौरान बच्चे सुरक्षा के लिए हमेशा बड़ों की निगरानी में होली खेलें।

बच्चे होली खेलने पर इन बातों पर ध्यान रखकर अपनी और अपने दोस्तों की होली को सुरक्षित और खुशहाल बना सकते हैं।

## प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें

किसी भी तरह की एलर्जी और त्वचा पर होने वाली जलन से बचने के लिए प्राकृतिक रंगों को चुनें। नेचुरल कलर आमतौर पर फूलों के अर्क से बनाए जाते हैं और बच्चों की नाजुक त्वचा के लिए सुरक्षित होते हैं।

## धूप का चश्मा पहनें

बच्चे आंखों को रंगों से बचाने के लिए धूप का चश्मा पहन सकते हैं। ऐसा करने से हानिकारक केमिकल और रंग आंखों में जाने से बचेंगे और आपकी आंखें सुरक्षित रहेंगी।

## पर्याप्त मात्रा में पानी और जूस पीएं


धूप में होली खेलना थका देने वाला हो सकता है और बच्चों के एनर्जी का लेवल भी कम हो सकता है, जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। खूब पानी और ताजा जूस पीकर पूरे दिन बच्चे खुद को हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करें।



## होली खेलने के बाद नहाएं

होली खेलने के बाद, सुनिश्चित करें कि आप अपने शरीर से रंगों को धोने के लिए गुनगुने पानी से अच्छी तरह नहाए। बालों और स्कैल्प को प्रभावी ढंग से साफ करने के लिए शैम्पू का उपयोग करें।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ




# Sport

मुकेश अंबानी के जामनगर वाले घर पर इवेंट हुआ; 5 मार्च को मुंबई में शादी है

# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू

**जामनगर।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। शुरूआत गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर पर हुई, जहां तेंदुलकर और अंबानी परिवार के सदस्य देसी रंग में नजर आए। सचिन ने इस मौके पर बेटे को लेकर भावुक बात कही। उन्होंने कहा कि जब बेटा किसी लड़की को घर लाकर परिचय कराता है, तब पता चलता है कि बेटा बड़ा हो गया है।

अर्जुन और सानिया की शादी 5 मार्च को मुंबई में होने वाली है। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं।



## सचिन बोले- बेटे को प्यार करने वाला जीवनसाथी मिला

कार्यक्रम का सबसे यादगार पल तब था जब सचिन तेंदुलकर ने माइक संभाला। सचिन ने कहा- ह्यअर्जुन, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। जब कोई बेटा, बेटी को घर लाता है और उसका परिचय कराता है तो पिता समझ जाता है कि बेटा अब बड़ा हो गया है। अर्जुन और सानिया एक-दूसरे के प्यार में पागल और बेहद खुश दिख रहे हैं। अर्जुन, तुम्हें ऐसा साथी मिल गया है, जो तुमसे उतना ही प्यार करता है, जितना तुम उससे करते हो।




तेंदुलकर और चंडोक फैमिली का स्वागत करते हुए नीता अंबानी ने कहा, ह्यसचिन और अंजलि, आप हमेशा से हमारे परिवार का हिस्सा रहे हैं। आपकी खुशी में शामिल होकर हमारा दिल खुशी से भर गया है। मैंने अर्जुन को एक छोटे बच्चे से एक जिम्मेदार युवक बनते देखा है। आज वह अपने जीवन की सबसे खूबसूरत साझेदारी की शुरूआत करने जा रहा है।

## सचिन ने पीएम मोदी, राष्ट्रपति और राहुल गांधी को भी न्योता दिया

सचिन ने अपने बेटे की शादी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी न्योता दिया है। 10 दिन पहले वे दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें शादी का निमंत्रण दिया।

सचिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सचिन ने लिखा, ह्यप्रधानमंत्री को शादी का निमंत्रण देना हमारे लिए सम्मान की बात है।ह्न सचिन ने युवा जोड़े को प्रधानमंत्री से मिले आशीर्वाद के लिए धन्यवाद भी दिया।



**पैट स्पा सेंटर की डायरेक्टर है सानियाः** सानिया चंडोक मशहूर बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद सानिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वे मुंबई में ही मिस्टर पॉज पैट स्पा एंड स्टोर एलएलपी (Mr. Paws Pet Spa & Store LLP) की पार्टनर और डायरेक्टर हैं। यह पशुओं की स्किनकेयर, ग्रूमिंग और इससे रिलेटेड प्रोडक्ट्स की सेवाएं देता है। सानिया ने इसकी शुरूआत 2022 में एक लाख रुपए से की थी।

# लगातार दूसरा वनडे मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से नाम की सीरीज

**होबार्ट।** भारतीय महिला टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है। शुक्रवार को इस सीरीज का दूसरा मुकाबला होबार्ट में खेला गया, जहां मेजबानों ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दूसरा वनडे मैच जीतकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया साख बचाने उतरेगी।

**भारत की पारीः** भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए थे। टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी रही थी।

प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की थी। मंधाना 37 गेंद पर 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुईं।

जेमिमा रोड्रिग्स भी मात्र 11 रन बनाकर आउट हो गईं।



इसके बाद तीसरे विकेट के रूप में प्रतीका 52 और चौथे विकेट के रूप में दीप्ति शर्मा 1 रन बनाकर आउट हो गईं।

103 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी भारतीय टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संभाला और छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम का स्कोर 9 विकेट पर 251 तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई।

**ऑस्ट्रेलिया की पारीः** 252 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही थी।

अपनी आखिरी सीरीज खेल रही कप्तान एलिसा हीली सिर्फ 6 रन बनाकर 21 के स्कोर पर पहले विकेट के रूप में आउट हुईं।

इसके बाद दूसरे विकेट के लिए फीबी लिचफिल्ड और जॉर्जिया वॉल ने 119 रन की साझेदारी की। लिचफिल्ड 62 गेंद पर 1 छक्के और 11 चौके की मदद से 80 रन बनाकर आउट हुईं।

जॉर्जिया ने बेथ मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। जॉर्जिया ने बेहतरीन शतक लगाया। वह 82 गेंदों पर 1 छक्का और 13 चौकों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुईं।

# रिंकू के पिता के निधन पर क्रिकेट जगत ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह पर दुखों का पहाड़ टूटा है। उनके पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार को नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह लिवर कैंसर के स्टेज-4 की बीमारी से जूझ रहे थे। इलाज के दौरान आज उनका निधन हो गया। इस संकट के समय में भारतीय क्रिकेटर्स ने एकजुटता दिखाते हुए दुख जताया है। पूर्व कप्तान विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, इस मुश्किल समय में मेरी दुआएं आपके साथ हैं। वहीं, पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने लिखा, इस मुश्किल समय में मैं आपके और आपके परिवार के साथ खड़ा हूं।

रिंकू के पिता तीन दिन से अस्पताल में भर्ती थे, जहां लंबी बीमारी से जूझने के बाद उनका निधन हो गया। शुक्रवार को खानचंद का पार्थिव शरीर अलीगढ़ लाया गया, जहां स्टार बल्लेबाज और उनके पिता ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। रिंकू की कामयाबी में उनके पिता की अहम भूमिका रही।

आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से अलीगढ़ के रिंकू सिंह ने जैसे ही एक के बाद एक जीत के पांच छक्के लगाए, तो रिंकू सिंह हर जगह छा गए। इसके बाद रिंकू के एक के बाद एक सपने सच होते चले गए। इस सफलता में रिंकू सिंह के पिता की जी तोड़ मेहनत शामिल है।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन,
ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल
लोन, ऑफिस वर्क,
फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की
आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## शादी का झांसा देकर नर्सिंग छात्रा से रेप युवती के भाई का दोस्त है आरोपी

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने अपने परिचित युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी रोहित मालवीय के खिलाफ गुरुवार को एफआईआर दर्ज कर ली है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार रोहित उसके भाई का दोस्त है और पिछले करीब पांच वर्षों से दोनों की जान-पहचान थी। आरोपी का घर आना-जाना था, इसी दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। युवती का आरोप है कि रोहित ने उससे शादी का वादा किया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2021 में रोहित उसे घुमाने के बहाने खजराना गणेश मंदिर ले गया। इसके बाद बाइक से घुमाते हुए एक होटल में ले गया, जहां करीब दो घंटे रुकने के दौरान शादी का भरोसा दिलाकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि अक्टूबर 2025 तक आरोपी उससे कई बार मिलता रहा और संबंध बनाता रहा, लेकिन हर बार शादी की बात टालता रहा। 12 जनवरी को जब उसने आखिरी बार शादी के संबंध में बात की, तो आरोपी ने उसे टाल दिया और मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। पीड़िता ने बताया कि कई बार संपर्क करने की कोशिश के बावजूद बात नहीं हो सकी, जिसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिवार के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। लसूड़िया पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

## रुपए के लेन-देन में फर्म मालिक को जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** इंदौर के सेतु इलाके में फर्म संचालक दुर्गेश जयसवाल ने व्यापारी विशाल पांडे उर्फ अप्पू के खिलाफ धमकाने का मामला दर्ज कराया। यह एफआईआर गुरुवार रात कोतवाली पुलिस ने दर्ज की। दुर्गेश ने धमकी के दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। पीड़ित ने कहा कि उसने अब तक करीब 70 लाख रुपए नकद और बैंक खातों के माध्यम से आरोपी को दिए, लेकिन आरोपी ने रकम फर्म के खातों में जमा नहीं की। आरोपी ने इसे ब्याज के नाम पर अपने पास रखा और लगातार अतिरिक्त पैसे की मांग करता रहा। दुर्गेश का कहना है कि आरोपी आए दिन फर्म पर पहुंचकर गाली-गलौज करता और धमकाता है। उसने कहा कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। वह परिवार की मानसिक स्थिति पर दबाव डाल रहा है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# द केरल स्टोरी की तर्ज पर इंदौर के डीएवीवी गर्ल्स हॉस्टल में साजिश

### फर्स्ट ईयर की लड़कियों की शिकायत पर जांच में काफी चौंकाने वाले खुलासे हुए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

द केरला स्टोरी की तर्ज पर डीएवीवी गर्ल्स होस्टल में साजिश की जा रही थी। यहां की 5 छात्राओं ने इस मामले में शिकायत की तो जांच में काफी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। फर्स्ट ईयर की छात्रा अपने साथ हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों को बॉयफ्रेंड बनाने के दबाव बना रही थी।

फर्स्ट इयर की लड़कियों से अक्सर सिगरेट और लाइटर भी मंगवाती थी। हर वक्त हॉस्टल में वीडियो कॉल पर लड़कों से अश्लील बातें करती थी और साथ में रहने वाली फर्स्ट ईयर की छात्राओं से कहती थी बॉयफ्रेंड बनाओ लाइफ एंजॉय करो नहीं तो मैं एक ऐप के जरिए बॉयफ्रेंड बनवा देती हूं उनके साथ घूमो और वीडियो कॉल पर बात करो। लगातार वो फर्स्ट ईयर की छात्राओं को गुमराह कर रही थी उन्हें बॉयफ्रेंड और




वीडियो कॉल पर बात करने के लिए उकसा रही थी। जांच में जो भी आरोप छात्राओं ने लगाए थे सभी आरोप सही पाए गए। जांच में शिकायत करने वाली 5 लड़कियों के अलावा 10 अन्य लड़कियों के भी मौखिक बयान लिए गए और उन्होंने भी कहा कि फर्स्ट ईयर की लड़की का व्यवहार ठीक नहीं है वह छात्राओं को अनुचित गतिविधियों के लिए लगातार उकसाने का काम कर रही है।

### तथ्य देख जांच कमेटी के हौश उड़े

जांच कमेटी की टीम के तो उस वक्त होश उड़ गए जब छात्रा के बैग की तलाशी के दौरान बेहद आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक टॉय मिले जिस पर भारत के अंदर बैन हैं। जांच कमेटी के तब हाथ पांव और फूल गए जब उन्हें ये पता चला छात्रा मूल रूप से पश्चिम बंगाल की है और विशेष वर्ग समुदाय से आती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई खुद हर एक एंगल से जांच पड़ताल में जुट हुए हैं। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर छात्रा के परिजनों को सूचना दी गई और एक सप्ताह के अंदर छात्रा को गर्ल्स हॉस्टल खाली करने का अल्टीमेटम भी दिया गया है। सवाल आखिर यही है आखिर क्यों छात्रा दूसरे धर्म की लड़कियों को बॉयफ्रेंड बनाने के लिए दबाव बना रही थी और आखिर वह किस ऐप पर लड़कों से बात करने के लिए लड़कियों को लगातार उकसा रही थी कहीं वह किसी डार्क वेबसाइट का इस्तेमाल तो नहीं कर रही थी लेकिन मामला गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली छात्रों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है।

## तीन महीने से डाइट पर 3 साल की मासूम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी टाइप- 2 बीमारी से ग्रसित 3 साल 2 महीने की मासूम अनिका शर्मा के पास इलाज का आखिरी मौका बचा है, अगर उसका वजन 13.5 किलो हो गया तो उसका इलाज हो पाना भी मुश्किल है। इसलिए उसे माता-पिता ने डाइट पर रखा है। तीन महीने से उसे खाना नहीं दिया।

माता-पिता भी जल्द से जल्द पैसे जुटाने में लगे हैं, ताकि अनिका का वक्त रहते इलाज करा पाए। अनिका को 9 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगना है, जो अमेरिका से आएगा। वहीं पैसा इकट्ठा करने के लिए माता-पिता रोज कई लोगों के साथ मिलकर क्राउड फंडिंग कर रहे हैं। क्राउड फंडिंग, डोनेशन मिलाकर अब तक 5 करोड़ 60 लाख रुपए इकट्ठा हो चुके हैं। बाकी पैसे जुटाने में परिवार लगा हुआ है।

अनिका की मां सरिता शर्मा ने बताया कि अनिका का वजन अभी 10.5 किलो है, जो इंजेक्शन है, वह 13.5 किलो के पहले लगना है। वजन ना बढ़े, इसके लिए अनिका को डाइट पर रखा है। अनिका को खाने में फ्रूट्स, जूस, चाय-बिस्किट और हलवा बनाकर देते हैं। रोटी, चावल या ऐसे फ्रूट्स नहीं देते, जिससे उसका वजन बढ़ जाए। ऐसी चीज देते हैं कि उसका पेट भर जाए। तीन महीने से अनिका को खाना नहीं दिया, ताकि इसका वजन कंट्रोल में रहे और बढ़े नहीं। बच्ची के इलाज के लिए मां ने चप्पल तक पहनना छोड़ दिया है। मां ने बताया कि दिल्ली एम्स अस्पताल से जो प्रिस्क्रिपशन बना है, उसमें इलाज के दो क्राइटेरिया दिए गए थे। एक ये कि अनिका को 2 साल की उम्र के पहले इंजेक्शन लगना था।

## रील बाज युवक पुलिस गिरफ्त में माफी मांगता रहा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सोशल मीडिया पर चाकू के साथ रील पोस्ट कर दहशत फैलाने की कोशिश एक युवक को महंगी पड़ गई। जिसमें विशाल पारिया नामक युवक ने इंस्टाग्राम पर चाकू लहराते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। बताया जा रहा है कि वीडियो का उद्देश्य अपने दोस्तों और क्षेत्र में रौब जमाना और दहशत फैलाना था। इस विवादित रील की जानकारी मिलने पर तुकोगंज थाना पुलिस ने गोमा पंचम की फैल क्षेत्र में भ्रमण और चेकिंग के दौरान आरोपी विशाल वारिया को एक चाकू के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी से इंस्टाग्राम पर डाली गई रील को डिलीट करवाया और इस तरह की पोस्ट डालने पर सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई।

## छत से गिरकर युवती घायल, युवक पर धक्का देने और छेड़छाड़ का आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के खजराना क्षेत्र में गुरुवार अलसुबह एक युवती पहली मंजिल की छत से गिरकर घायल हो गई। उसे उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में खजराना पुलिस ने युवती और उसके परिजनों के बयान दर्ज कर आरोपी अनिकेत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार युवती को उसके परिचित युवक अनिकेत उर्फ टिक्की ने फोन कर छत पर मिलने के लिए बुलाया था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले से जान-पहचान थी। युवती के परिजनों ने शिकायत में बताया कि बातचीत के दौरान अनिकेत ने युवती को अपने साथ चलने के लिए कहा। युवती के इंकार करने पर उसने अपशब्द कहे और मारपीट शुरू कर दी। युवती द्वारा शोर मचाने पर घर के सदस्य छत की ओर दौड़े। आरोप है कि इसी दौरान अनिकेत ने युवती को धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गया। रेलिंग के पास खड़ी युवती संतुलन बिगड़ने से पहली मंजिल से नीचे गिर गई। पीड़िता के पिता की शिकायत पर खजराना पुलिस ने अनिकेत उर्फ टिक्की के खिलाफ छेड़छाड़ और जान से मारने की नीयत से धक्का देने की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## 60 लीटर से ज्यादा शराब जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

खजराना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और विक्रय के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि पटेल नगर इलाके में एक घर से अवैध महुआ कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस ने पंटर भेजकर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी सुनीता राठौर को मौके से विधिवत गिरफ्तार किया गया। इंदौर की खजराना पुलिस ने पुलिस ने घर से 60 लीटर से अधिक अवैध महुआ कच्ची शराब, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है, जब्त की है। इसके साथ ही शराब बनाने में उपयोग की जा रही गैस भट्टी और लगभग 400 किलो कच्चा महुआ सहित अन्य सामग्री भी बरामद की गई। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध महुआ कच्ची शराब की खरीदी-बिक्री के अन्य स्रोतों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रुम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारूती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com